

■ भारत-यूरोपीय संघ का ध्यान अब एफटीए रक्षा सौदे पर : फ्रॉन डेर लायन-12



■ शेयर बाजार में गिरावट थमी सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,400 के पार-12




■ राज्यसभा में एलपीजी को लेकर हंगामा खरगे बोले सरकार दोषी-13



■ भारतीय खिलाड़ी सूर्यकुमार बोले- टेस्ट खेलना चाहूंगा लेकिन हाथ सेट है टी20 में -14

आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.21
सूर्यास्त 06.21


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी उपरांत 09:23 चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 17 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 111, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# गरीब को बिना आवास नहीं रहने देंगे : योगी

## मुख्यमंत्री ने शहरी 2.0 के तहत 90 हजार लाभार्थियों को 900 करोड़ की पहली किस्त जारी की

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

- **योगी ने कहा- लक्ष्य केवल मकान देना नहीं, बल्कि गरीबों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है मकसद**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के तहत प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 900 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी गरीब को बिना आवास के नहीं रहने दिया जाएगा। जिन माफियाओं ने वर्षों तक गरीबों का हक छीना और जमीनों पर कब्जा किया, अब उन्हीं जमीनों को मुक्त कराकर गरीबों के लिए घर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य केवल मकान देना नहीं, बल्कि गरीबों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है।



लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में रिमोट दबाकर पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के लिए किस्त जारी करते सीएम योगी।साथ में मंत्रिमंडल के उनके सहयोगी।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों में संवाद करने के बाद संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार प्रदेश की 25 करोड़ जनता को परिवार मानकर बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अब तक करीब 62 लाख परिवारों को आवास मिल चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले योजनाएं होने के बावजूद गरीबों तक उनका लाभ नहीं पहुंच पाता था, लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था और डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा रही है। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और आवास निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार गरीबों के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। आवास योजना के साथ लाभार्थियों को राशन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इससे गरीबों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

### माफिया से मुक्त जमीनों पर बनाए जाएंगे आवास


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि माफिया से मुक्त कराई गई जमीनों का उपयोग गरीबों के लिए आवास निर्माण में किया जाए। जिन लोगों के पास अपनी जमीन नहीं है, उनके लिए इन जमीनों पर हाईराइज आवासीय परियोजनाएं विकसित की जाएं। साथ ही निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए 75 प्रतिशत कार्य पूरा होते ही लाभार्थियों को दूसरी किस्त भी समय से उपलब्ध कराई जाए।

# ओडिशा में अस्पताल के आईसीयू में भीषण आग, 10 मरीजों की मौत

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा सरकार द्वारा कटक में संचालित एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में रविवार देर रात भीषण आग लगने से 10 मरीजों की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के दौरान अस्पताल के करीब 11 कर्मचारी झुलस गए। मुख्यमंत्री ने छह सदस्यों की एक जांच टीम बनाई है, जो आग लगने की वजह की जांच करेगी और आज शाम तक अपनी रिपोर्ट देगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, विकास आयुक्त डीके सिंह की अगुवाई में बनी जांच टीम एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जाएगी और आज शाम तक मुख्य सचिव को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। माझी ने बताया कि आग शायद शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एक अधिकारी ने बताया कि आग देर रात ढाई बजे से तीन बजे के बीच लगी और दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे व आग बुझाने के लिए अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आग लगने की घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष से प्रत्येक मृत व्यक्ति के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 25 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने घटना में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त कर घायलों के स्वस्थ होने की कामना की।



एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में जला पड़ा सामान।

- **कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगी थी आग, 11 कर्मी झुलसे**
- **मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा**

### आईसीयू और उससे सटे वार्ड में 23 मरीज थे भर्ती

मुख्यमंत्री माझी ने बताया कि और उससे सटे आईसीयू व वार्ड में 23 मरीज भर्ती थे। आग लगने से सात मरीजों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोगों की मौत दम घुटने से हुई। उन्होंने कहा कि अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू में आग लगी, जहां गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज किया जा रहा था। माझी ने इस मामले में न्यायिक जांच की भी घोषणा की और अग्निशमन सेवा के महानिदेशक को मामले की जांच करने तथा तुरंत उन्हें रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा।

**न्यूज ब्रीफ**

### विश्व बैंक ने उप्र में स्वच्छ वायु के लिए 30 करोड़ डॉलर कर्ज को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** विश्वबैंक ने सोमवार को उत्तर प्रदेश को स्वच्छ वायु बदलाव परियोजना के लिए लगभग 30 करोड़ डॉलर का ऋण देने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह कर्ज उत्तर प्रदेश सरकार की स्वच्छ वायु योजना को समर्थन देगा। यह राज्य की वायु गुणवत्ता में सुधार और युवाओं एवं महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए एकीकृत समाधान पर केंद्रित है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन कार्यक्रम (299 .66 करोड़ डॉलर) परिवहन, कृषि और उद्योग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्वच्छ वायु बदलाव पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिससे स्वच्छ वायु के लाभ अन्य राज्यों तक भी पहुंचेंगे।

### नाबालिग आदिवासी को शादी के लिए बेचने के मामले में 6 पर रिपोर्ट

**ठाणे।** भिवंडी से 15 वर्षीय एक आदिवासी लड़की का तौर पर अपहरण करके शादी का झांसा देकर मराठवाड़ा क्षेत्र के बीड जिले में एक व्यक्ति को बेचने के मामले में उसके पति और पांच अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ठाणे ग्रामीण के पुलिस अधिकारी ने बताया, पीड़िता का शोषण उसकी अत्यधिक गरीबी और माता-पिता की अनुपस्थिति के कारण हुआ। आरोप है कि 26 फरवरी को एक दलाल और उसके साथियों ने उसका अपहरण कर लिया था, जिन्होंने शादी कराकर बेहतर जीवन का वादा किया था, लेकिन बाद में उसे बीड के पाटोदा में एक बुजुर्ग व्यक्ति को बेच दिया।

# ईरान बोला- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खुला, पर दुश्मनों के लिए बंद

तेहरान/लंदन, एजेंसी

ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के दो सप्ताह बाद भी सोमवार को दोनों पक्षों में लड़ाई जारी रही। इजराइल ने जहां लेबनान में ईरान समर्थक हिजबुल्ला के ठिकानों पर बम वर्षा की वहीं, ईरान ने जवाबी हमले के रूप में इजराइल के अलावा पड़ोसी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और तेल अवसंरचना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को कहा कि होर्मुज मार्ग ईरान के दृष्टिकोण से खुला है, लेकिन उन देशों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है जिन्होंने ईरान के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रामकता की है। अराघची ने कहा कि ईरान अपनी रक्षा करने में किसी प्रकार की हिचकिचाहट नहीं रखता और आवश्यकता पड़ने तक युद्ध जारी रखेगा। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि वह ब्रिटेन को प. व्यापक युद्ध में घसीटे जाने की अनुमति नहीं देंगे। वह यूरोपीय सहयोगियों से मिलकर खाड़ी को खोलने के लिए एक व्यवहार्य योजना तैयार कर रहे हैं।



- **ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोले- वह पश्चिम एशिया के व्यापक संघर्ष में नहीं शामिल होंगे**

### जंग के बीच पहला भारतीय जहाज एलपीजी लेकर पहुंचा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण ईरान के निकट होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारत के 24 जहाजों में से एक एलपीजी टैंकर शिवालिक सोमवार शाम गुजरात में मुंद्रा बंदरगाह पहुंच गया, जबकि दूसरे एलपीजी टैंकर नंदादेवी के मंगलवार सुबह कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है। शिवालिक टैंकर पर 45 हजार टन एलपीजी लदी है और इसके आने से देश में एलपीजी की आपूर्ति और मजबूत होगी।

### होर्मुज में युद्धपोत तैनात करने वाले ट्रंप के बयान पर भारत का जवाब- अमेरिका से कोई बातचीत नहीं की गई

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को कहा कि उसने होर्मुज से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के सुरक्षित पारगमन को सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय वार्ता नहीं की है। विदेश मंत्रालय की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस जलमार्ग को खुला रखने के लिए युद्धपोत भेजने के आह्वान की पृष्ठभूमि में आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें इस बात की जानकारी है कि कई देशों में इस संबंधित मामले पर चर्चा हो रही है। हमने अभी तक द्विपक्षीय स्तर पर इस पर चर्चा नहीं की है। उनकी यह टिप्पणी इस सवाल के जवाब में आई कि क्या अमेरिका ने भारत से इस क्षेत्र में अपने युद्धपोत भेजने के लिए संपर्क किया था।

# भाजपा की बंगाल और केरल के लिए पहली सूची जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को 144 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। वहीं, केरल में 47 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सीट कोलकाता के भवानीपुर से नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। वह नंदीग्राम से भी चुनाव लड़ेंगे।



- **बंगाल में पहली लिस्ट में 144 नाम, केरल में 47 कैंडिडेट्स की घोषणा**
- **सुवेंदु को ममता की दोनों सीटों भवानीपुर और नंदीग्राम से टिकट**

बंगाल में पार्टी द्वारा जारी सूची के मुताबिक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से, बिमान महतो को सालबनी से और दक्षिण कोलकाता की रासबिहारी सीट से स्वपन दासगुप्ता को टिकट दिया गया है। भाजपा ने सुमिता सिन्हा को पूर्व मेदिनीपुर जिले के कांथी उत्तर से, बिमान घोष को हुगली जिले के पुरसुराह से और माधवी महलदर को दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली से मैदान में उतारा है। सूची के मुताबिक, अनिमा दत्ता को नदिया जिले के पलाशीपाड़ा से, जबकि लक्षिकांत साहू को झाड़ग्राम से टिकट दिया गया है।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने 2021 में हुए उपचुनाव में भवानीपुर से जीत हासिल की थी। बनर्जी विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं, जिसके बाद मुख्यमंत्री बने रहने के लिए उनका इस सीट से जीतना महत्वपूर्ण था। बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में 23 व 29 अप्रैल को मतदान होगा, मतगणना 4 मई को होगी।

### नीतीश कुमार और नितिन नबीन राज्यसभा के लिए निर्वाचित, तीन राज्यों में राजग का दबदबा

**नई दिल्ली।** बिहार के सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। बिहार, ओडिशा और हरियाणा में 11 सीट पर हुए चुनाव में सत्तारूढ़ राजग ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्यसभा की कुल 37 रिक्त सीट में से केवल बिहार, ओडिशा और हरियाणा की 11 सीट पर चुनाव हुए, जबकि बाकी सदस्य पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं। सोमवार रात घोषित परिणामों के अनुसार, राजग ने आठ सीट जीतीं, जिनमें एक उसके द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है, जबकि बीजद ने एक सीट हासिल की।

## थोक महंगाई 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** दाल, आलू, मछली जैसे खाने के सामान और अन्य वस्तुओं के दाम में तेजी से थोक मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर रही। हालांकि, मासिक आधार पर इस दौरान सब्जियों की कीमतों में नरमी आई। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में तेजी आई है। जनवरी में 1.81 प्रतिशत जबकि पिछले साल फरवरी में 2.45 प्रतिशत थी।

- **दाल, आलू, मछली जैसे खाने के सामान और अन्य वस्तुओं के दाम में तेजी से बढ़ी महंगाई**

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी रहती है, तो थोक महंगाई में और तेजी आ सकती है और इसका असर अन्य वस्तुओं (उर्वरक, एल्युमीनियम) पर भी पड़ेगा। इसका कारण यह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के अधिक करीब है। डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में खाद्य पदार्थों की महंगाई 2.19% रही, जबकि पिछले माह यह 1.55% थी।

# लहूलुहान होकर भी तेंदुए से लड़ा बहादुर किसान, रस्सी से बांधा

संवाददाता। धौरहरा/ खीरी

**अमृत विचारः** धौरहरा वन रेंज में मानव-वन्य जीव संघर्ष की घटना फिर सामने आई है। खेत में घुसे तेंदुए ने हमला किया तो घायल किसान उसे भिड़ गया। देर तक आमने-सामने की भिड़त के बाद किसान ने तेंदुए को काबू कर रस्सी से बांध लिया।

तेंदुए के हमले में घायल किसान अंशुल भार्गव (40) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फॉरेस्ट टीम ने तेंदुए को रेस्क्यू कर वन रेंज पहुंचा दिया है, जहां परीक्षण के बाद उसे फिर जंगल में छोड़ा जाएगा। ग्राम देवीपुरा निवासी अंशुल भार्गव सुबह के समय अपने खेत देखने तो उन्हें गेहूं की फसल से जानवर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। जैसे ही वह पास पहुंचे तो तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। घायल होने के बाद भी वह तेंदुए से लड़ते रहे और बांध लिया। पता होते ही तमाम लोग जुट गए और घायल किसान को इलाज के लिए भिजवाया। वन क्षेत्राधिकारी नृपेंद्र ने बताया कि तेंदुआ एक साल का है और भटककर गांव की ओर आ गया। वन रेंज में पशु चिकित्सक उसका स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। इस घटना के बाद वन टीमों ने इलाके की निगरानी बढ़ा दी है।



खेत में बंधा पड़ा तेंदुआ।



अंकुल भार्गव।

- **खीरी में देवीपुरवा के जंगल में हुई घटना, भटकते हुए खेतों में आ गया था तेंदुआ**

# आईएसआईएस से जुड़े होने के आरोप में बीडीएस का छात्र मुरादाबाद से गिरफ्तार

संवाददाता, मुरादाबाद/लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी एटीएस ने मुरादाबाद से बीडीएस के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। छात्र पर आतंकी संगठन आईएसआईएस के ऑनलाइन मॉड्यूल से जुड़े होने का आरोप है।

एटीएस के अनुसार गिरफ्तार छात्र हारिश अली मूलरूप से सहारनपुर का रहने वाला है और मुरादाबाद के एक संस्थान में बीडीएस द्वितीय वर्ष का छात्र बताया जा रहा है। एटीएस के मुताबिक हारिश अली कथित रूप से आईएसआईएस के हैंडलर्स के संपर्क में था और सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट्स बनाकर लोगों को आत्मघाती हमलों के लिए उकसाने का काम कर रहा था। एटीएस ने उसके कई इंस्टाग्राम अकाउंट्स को ट्रेस किया है, जिनके जरिए वह कथित रूप से मुस्लिम युवकों को ब्रेनवॉश कर आईएसआईएस से जोड़ने की कोशिश कर रहा था। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि हारिश अली ने अल इत्तेहाद मीडिया फाउंडेशन नाम से एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया था।



हारिश अली

- **एटीएस ने की कार्रवाई आरोपी मूल रूप से सहारनपुर का रहने वाला है**

### कई ग्रुप बनाए, करा रहा था युवकों की भर्ती

एटीएस जांच में सामने आया कि हारिश आईएसआईएस माड्यूल के हैंडलरों के सीधे संपर्क में था। उसने इंस्टाग्राम इनक्रिप्टेड एप सेशन व डिसकार्ड पर फर्जी नामों से वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के माध्यम से समर्थित ग्रुप बनाए। इन ग्रुप के माध्यम से कट्टरपंथी युवकों को आईएसआईएस में भर्ती किया जा रहा था। हारिश ग्रुपों में आईएसआईएस की मीडिया चैनलों की पत्रिकाओं, प्रचार-प्रसार की सामग्रियों, आतंकी विचारधाराओं व मारे गए आतंकियों के चित्र, वीडियो व आडियो, आतंकियों को महिमा मंडित कर साझा किया जाता था।

**नसीहत** सुप्रीम कोर्ट ने कहा– हरित आवरण के मुद्दे पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता

# हरियाली की जरूरत सिर्फ दिल्ली को है ... बदलनी होगी सोच

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली रिज से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह सोच बदलनी होगी कि केवल राष्ट्रीय राजधानी को ही हरियाली की जरूरत है और अन्य राज्यों पर इसका कम असर पड़ता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने टिप्पणी की कि हरित आवरण के मुद्दे पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।



अरावली पर्वत श्रृंखला का ही एक विस्तार रिज दिल्ली में स्थित है और यह एक पथरीला, पहाड़ी और वन क्षेत्र है। प्रशासनिक कारणों से इसे चार क्षेत्रों दक्षिण, दक्षिण-मध्य, मध्य और उत्तर में विभाजित किया गया है जो लगभग 7,784 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हुए हैं। पीठ ने कहा, हमें यह सोच बदलने की जरूरत है कि राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते केवल दिल्ली को हरियाली की जरूरत है और बाकी शहरों को नहीं। इस मामले में अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर ने उच्चतम न्यायालय के 11 नवंबर के फैसले का हवाला दिया, जिसमें केंद्र को दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड (डीआरएमबी) को वैधानिक दर्जा देने और इसे रिज और ''मॉर्फोलॉजिकल रिज'' से संबंधित सभी मामलों के लिए एकल-खिड़की प्राधिकरण बनाने का निर्देश दिया गया था। तब न्यायालय ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3(3) के तहत औपचारिक रूप से डीआरएमबी का गठन करने का निर्देश दिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान, केंद्र की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि पिछले साल एक दिसंबर को डीआरएमबी के गठन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई थी।

### जंगल और हरित क्षेत्रों के प्रबंधन पर गठित समितियों का मांगा विवरण

पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह हलफनामा दाखिल कर रिकॉर्ड पर यह विवरण पेश करे कि जंगलों और हरित क्षेत्रों के प्रबंधन तथा पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को देखने के लिए वैधानिक या गैर-वैधानिक समितियों का गठन कैसे किया गया है। न्यायालय ने कहा कि हलफनामे में उन वैधानिक ढांचों पर भी स्पष्टीकरण होना चाहिए जिनके तहत विभिन्न निकायों का गठन किया गया है। पीठ ने कहा कि हलफनामा दो सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए और उसके बाद मामले की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान, पीठ को बताया गया कि विभिन्न समितियां राष्ट्रीय राजधानी और पूरे देश में हरित आवरण के मुद्दे पर गौर कर रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 17 मार्च से

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : आठ खेल विधाओं की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 17 मार्च से 19 मार्च तक सुबह 10 बजे सुदामा प्रसाद विद्यास्थली हथौड़ा में सम्पन्न होगी। जिला कीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया की ओर से जारी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव नरेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि 17 मार्च को जुडो एवं एथलीट, 18 मार्च को बॉलीवाल, सापक टापरा, कबड्डी 19 मार्च को बास्केटबॉल, हैंडबॉल, एवं हॉकी का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता सुदामा प्रसाद वनस्थली में सुबह 10 बजे से आयोजित होंगी। जिसमें जूनियर वर्ग के बालक बालिका जिनकी आयु 18 वर्ष से कम हो एथलीट के लिए आयु 20 वर्ष से कम होना आवश्यक है। विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा पुरुस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। महासचिव नरेंद्र त्यागी ने आगे कहा कि यह खिलाड़ियों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के सुनहरा अवसर है। अधिक से अधिक खिलाड़ियों एवं विधालयों को इसमें प्रतिभाग करना चाहिए। विनय गुप्ता ने कहा कि जिला ओलम्पिक संघ पूर्ण सहयोग करेगा।

### छुट्टा गोवंश और बंदरों से किसान परेशान

**तिलहर, अमृत विचार** : छुट्टा गोवंश और बंदरों से फसलों को हो रहे नुकसान से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। सोमवार को तमाम गांवों के लोग तहसील पहुंचे और समस्या के समाधान की मांग उठाई। गोपी सिंह चौहान ने कहा कि ढकिया रघा, धमनपुर, बरहा मोहब्बतपुर, बिरसिंहपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में आवारा गोवंश और बंदरों की संख्या काफी बढ़ गई है। इनके झुंड किसानों की सैकड़ों बीघा फसल नष्ट कर रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि गोवंश के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्था कराई जाए और बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग की ओर से अभियान चलाया जाए। साथ ही जिन किसानों की फसल नष्ट हुई है, उसका सत्यापन कराकर उन्हें मुआवजा दिलाया जाए।

### घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : लखीमपुर खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव कंधरापुर निवासी 50 वर्षीय महेंद्र कुमार 07 मार्च की शाम सात बजे साइकिल से अपने गांव जा रहे थे। पसगंवा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गए थे। अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# महानगर में बनेगा संवाद केंद्र विद्युत शवदाह गृह और सड़कें

## स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 108.55 करोड़ रुपये मंजूर, जल्द जारी होंगे टेंडर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** महानगर में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बड़े विकास कार्यों का रास्ता साफ हो गया है। नगर निगम क्षेत्र में संवाद केंद्र, विद्युत शवदाह गृह, नाला कवर कर सड़क निर्माण, स्मार्ट गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, आईसीसीसी, सीसीएमएस, सामुदायिक केंद्र और रैन बसेरे जैसी कई परियोजनाओं के लिए 108.55 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके साथ ही राज्य सेक्टर के तहत 22.69 करोड़ रुपये से पांच मुख्य नालों का निर्माण भी कराया जाएगा। इन योजनाओं की जानकारी वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया जल्द शुरू कराई जाएगी।



जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

- **वित्त मंत्री ने पत्रकार वार्ता कर दी जानकारी, 22.69 करोड़ से बनाए जाएंगे नाले**

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को कैंट स्थित शहीद संग्रहालय में मेयर अर्चना वर्मा, नगरायुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर नगरायुक्त एसके सिंह के साथ पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत रेती रोड पर संवाद केंद्र बनाया जाएगा। चिनौर में विद्युत शवदाह गृह स्थापित होगा। मिशन स्कूल से हनुमतधाम रोशनगंज तक और ब्रजविहार कालोनी से अक्षरधाम कालोनी तक नाला कवर करते हुए सड़कें बनाई जाएंगी। इसके अलावा स्मार्ट गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, आईसीसीसी की स्थापना और सात वर्ष का अनुरक्षण-संचालन, नगर निगम की पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए सीसीएमएस, लालपुर में सामुदायिक केंद्र और राजकीय मेडिकल कॉलेज के पास रैन बसेरा भी बनाया जाएगा। मंत्री ने बताया कि शहर की जल निकासी व्यवस्था सुधारने के लिए पांच बड़े नाला निर्माण कार्य भी मंजूर हुए हैं। इनमें दुर्गा होटल से बस अड्डा होते हुए महिला थाने के पास निगोही रोड मोड़ तक आरसीसी ह्यूम पाइप डालने का कार्य, शाहबाजनगर निर्गाही रोड पंचपीर तिराहे से चांदनी पुलिया नाले तक, रेती रोड पर ग्रीन वैली स्कूल चौराहे से सेटेलाइट बस अड्डे के पास बरेली बाईपास तक, बरेली मोड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास से अकर्रा पुलिया तक और वार्ड नंबर 46 में तारीन टिकली तिराहा सागर स्वीट्स से ककरा रोड पुरानी रेलवे लाइन तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहर को जलभराव, सफाई, सड़क संपर्क और सार्वजनिक सुविधाओं के मोर्चे पर बड़ी राहत मिलेगी। नगर निगम क्षेत्र में कई सामुदायिक भवन और बारात घरों की योजनाएं भी संचालित, निर्माणाधीन और प्रस्तावित हैं, जिनसे स्थानीय स्तर पर सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

**यह होंगे विकास कार्य :** रेती रोड पर संवाद केंद्र का निर्माण 214.41 लाख में, चिनौर में विद्युत शवदाह गृह 381.06 लाख से, मिशन स्कूल से हनुमतधाम रोशनगंज तक नाला कवर करते हुए सड़क निर्माण कार्य 1785.11 लाख से, ब्रजविहार कॉलोनी से अक्षरधाम कालोनी तक नाला कवर करते हुए सड़क निर्माण कार्य 2458.55 लाख से, स्मार्ट गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण 991.40 लाख से, आईसीसीसी की स्थापना व सात वर्ष का अनुरक्षण और संचालन कार्य 3500.00 लाख से, सीसीएमएस, नगर निगम द्वारा संचालित पथ प्रकाश बिंदुओं के लिए 1000.00 लाख, सामुदायिक केंद्र, लालपुर 300.00 लाख, रैन बसेरा 225.00 लाख,योग के लिए 10855.53 लाख खर्च होंगे। वहीं दुर्गा होटल के पास से बस अड्डा होते हुए महिला थाने के पास निगोही रोड मोड़ तक आरसीसी ह्यूम पाइप डालने का कार्य 122.20 लाख से, वार्ड नं. 30 शाहबाजनगर निर्गाही रोड पंचपीर तिराहे से चांदनी पुलिया नाले तक सड़क के बांयी ओर आरसीसी नाला निर्माण कार्य 299.32 लाख से, रेती रोड पर ग्रीन वैली स्कूल चौराहे के पास से सेटेलाइट बस अड्डे के पास बरेली बाईपास तक सड़क के दांयी ओर आरसीसी नाला निर्माण कार्य 247.07 लाख, बरेली मोड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास से अकर्रा पुलिया तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य 608.80 लाख और वार्ड नंबर 46 तारीन टिकली तिराहा सागर स्वीट्स से ककरा रोड पुरानी रेलवे लाइन तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य 992.52 लाख से होगा।

## साहित्य अकादमी में किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश की ओर से भोपाल में आयोजित बाल साहित्य राष्ट्रीय संगोष्ठी में जिला के वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ. नागेश पांडेय संजय ने वैश्वीकरण के दौर में भारतीय बाल साहित्य के अनुवाद की संभावनाएं विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनके बीज वक्तव्य को खूब सराहना मिली। संगोष्ठी में अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने डॉ. नागेश को सम्मानित किया।

कृष्ण कुमार अष्ठाना की स्मृति में आयोजित हुई संगोष्ठी विश्व की सर्वाधिक प्रसारित बाल पत्रिका देवपुत्र के संपादक रहे कृष्ण कुमार अष्ठाना की स्मृति में आयोजित इस संगोष्ठी में विभिन्न राज्यों के सौ से अधिक विद्वानों ने भाग लिया। डॉ. नागेश पांडेय संजय की अब तक 55 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनके बाल साहित्य पर अनेक शोध कार्य हुए हैं और उनकी रचनाओं का अनेक भाषाओं में अनुवाद भी हुआ है। इस उपलब्धि पर जिला के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।



भोपाल में राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मानित होते डॉ. नागेश पांडेय संजय।

## नशे में धुत नेत्र परीक्षक का हंगामा, वीडियो वायरल

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** खुटार सीएचसी में तैनात नेत्र परीक्षक हरिकेश कुमार (संविदा कर्मी) ने शराब के नशे में जमकर हंगामा काटा। लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। खुटार सीएचसी प्रभारी गौरव सक्सेना ने इस मामले में जांच रिपोर्ट विभाग के अधिकारियों को भेज दी है। माना जा रहा है कि नेत्र परीक्षक हरिकेश कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर तबादला की तलवार लटक गई है। सोमवार रात तक तबादला होने की आशंका है।

खुटार बंडा रोड पर रविवार शाम 7:30 बजे सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए थे। घायलों को खुटार सीएचसी ले जाया गया था। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. महेंद्र पाल ने घायलों का इलाज किया। लेकिन रात 8:23 बजे नेत्र परीक्षण अधिकारी कक्ष में नेत्र परीक्षक हरिकेश कुमार शराब के नशे में अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे। अस्पताल में मौजूद लोगों को आवाज सुनाई दी तो मौके पर पहुंचे जहां कक्ष में शराब के नशे में धुत थे।

लोगों के पूछने पर नेत्र परीक्षक अभद्रता करने लगे। लोगों ने मोबाइल फोन में वीडियो बनाकर वायरल कर दी। काफी हंगामे के बाद नेत्र परीक्षक मौके से खिसक गए। लोगों ने बताया कि अस्पताल में नेत्र परीक्षक हरिकेश कुमार की ड्यूटी नहीं थी। फिर भी कक्ष में बैठे थे। जबकि शराब पीकर हंगामा किया। जिम्मेदारों की लापरवाही से अस्पताल में आने वाले मरीजों व तीमारदारों को इसका खामियाजा भुगतान पड़ता है। उधर, लोगों ने इसकी शिकायत खुटार सीएचसी प्रभारी गौरव सक्सेना व अधिकारियों को दी।



शराब के नशे में कुर्सी पर बैठे नेत्र परीक्षक हरिकेश कुमार।

> अधिकारियों ने नेत्र परीक्षक के शराब के नशे में हंगामा करने की जानकारी मिली है। उच्च अधिकारियों को सूचना भेज दी गई है। साथ ही नेत्र परीक्षक के तबादला की संस्तुति की गई है। उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> – **डॉ. गौरव सक्सेना**, सीएचसी प्रभारी खुटार

- **खुटार सीएचसी का मामला, लोगों से की अभद्रता**
- **सीएचसी प्रभारी ने भेजी अधिकारियों को रिपोर्ट**

# घरेलू गैस सिलिंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पश्चिम एशिया में तनाव के चलते यहां घरेलू गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं। बुकिंग के 15 दिन बाद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। उपभोक्ताओं ने जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र भेजकर गैस सिलेंडर समय से उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

- **जिला पूर्ति अधिकारी को भेजा पत्र, गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग**

जिला पूर्ति अधिकारी को भेजे गए पत्र में अमानत उल्ला खां ने कहा कि उन्होंने कई बार ऑनलाइन गैस बुक करने की कई बार कोशिश की लेकिन अभी तक उनकी गैस बुक नहीं हुई। रोजाना सभी तरह से बुक करने के लिए नंबर लगाते हैं। मगर सफलता नहीं मिली। उनके घर में शादी भी होने वाली है। ऐसे में उनकी समझ नहीं आ रहा है कि गैस की समस्या किस तरह से हल होगी।

कृष्ण कुमार ने बताया कि गैस एजेंसी पर बुकिंग कराई थी। अभी तक उनके यहां गैस सिलेंडर नहीं पहुंचा। दिलीप आनंद ने बताया कि 8 मार्च को उन्होंने बुकिंग कराई थी। ककरा के शकील ने बताया कि उनकी गैस कई दिन पहले बुक हुई थी। लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला। कई बार उन्होंने गैस एजेंसी के चक्कर लगाए लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अली जई के आफताब आलम बब्बन का कहना है कि उन्हें 15 दिन सिलेंडर बुक कराए हो गए। कई बार एजेंसी के चक्कर लगाए लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं दिया जाता। डिलीवरी ब्वॉय ने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया है। मुकेश कुमार का कहना था कि एजेंसी से कनेक्शन धारकों को सिलेंडर देने में परेशान किया जाता है। जबकि बिना कनेक्शन के आसानी से सिलेंडर उपलब्ध हो जाता है। गैस बुकिंग की समस्या ज्यादा बनी हुई है। इसी के चलते ग्राहकों को परेशानी हो रही है। कुछ ही दिन में गैस वितरण समस्या का समाधान हो जाएगा।




सत करतार गैस एजेंसी पर गैस बुक न होने की समस्या की शिकायत करते उपभोक्ता।

### बुकिंग पर्ची लेने को विंडो पर मची रही मारामारी

**तिलहर, अमृत विचार** : इंडियन गैस एजेंसी पर बीते कई दिनों से गैस सिलेंडर बुक कराने पहुंचे उपभोक्ताओं को भारी अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। एजेंसी पर महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था न होने से दोनों को एक ही लाइन में लगना पड़ रहा है, जिससे महिलाओं को खास तौर पर परेशानी उठानी पड़ रही है। एजेंसी की एक विंडो पर केवाईसी के लिए महिला और पुरुष एक साथ लाइन में लगे दिखे, जबकि दूसरी विंडो पर गैस सिलेंडर बुक होने की पर्ची लेने के लिए मारामारी जैसी स्थिति बनी रही। गैस की जरूरत और भीड़-भाड़ के बीच महिलाओं को लंबे समय तक लाइन में खड़े रहने के साथ पुरुषों के बीच असहजता भी झेलनी पड़ रही है। मुस्लिम समाज की रोजेदार महिलाओं को भी इस अव्यवस्था के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात संभालने के लिए पुलिस विभाग की ओर से एक सुरक्षाकर्मी तैनात किया गया है, लेकिन आरोप है कि वह सिर्फ कुर्सी पर बैठा रहा और व्यवस्था सुधारने में कोई खास भूमिका नहीं निभाई। गैस एजेंसी के बाहर बने इन हालातों को लेकर स्थानीय प्रशासन भी मूकदर्शक बना हुआ है।

## रोजा इफ्तार में रमजान की फजीलत पर डाली रोशनी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** फैक्ट्री स्टेट स्थित मस्जिद गुलजार में मस्जिद कमेटी की ओर से रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें ओसीएफ के रोजेदार मुस्लिम कर्मचारी में शामिल हुए।

फैक्ट्री मस्जिद के इमाम हाजी मुजीब खां ने रमजान की फजीलत पर रोशनी डाली। मगरिब की अजान होते ही लोगों ने पिन खजूर से रोजा इफ्तार किया। इस मौके पर ओसीएफ के अधिकारी, हाफिज अनीस अहमद, मस्जिद के सरपरस्त हाजी अबुल हसन, पूर्व जनरल सेक्रेटरी हदीस अली आदि मौजूद रहे।

# घरेलू गैस सिलिंडर का प्रयोग करने पर दो दुकानदारों पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** दुकान में सिलिंडर से रिफिलिंग करते समय टीम ने छापा मारा और गैस सिलिंडर, छोटे सिलिंडर और रिफलिंग का उपकरण बरामद किए। इधर, कटरा पुलिस ने एक प्रतिष्ठान पर छापा मार कर घरेलू गैस सिलिंडर से समोसा आदि बनाते हुए पकड़ लिया। दोनों दुकानदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

- **छापा मारकर दुकान से गैस सिलिंडर और रिफलिंग के उपकरण किए बरामद**
- **पुलिस ने दुकान में घरेलू गैस सिलिंडर से समोसा बनाते समय छापा मारा**

लखीमपुर खीरी के कोतवाली सदर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी आलोक कुमार सिंह ने रामचंद्र मिशन में दी गई तहरीर में बताया कि पूर्ति निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। रविवार को सूचना मिली कि पक्के पुल के निकट मां संतोषी देवी मंदिर के सामने मोहल्ला दलेलगंज में सड़क पर स्थित शटरयुक्त गैस चूल्हे दुकान में महेश चंद्र निवासी मंघईटोला थाना रामचंद्र मिशन के द्वारा गैर रिफलिंग का कार्य किया जा रहा है।

पूर्ति निरीक्षक टीम के साथ महेश चंद्र की दुकान पर छापा मारा। दुकान के अंदर घरेलू गैस सिलिंडर से गैस रिफलिंग की जा रही है। दुकान के अंदर घरेलू दो गैस सिलिंडर, छोटे सिलिंडर, रिफलिंग का उपकरण आदि बरामद किए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुकानदार महेश चंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इधर, मुरादाबाद के गांव पाठंगी निवासी मनीष यादव ने कटरा थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि वह पूर्ति निरीक्षक के पद पर है। उन्होंने रविवार की दोपहर बाद जलालाबाद रोड पर खैरपुर चौराहे पर सैनी स्वीट्स हाउस पर छापा मारा। प्रतिष्ठान पर दो घरेलू गैस सिलिंडर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के मिले। प्रतिष्ठान पर समोसा और खोया बनाया जा रहा था। उन्होंने गैस सिलिंडर, रेगूलेटर और पाइप को कब्जे में ले लिया। कटरा पुलिस ने प्रतिष्ठान स्वामी सूरज कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रही गैस

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** गैस की किल्लत के बीच भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने इंडेन गैस एजेंसी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं की जानकारी के बिना ही सिलेंडर डिलीवर दिखाए जा रहे हैं, जबकि कई लोगों को बुकिंग के बाद भी गैस नहीं मिल रही है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री चंद्रकांता त्रिवेदी ने बताया कि सोमवार को वह अपना गैस सिलेंडर बुक कराने के लिए तिलहर इंडेन गैस एजेंसी पहुंचीं तो कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि उनका सिलेंडर दो मार्च को ही डिलीवर हो चुका है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें सिलेंडर मिला ही नहीं तो डिलीवरी कैसे दिखा दी गई। उनका कहना है कि ऐसी कार्यशैली से सरकार की छवि खराब हो रही है और इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी। भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण मंडल महामंत्री मीना शर्मा ने बताया कि उन्होंने एक मार्च को सिलेंडर बुक कराया था, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला। उपभोक्ताओं का कहना है कि घर-घर गैस पहुंचाने की योजना का मकसद महिलाओं को धुएं से राहत देना था, लेकिन मौजूदा हालात में कई परिवारों के सामने फिर पुरानी परेशानी खड़ी हो गई है।

- **सिलेंडर डिलीवरी पर महिला मोर्चा ने उठाए सवाल**

# स्वच्छ भारत मिशन की राह में कचरे का अंबार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन अभियान की तस्वीर तिलहर में उलटी नजर आ रही है। नगर क्षेत्र से सटे नेशनल हाईवे और गांवों को जाने वाले लिंक मार्गों के किनारे नगर पालिका का कचरा खुलेआम डाला जा रहा है। कचरे की वजह से रास्ते से गुजरने वाले लोगों को भीषण दुर्गंध और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी बढ़ने से स्थानीय लोगों में बीमारियां फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

करोड़ों रुपये की लागत से बनाया गया एमआरएफ सेंटर भी हालात नहीं बदल सका है और वह शोपीस बनकर रह गया है। नगर पालिका विभाग की ओर से नगर क्षेत्र के कचरे के निस्तारण के लिए नेशनल हाईवे से सटे गांव फिरोजपुर में करोड़ों रुपये खर्च कर एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया गया था, लेकिन इसके बाद भी कचरा सड़कों के किनारे फेंककर नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। नगर से करीब 500 मीटर की दूरी पर नवीन गल्ला मंडी के सामने और वहां से करीब 200 मीटर आगे चीनी मिल को जाने वाले रास्ते के किनारे नगर पालिका का कचरा खुलेआम डाला जा रहा है। जैतीपुर, राजनपुर समेत अन्य गांवों को जाने वाले मार्गों के किनारे पड़े गड्ढों को भी इसी कचरे से पाटा जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत रैली, स्लोगन की पट्टिकाएं, वाल पेंटिंग और गोष्ठियों पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन यहां विभाग के कर्मचारी खुद ही सड़कों के किनारे गंदगी फैलाते नजर आ रहे हैं। इन रास्तों से गुजरने वाले लोगों को जहां बदबू और गंदगी झेलनी पड़ रही है, वहीं स्थानीय लोगों में संक्रामक रोग फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। अव्यवस्था के बारे में जानकारी लेने के लिए अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश से संपर्क किया गया, लेकिन फोन की घंटी बजने के बाद भी कॉल रिसीव नहीं की गई। वहीं नगरपालिका के सफाई निरीक्षक राजीव कुमार का फोन सोमवार को स्विच ऑफ मिला।



तिलहर में हाईवे और लिंक मार्ग किनारे पड़ा नगर कचरा। • अमृत विचार

- **नगर से सटे हाईवे और लिंक मार्गों पर खुलेआम डाला जा रहा कचरा**
- **बदबू और बीमारी की आशंका बढ़ी एमआरएफ सेंटर बना शोपीस**

### ब्रांड एम्बेसडर ने जताई नाराजगी

नगरपालिका के स्वच्छ भारत मिशन अभियान की ब्रांड एम्बेसडर और भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी सविता वर्मा ने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि सड़कों के किनारे कचरा डाला जा रहा है तो यह गलत है। वह इस मुद्दे पर अधिशासी अधिकारी और सफाई निरीक्षक से वार्ता कर इसे बंद कराएंगी।



सविता वर्मा

## लावारिस शव का अन्तिम संस्कार कराएगा धर्मार्थ ट्रस्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री भूतेश्वर नाथ मंदिर, शमशान भूमि मरघट धर्मार्थ ट्रस्ट की बैठक शमशान भूमि मरघट पर संपन्न हुई। जिसमें संत समाज ने एक स्वर में निर्णय लिया कि आर्थिक स्थिति से कमजोर अथवा लावारिस लाशों का अन्तिम संस्कार विधिवत सनातन संस्कृति के अनुसार कराया जाएगा। जिसमें पूजन सामग्री लकड़ी आदि समस्त प्रकार का खर्चा समिति वहन करेगी।

ट्रस्ट के महंत योगी प्रमोद नाथ ने डीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि इस कोई भी लावारिश लाश मरचरी में आती है। जिसका कोई वारिस नही होता है। ऐसी परिस्थिति में जिला प्रशासन हमें अवगत कराए। हमारी समिति मरचरी से शमशान भूमि तक की समस्त व्यवस्था सम्पन्न कराएगी।

## न्यूज डायरी



### पुलिस भर्ती के प्रश्न पत्र पर जताई नाराजगी, सौंपा ज्ञापन

**पुवायां, अमृत विचार** : ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोगों ने सोमवार को संयुक्त ब्राह्मण परिषद के बैनर तले नगर के पक्का तालाब पर एकत्र होकर पैदल मार्च निकाला। इसके बाद क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में अवसरवादी शब्द के विकल्प के रूप में पंडित शब्द का प्रयोग किया गया है, जिससे ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। समाज के लोगों ने इस पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस मामले में अनावश्यक या अनर्गल कार्रवाई न की जाए। इस दौरान अभय मिश्रा, राजेश शुक्ला, गोपाल अग्निहोत्री, शिव कुमार मिश्रा समेत ब्राह्मण समाज के कई लोग मौजूद रहे।



### अमित शाह से मिले सांसद विकास कार्यों पर की चर्चा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सांसद अरुण सागर ने गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। दिल्ली पहुंचकर सांसद ने संसद भवन स्थित कार्यालय में उनसे मुलाकात की। इस दौरान शाहजहांपुर में हो रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि गृहमंत्री से तमाम विकास कार्यों के मुद्दों पर बात हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नेतृत्व में देश में चारों ओर विकास तेज गति से चल रहा है। मुलाकात करीब आधे घंटे तक चली, जिसमें सांसद और गृहमंत्री के बीच विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान गृहमंत्री ने शाहजहांपुर में होने वाले विकास कार्यों के बारे में पूछा। सांसद ने कहा कि शिष्टाचार भेंट के दौरान विकास कार्यों को लेकर गहन चर्चा हुई।



### रोजेदारों ने की मुल्क की खुशहाली की दुआ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : मुकद्दस रमजान में रोजा इफ्तार की दावत का सिलसिला बना हुआ है। समाज के विभिन्न वर्गों के लोग अपने करीबी लोगों और दोस्तों को अपने घर दावत पर बुलाकर रोजा इफ्तार करा रहे हैं। इसी कड़ी में महानगर के व्यापारी नेता व समाजसेवी हाजी सुल्तान अहमद खां ने अपने खलील शरकी स्थित आवास पर रोजा इफ्तार दावत का इंतजाम किया। इस दौरान रोजे की फजीलत बयान की गई और इफ्तार कराने के सवाब का जिक्र किया गया। इफ्तार से पहले मुल्क में अमन चैन की दुआ की गई। रोजा इफ्तार में नाजिम खां, मुईन सफदर खां, वकार अहमद, हाजी इकरार मोहम्मद अंसारी, मोहम्मद रफी, शहरोज़ अहमद खान, शाहरुख अहमद खां, रिजवान खान, शाहरुल अहमद खां, अजहान अहमद खान, शाहजैन अहमद खां आदि मौजूद रहे।



### चराई मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, किया पूजन

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार** : होली पर्व के बाद पड़ने वाले दूसरे सोमवार को गांव भर गवां चौराहा पर स्थापित मां दुर्गा मंदिर पर चराई मेला लगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया और पूजा-अर्चना की। इसके बाद गांव बरेंग जाने वाले संपर्क मार्ग और पास के बाग में लगे मेले में लोगों ने खेल-खिलौने, मिठाई, मिट्टी के बर्तन, चाट-पकौड़ी और बिसातखाना की दुकानों पर जमकर खरीदारी की। मेले में लगे झूलों पर बच्चों की खास भीड़ रही और उन्होंने खूब आनंद लिया। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# ट्रैक्टर पर बैठा श्रमिक गिरा, मौत चालक के खिलाफ एफआईआर

## खुटार-पूरनपुर मार्ग पर गुरुद्वारा के समीप हुआ हादसा, मची चीख पुकार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर पर बैठा श्रमिक झटका लगने से नीचे गिर गया और पहिये से दबकर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेज दिया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

खुटार के गांव हंसपुर निवासी फूलमती ने बताया कि उनका पति राजकुमार (45) गांव के ही लवदीप सिंह के पास मजदूरी करता था। लवदीप सिंह ने पीलीभीत के कस्बा सेहरामऊ उत्तरी के गांव गढ़वाखेड़ा से पुराना कल्टीवेटर खरीदा था। रविवार शाम 5 बजे पति लवदीप सिंह के साथ ट्रैक्टर से कल्टीवेटर लेने गए थे। रात करीब साढ़े 8 बजे वापस घर लौट रहे थे। खुटार-पूरनपुर मार्ग पर लौहंगापुर जंगल में गुरुद्वारा के समीप ट्रैक्टर का झटका लगा और वे नीचे गिर गए। इससे ट्रैक्टर से दबकर पति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को जनपद लखीमपुर खीरी के निजी अस्पताल में ले गए। यहां इलाज के दौरान घायल राजकुमार की रविवार रात ग्यारह बजे मौत हो गई। सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। परिजनों ने चालक पर लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने का आरोप लगाया है। उधर, आरोप में घिरे लवदीप सिंह ने बताया कि खुटार के लौहंगापुर जंगल में गुरुद्वारा के पास कल्टीवेटर की फाल सड़क पर गिर गई थी। तभी राजकुमार सड़क पर फाल उठाने चला गया था। इस बीच तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे में राजकुमार घायल हो गया और अस्पताल में मौत हो गई। इधर, सोमवार सुबह सूचना पाकर पुलिस गांव पहुंची। जहां परिजनों से घटना के बारे में सूचना जानकारी ली। परिजनों ने चालक लवदीप सिंह पर लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने का आरोप लगाकर तहरीर दी। बाद में पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम भेज दिया और तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राजकुमार की पत्नी फूलमती, बेटा अमित, बेटी अंजलि व अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

राजकुमार की पत्नी फूलमती ने बताया कि उसके पति मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। मजदूरी से मिलने वाली राशि से घर का खर्च चलता था। रविवार रात को पति सड़क हादसे में घायल हो गए और देर रात अस्पताल में उनकी मौत हो गई। इससे रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि राजकुमार की पत्नी की तहरीर पर टैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना के बारे में जानकारी कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। जांच के बाद कार्यवाई होगी।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने की पूछताछ। ● अमृत विचार



राजकुमार।

### पुलिस ने ट्रैक्टर कब्जे में लिया

सड़क हादसे में गांव हंसपुर निवासी राजकुमार की मौत के मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है और चालक लवदीप सिंह से पूछताछ की गई। परिजनों का आरोप है कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है, लेकिन चालक को गिरफ्तार नहीं किया है। केवल ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है। हालांकि, पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कलान, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र के एक मोहल्ले में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार मोहल्ला श्रीनगर के एक मकान में किशोरी को ले जाकर गंगानगर निवासी आर्यन और सूर्य नगर निवासी पीयूष यादव ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कहीं निकलने की फिराक में हैं। इसके बाद एसआई मनोज उपाध्याय, कांस्टेबल बसु आर्य और जितेंद्र की टीम ने सोमवार तड़के करीब 3:15 बजे धर्मपुर गांव से 400 मीटर आगे आंधीदेई रोड पुलिया के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### कार खाई में पलटी, 10 लोग घायल

**जलालाबाद, अमृत विचार :** रविवार की रात करीब एक बजे जलालाबाद-कटरा मार्ग पर अतिवरा गांव के सामने घटना घटी है। औरैया जिले से हरिद्वार कार जा रही थी। चालक ने कार को सड़क पर खड़ी पिकअप से साइड से निकालने का प्रयास किया। कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में जाकर पलट गयी। चालक होरीलाल समेत कार में दस लोग सवार थे। घायल शैलेंद्र, रामरतन, रोहित, विमलेश, हर्ष, शिवा, प्रेमा देवी, शिवा पुत्र सोनू निवासी नुनारी जिला औरैया घायल हो गए। घायलों को सीएचसी भी भेजा गया। घायलों की मलहम पट्टी करने के बाद छुट्टी कर दी।

### मस्जिद तुर्रे बाज खां में कुरआन मुकम्मल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** महानगर के मोहल्ला मोहम्मद जई स्थित मस्जिद तुर्रे बाज खां में 26वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल हुआ। इस मौके पर कुरआन सुनाने वाले हाफिज मुहम्मद सुब्हान रजा को नकद इनाम और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मस्जिद को विद्युत झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जश्न का आगाज मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद आमिर रजा ने तिलावत ए कुरआन से किया। मुख्य अतिथि मुफ्ती राहिल रजा मरकजी रहे। हाफिज मुहम्मद सुब्हान रजा व इमाम हाफिज मोहम्मद आमिर रजा को गुलपोशी कर नकद इनाम व तोहफे देकर सम्मानित किया।

# सफाईकर्मी और चिकित्सक की बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली क्षेत्र निवासी सफाई कर्मचारी राधा कृष्ण ने शनिवार की सुबह 8 बजे ड्यूटी पर आए। सफाई कर्मचारी ने मेडिकल कालेज परिसर में नई बिल्डिंग में अन्य खड़ी बाइकों के पास अपनी बाइक लाक करके खड़ी कर दी। वह काम करने के लिए चले गए। सफाई कर्मचारी दोपहर बाद अपने बाइक लेने के लिए गए तो बाइक गायब मिली। कैमरे एक युवक कंधे पर अगौछा डाले घूम रहा था। वह कई बार बाइक के पास गया और इधर-उधर देखता था। वह बाइक पर बैठ गया और हैंडिल का लाक तोड़ दिया। चोर बाइक लेकर चंपत हो गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कैमरे की फुटेज के आधार पर बाइक चोर की तलाश की जा रही है। इधर सिंधौली कस्बा में क्लीनिक संचालन करने वाले डा लालजीत वर्मा रविवार की शाम साप्ताहिक बाजार में सामान की खरीददारी करने के लिए गए। उन्होंने एक स्थान पर बाइक खड़ी कर दी। वापस आकर देखा तो बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने बताया कि चोर शीघ्र पकड़ा जाएगा।

# पीरु गांव में करंट लगने से महिला की जान गई

संवाददाता सिंधौली/तिलहर

- पति के साथ खेत पर गई थी महिला, एचटी लाइन का तार टूटकर महिला पर गिरा

**अमृत विचार:** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव पीरु निवासी 36 वर्षीय फूलवती पत्नी रामजी सोमवार की दोपहर करीब बारह बजे अपने पति के साथ पशुओं के लिए खेत पर चारा लेने गई थीं। खेत से 11 हजार की लाइन गुजर रही थी। अचानक तेज हवा के कारण बिजली का तार टूटकर महिला के ऊपर गिर गया।



फूलवती।

फूलमती अचानक टूटे बिजली के तार चपेट में आ गयी। वह करंट से झुलस गयी। महिला ने शोर मचाया तो उसका पति और गांव वाले दौड़कर आए और बिजली की लाइन बंद कराने का प्रयास किया, लेकिन इससे पहले महिला की करंट लगने से मौत हो गयी। घटना के बाद दर्जनों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए तथा बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के तार काफी समय से जर्जर था। जिसकी शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से की गयी थी। बिजली विभाग ने जर्जर तारों को बदलने की जररुत नहीं समझी थी। मृतका के पति का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण उसकी पत्नी की करंट से मौत हुई है। मृतका के पति ने सिंधौली थाना पर सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। मृतका के परिवार में पति सहित पुत्र अभिषेक साजन हैं। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि करंट की चपेट में आने से महिला की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ससुराल वालों ने महिला को घर से निकाला, शिकायत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान क्षेत्र में ससुराल वालों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। महिला ने ससुराल वालों से पशु की बिक्री के रुपये मांगे थे। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया निवासी रामकुमार ने कलान थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसने पुत्री संतोषा देवी की शादी कई साल पहले कलुआपुर गांव में की थी। उसकी बेटी के सात बच्चें है। शनिवार की शाम उसे सूचना मिली कि ससुराल वालों ने बहु को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया है। उसने बताया कि उसकी पुत्री ने ससुराल वालों से पशुओं की बिक्री के रुपये मांग लिए थे। उसकी पुत्री का पता नहीं चला है। थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा ने बताया कि तहरीर मिल गयी है और महिला की तलाश करायी जा रही है।

# गेस्ट हाउस व सड़क निर्माण की मांग

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद पुवायां के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर खुटार रोड स्थित सिंचाई विभाग की भूमि पर गेस्ट हाउस निर्माण कराने और क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद पुवायां के कार्यालय के निकट खुटार रोड पर सिंचाई विभाग की गाटा संख्या-691 की लगभग 0.60 एकड़ भूमि स्थित है। इस भूमि के कुछ हिस्से पर पहले से कुछ लोगों के आवास बने हुए हैं, जबकि शेष भूमि खाली पड़ी है। नगर पालिका द्वारा समय-समय पर उक्त स्थान की साफ-सफाई कराई जाती है, लेकिन आसपास के लोग वहां कूड़ा-कचरा डाल देते हैं, जिससे भूमि का उचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए यहां गेस्ट हाउस का निर्माण कराए जाने से भूमि का बेहतर उपयोग हो सकेगा।



पालिका अध्यक्ष।

इसके साथ ही उन्होंने पुवायां क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण की भी मांग की है। पत्र में बताया गया कि शाहजहांपुर रोड से पलिया तक पुवायां होकर हाईवे का निर्माण कराया जा रहा है। इस दौरान पुवायां क्षेत्र में ग्राम बड़ागांव से ग्राम धारा तक बाईपास का निर्माण किया गया है। बाईपास बनने के कारण बड़ागांव से धारा तक पुवायां की सीमा के अंदर से गुजरने वाली पुरानी सड़क क्षतिग्रस्त होने के बावजूद उसका निर्माण नहीं कराया गया है। उन्होंने बताया कि यह सड़क सैकड़ों गांवों के लोगों के आवागमन के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन जर्जर हालत के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि उक्त सड़क के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर को निर्देशित किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके और क्षेत्र का विकास हो सके।

# खेत में जानवर घुसने को लेकर विवाद, दो घायल

**परौर, अमृत विचार:** ग्राम बोझी निवासी दिलशाद ने थाना परौर पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने गेहूं के खेत की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान गांव के मुशर्रफ ने अपने जानवर उसके खेत में घुसा दिए। जब दिलशाद ने इसका विरोध किया और जानवर हटाने को कहा तो आरोप है कि मुशर्रफ गाली-गलौज करने लगा। दिलशाद के मुताबिक शोर-शराबा सुनकर मुशर्रफ के परिजन जलील, अरबाज और बानो बेगम भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट-फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार :** पुलिस को रविवार शाम करीब साढ़े 7 बजे गांव राजनपुर में दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने हालात काबू में किए और घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजा।

वहां से राजबहादुर समेत सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घायल राजबहादुर ने अपने हाथ की उंगली में गोली लगने की बात बताई थी। सोमवार को वीरेंद्र कुमार पुत्र रामकिशन की तहरीर पर गांव के विद्यासागर, धर्मवीर, राजपाल, प्रभु दयाल, कृष्ण कुमार, राम अवतार, राम चरण, लिटिल और भारतेंदु कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि सभी आरोपी रविवार शाम जायज-नाजायज असलाह लेकर उसके घर के बाहर पहुंचे और हवाई फायरिंग करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार के लोगों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। गांव में इस झगड़े को लेकर प्रधानी चुनाव की रंजिश और होली के दिन विद्यासागर व रविंद्र कुमार के बीच हुए विवाद को भी वजह माना जा रहा है। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### हसिंया से हमला कर पति को किया घायल

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम रुकनपुर में पत्नी पर हंसिया से हमला कर पति को घायल करने का आरोप लगा है। घायल राहुल राठौर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी को चार वर्ष हो चुके हैं। आरोप है कि उसकी पत्नी आए दिन मायके में बात कर घर में विवाद करती रहती है। राहुल का कहना है कि एक बच्चा होने के बाद भी पत्नी अपने बहनोई से बात करती रहती है और समझाने के बजाय उसे उसके खिलाफ उकसाया जाता है। इसी बात को लेकर सोमवार सुबह करीब सात बजे पत्नी ने हंसिया से उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद राहुल ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल का मेडिकल कराया जाएगा। यदि जांच में हंसिया से हमला होना सही पाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# भाईचारा बनाने का संदेश देता है होली का पर्व

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कश्यप महासभा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज क्रीड़ा मैदान खिरनी बाग में कश्यप राजपूत समाज समिति से सम्बद्ध अखिल भारतीय कश्यप महासभा की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेंद्र कश्यप ने अपने संबोधन में बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया। बिना शिक्षा के विकास नहीं हो सकता। होली का पर्व आपस में भाईचारा बनाने का संदेश देता है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद आंवला बरेली धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि बुरी आदतों से बचना चाहिए। समाज शिक्षित होगा, तभी आगे बढ़ेगा। अनुशासन और शिष्टाचार बहुत आवश्यक हैं। विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार खन्ना जी समाज की तरक्की के लिए शिक्षा का महत्व बताया। कहा कि सरकार द्वारा प्राइमरी, जूनियर विद्यालय ग्रामीण अंचल में संचालित किए। बच्चों को निशुल्क ड्रेस, किताबें, जलपान की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा की गई। संगठन के जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र कश्यप, डॉ. सुची कश्यप, डॉ. रामप्रकाश कश्यप, राजेश कश्यप, राजीव कश्यप, प्रेमचंद कश्यप, कैलाशनाथ कश्यप, जगदीश चंद्र कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# होली रंग ही नहीं प्रेम का संदेश देने वाला पर्व



कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना को स्मृति चिन्ह देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सरस्वती विघा मंदिर में पूर्वांचल महासभा समिति का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि होली का पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं अपितु समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सरसकता का संदेश देने वाला पर्व है।

नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र ने कहा कि होली पर अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं को सहेजने का अवसर प्रदान करता है।

दूरदर्शन कलाकार अनुष्का यादव, अखिल यादव, सुबोध, शान यादव आदि ने ढेढ़ पूरबिया अंदाज में भोजपुरी गीत सुनाया। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए शुभकामनाएं दी। पूर्व में कैबिनेट मंत्री ने दीप प्रज्जवल किया। मुख्य अतिथि और मंचासीन अतिथिकों अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। पूर्वांचल महासभा समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्र ने अतिथि और मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम में कृष्ण यादव, रुपेश रावत, अनित मौर्य, कमलेश यादव, ओम प्रकाश, राजेश सिंह, विपुल प्रसाद, सुनीत तिवारी, परमात्मा सिंह, विश्वनाथ मिश्र, मुकेश परिहार आदि मौजूद रहे।

### सपा का होली मिलन समारोह आयोजित

**परौर, अमृत विचार :** कटरा विधानसभा क्षेत्र के परौर क्षेत्र के कौही गांव स्थित श्री शेर बहादुर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समाजवादी पार्टी की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम पूर्व विधायक राजेश यादव के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नेता, कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। समारोह में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी मेलजोल का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगतपाल सिंह यादव ने की। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुचि कश्यप और पूर्व विधायक राजेश यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। समारोह में पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू यादव, रामकुमार भोजवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नीलेश यादव, देवेंद्र सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य डॉ. वीरेंद्र सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुमन यादव, नीरज यादव, रक्षपाल सिंह, प्रमोद कुमार, विक्की प्रधान, राहिल खान, आदित्य यादव, गौरव सिंह, अखिलेश यादव और अजय शाक्य समेत समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसीजेएम ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लीगल एड क्लीनिक का रजिस्टर चेक किया

**अमृत विचार :** सोमवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष कुमार सिंह ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।

सचिव सिंह ने बैरक नं0 10, 11 एवं अस्पताल बैरक का निरीक्षण किया। बैरक नं0 10 में बंदी जीशान पुत्र शमशाद, मनोज कुमार पुत्र श्री कृष्ण, गोविन्द पुत्र बाल मुकुन्द आदि ने बताया कि उनकी जमानत हो चुकी है, परन्तु जमानतदार नहीं हैं। बैरक नं0 11 में बंदी संजय पुत्र खजान सिंह ने बताया गया कि उनके पास पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हैं, जिस पर सचिव ने जेलर को निर्देश दिए कि वे इन बन्दियों के प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें, जिससे उनकी पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता नियुक्त किया जा सके। निरीक्षण में सचिव ने जिला कारागार में संचालित लीगल एंड क्लीनिक का रजिस्टर भी चेक किया। तथा उचित साफ-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जेलर राम नरेश गौतम, डिप्टी जेलर राघवेन्द्र एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद अफजल आदि उपस्थित रहे।

# सीएचसी में बांटी गई पोषण पोटली

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचार :** उड़ान एक उम्मीद संस्था ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दूसरा कार्यक्रम सिंधौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाकर आयोजित किया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने लोगों को टीबी के लक्षण, इलाज, बचाव और पोषण से जुड़ी जरूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले डेढ़ वर्ष से हर माह टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध करा रही है। इस बार शिविर में दस मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। नीलम गुप्ता ने कहा कि मरीजों के स्वस्थ होने पर संस्था को अलग तरह की खुशी मिलती है और उनकी संस्था टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आगे भी हर माह इस तरह के शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें जागरुकता कार्यक्रम के साथ जरूरतमंद मरीजों को पोषण पोटली दी जाएगी।

कार्यक्रम में संस्था की उपाध्यक्ष रेखा मोदी, सचिव सोनिया गुप्ता, सहसचिव रश्मि गुप्ता और कोषाध्यक्ष नीति गुप्ता मौजूद रहीं। इसके अलावा डीटीओ ओमेंद्र राठौर, डीपीसी सिद्धार्थ गुप्ता, डीपीपीएमसी आरती सिंह, डीपीसी अशोक दीक्षित, एसटीएस अनुराग कठेरिया, एलटी संजीव यादव और डॉ. सलोनी टंडन सहित अन्य लोगों ने सहयोग दिया।




टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित करती उड़ान एक उम्मीद संस्था की टीम।

# अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल 21 को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल 21 मार्च को होगा। जिन क्रिकेट खिलाड़ियों ने अंडर-19 ट्रायल फॉर्म उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की वेबसाइट पर भरा था और शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन में चालान फॉर्म और फीस जमा की है। उन क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल 21 मार्च को कृभको फर्टिलाइजर मैदान पर प्रातः 8:00 बजे से शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला क्रिकेट कोऑर्डिनेटर डॉ मनोज यादव ने दी है।

# 211 हिंदू व 40 मुस्लिम जोड़े एक दूजे के हुए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत ओसीएफ रामलीला मैदान कैन्ट में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में 251 जोड़ों का विवाह कराया गया। इनमें 211 हिंदू और 40 मुस्लिम नवयुगल शामिल रहे। समारोह में मौजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवदंपतियों को सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहे। इसके अलावा महापौर अर्चना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष भावलखेड़ा और निगोही, छावनी परिषद सभासद अवधेश कुमार दीक्षित, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. इंदू अजनबी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में खंड विकास अधिकारी भावलखेड़ा, ददरौल, नगर पंचायत खुदागंज, नगर पंचायत कटरा के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के नरेंद्र देव, तुषार, सुधीर पाल, प्रशांत, सौरभ कुमार सिंह और अन्य कर्मियों का सहयोग रहा।



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवदंपतियों को आशीर्वाद देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शामिल हुए 58 जोड़े

**खुदागंज, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में विकास क्षेत्र खुदागंज की ग्राम पंचायतों से ढाई सौ से अधिक लाभार्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन लक्ष्य कम होने के कारण केवल 58 जोड़े ही योजना में शामिल हो सके। इससे बड़ी संख्या में ऐसे आवेदकों को निराशा हाथ लगी, जो योजना का लाभ लेने की उम्मीद लगाए हुए थे। योजना में शामिल न हो पाने वाले लोगों में मायूसी देखी गई। संबंधित अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि लक्ष्य कम होने की वजह से सभी आवेदकों को सामूहिक विवाह योजना में शामिल नहीं किया जा सका।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में निकाला मशाल जुलूस

## यूटा के बैनर तले खिरनी बाग रामलीला मैदान पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते दर्जनों शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वर्तमान में कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टीईटी अनिवार्य किए जाने से असंतुष्ट शिक्षकों ने सोमवार को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के बैनर तले खिरनी बाग रामलीला मैदान पर एकत्रित होकर जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार एवं जिला महामंत्री हरिशंकर के नेतृत्व में खिरनीबाग मैदान से शहीद पार्क तक मशाल जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। इस दौरानआरटीई एक्ट 2009 लागू होने के पूर्व से सेवा दें रहे शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर आवाज बुलंद की।

यूटा जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा अधिकार अधिनियम 29 जुलाई 2011 को लागू हुआ था। उससे पूर्व के नियुक्त अध्यापकों को अधिनियम में टीईटी से छूट प्रदान की गई थी, लेकिन अगस्त 2017 में केंद्र सरकार ने अध्यादेश संशोधन कर सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया। जिला महामंत्री हरिशंकर ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश से देशभर के 25 लाख और प्रदेश में करीब दो लाख शिक्षकों के समक्ष नौकरी बचाने का संकट भी खड़ा हो गया है। इससे प्रदेशभर के शिक्षक आंदोलित हैं। इस दौरान संयुक्त महामंत्री अवनीश कुमार सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मसरूफ अली ने कहा कि संगठन शिक्षकों के न्याय की लड़ाई सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ेगा। मशाल जुलूस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष चंदन वर्मा, दीपक कुमार पाल, जबर खान, संगठन मंत्री अमित यादव, जिला ऑडिटर जगपाल, जिला मंत्री राघवेंद्र कुशवाहा, जिला लेखाकार सोनपाल वर्मा, जिला सह संगठन मंत्री राम अवतार सिंह, जैनेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष बंडा बसंत कुमार, ब्लॉक महामंत्री बंडा पंकज यादव, ब्लॉक बंडा कोषाध्यक्ष रघुवीर प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य सिंह चौहान, उपाध्यक्ष हर्ष कुमार, ब्लॉक तिलहर से ब्लॉक अध्यक्ष विकास गंगवार, ब्लॉक महामंत्री मनोज कुमार, ब्लॉक कोषाध्यक्ष रामप्रसाद गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, अंजू सिंह अंजू शर्मा, मुमताज, अरविंद कुमार सिंह, संदीप सिंह आदि सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।

## पंचायत के बाद सौंपा गया छह सूत्रीय ज्ञापन

**पीलीभीत, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन भानू की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत सोमवार को तहसील सदर परिसर में हुई। सदर तहसील क्षेत्र अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर ने इसकी अध्यक्षता की।

एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह को छह सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। नंदकिशोर राठौर ने कहा कि सदर तहसील क्षेत्र में किसानों को अंश निर्धारण और शिकायतों का फर्जी निस्तारण एक समस्या बनी हुई है। छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए किसान परेशान है। तहसील कोर्ट के चक्कर लगाना पड़ रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष बाबूराम वर्मा ने कहा कि तहसील परिसर में आगंतुकों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। इंडियामारका हैंडपंप खराब हैं। निर्मल प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्राम पंचायत मीरपुर में गांव के बीचों बीच हाईवोल्टेज लाइन चल रही है। ग्रामीणों को इससे खतरा है। सुखलाल गंगवार ने मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र परिवारों को लाभ दिलाने की मांग रखी। इस मौके पर सुरेश कुमार पासवान, सेवाराम, ओमप्रकाश, पवन सिंह, सुंदरलाल, धर्मपाल वर्मा, हरिनंदन, हरप्रसाद मौर्य, सोहनलाल शुक्ला, नारायणलाल,निशा देवी, वेदवती आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने कार्रवाई के लिए एडी को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दवा चोरी प्रकरण में एक फार्मासिस्ट हुआ था गिरफ्तार चीफ फार्मासिस्ट है फरार

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में दवा चोरी के प्रकरण में सीएमओ ने बरेली मंडल बरेली अपर महानिदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार को चीफ फार्मासिस्ट जयदीप बंसल के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है। आरोपी चीफ फार्मासिस्ट ने डियूटी से गायब रहने का पत्र तबीयत ठीक न रहने का प्रभारी चिकित्सा प्रभारी को पत्र डाक से भेजा है।

इधर, कोतवाली पुलिस फार्मासिस्ट मोहम्मद जुबेर अली को गिरफ्तार करके चालान कर चुकी है। जबकि आरोपी चीफ फार्मासिस्ट पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

बता दे कि एक जून 2024 को मेडिकल कालेज में सुरक्षा गार्डों ने चिकित्सा उपकरणों से भरी पिकअप पकड़ी थी। तत्कालीन सीएमएस डा नेपाल सिंह ने 14 जून को चीफ फार्मासिस्ट जयदीप बंसल, फार्मासिस्ट मोहम्मद जुबैर अली, नंद किशोर, अज्ञात चालक के खिलाफ चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जांच में काटन, ड्रिप, बैडिज आदि मिलने की पुष्टि हुई थी। चौक कोतवाली पुलिस इस मामले को दबाए बैठी हुई। मीडिया कर्मियों ने प्रभारी मंत्री के सामने यह मुद्दा रखा तो चौक कोतवाली पुलिस ने 27 फरवरी को फार्मासिस्ट मोहम्मद जुबैर अली को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था। आरोपी चीफ फार्मासिस्ट जयदीप बसंल 28 फरवरी से बिना सूचना दिए डियूटी से गायब थे। भावलखेड़ा सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा समीर कुमार ने 10 मार्च को नोटिस देकर ड्यूटी न आने का कारण पूछा था। चीफ फार्मासिस्ट ने शनिवार को डाक के माध्यम से पत्र भेजा कि स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण डाक्टर ने आराम करने के लिए कहा है। सीएमओ डा विवेक कुमार मिश्रा ने बताया चीफ फार्मासिस्ट ने तबीयत ठीक न होने का पत्र भेजा। उन्होंने बताया कि बरेली मंडल बरेली अपर निदेशक स्वास्थ्य को कार्रवाई के लिए पत्र भेज दिया है।

## माला रेंजर से संचालक ने की अभद्रता

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बीते दिनों पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के एक अभिलेख में कूटरचित हस्ताक्षर पाए जाने का मामला प्रकाश में आया था। जिसके बाद से टाइगर रिजर्व प्रशासन सतर्क हो गया है। इसको लेकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे इलाकों में बले रिसॉर्ट-होटलों को सूचीबद्ध करते हुए उनके अभिलेख आदि की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में करीब चार दिन पूर्व माला रेंज के रेंजर रॉबिन सिंह टीम के साथ रेंज से सटे इलाके में बने एक रिसॉर्ट की जांच करने पहुंचे थे। चूंकि यह रिसॉर्ट टाइगर रिजर्व के इको सेंसटिव जोन में बना हुआ है। ऐसे में रेंजर ने रिसॉर्ट संचालक से रिसॉर्ट से संबंधित विभागीय एनओसी एवं अन्य अभिलेख दिखाने को कहा। बताते हैं कि इस पर रिसॉर्ट संचालक बुरी तरह भड़क उठा और रेंजर से अभद्रता करने लगा। कहासुनी के साथ मामला मारपीट की नौबत तक आ पहुंचा। बताते हैं कि स्थिति बिगड़ती देखकर रेंजर और उनकी टीम वापस लौट आई। बताते हैं कि यह रिसॉर्ट बनाने में वन विभाग, जिला पंचायत से भी कोई अनुमति नहीं ली गई है। फिलहाल विभाग की ओर से इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

# प्रवेश व पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 तक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सत्र में सेमेस्टर एवं मेरिट आधारित व प्रमाणपत्र कार्यक्रमों को छोड़कर ओडीएल एवं ऑनलाईन कार्यक्रमों में प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि 30 मार्च तक बढ़ा दी है। इसके साथ ही ही पुनः पंजीकरण के लिए सेमेस्टर आधारित कार्यक्रमों को छोड़कर विलम्ब शुल्क 200 रुपये के साथ अन्तिम तिथि 30 मार्च तक बढ़ा दी गई है।

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि इग्नू मुक्त, दूरस्थ एवं डिजिटल मोड से उच्च शिक्षा प्रदान करने का एक अग्रणी केन्द्रीय विश्वविद्यालय है और ऐसे कोई अभ्यर्थी जो उच्च शिक्षा के माध्यम से अपने ज्ञान और कौशल का सम्वर्धन करना चाहते हैं, वे इग्नू में प्रवेश लेकर अपने करियर एवं भविष्य को नई ऊंचाई प्रदान कर सकते हैं। बताया कि इग्नू के माध्यम से कोई भी 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम, तीन वर्षीय ऑनर्स स्नातक कार्यक्रम व तीन वर्षीय बहुविषयक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में स्नातक उपाधि में प्रवेश ले सकते हैं। इग्नू के पाठ्यक्रमों से घरेलू महिलायें, कामकाजी लोग एवं युवा अभ्यर्थी प्रवेश लेकर अपने करियर को बेहतर दिशा प्रदान कर सकते हैं। उन्होनें यह भी बताया कि इग्नू ने जनवरी सत्र में अरबी, रूसी, फ्रेंच तथा स्पेनिश भाषा में परास्नातक कार्यक्रमों को भी ऑफर किया है, जिनके माध्यम से इच्छुक अभ्यर्थी नई भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, शाहजहांपुर के समन्वयक डॉ. प्रभात शुक्ल ने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्यदिवस में प्रवेश सम्बन्धी जानकारी अध्ययन केंद्र पर आकर ले सकते हैं।

## मगरमच्छ के हमले में युवक घायल हालत गंभीर

**पीलीभीत, अमृत विचार:** खेत पर जा रहे युवक को नदी पार करते वक्त मगरमच्छ ने हमला कर घायल कर दिया। उसे मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। न्यूरिया क्षेत्र के गांव हाशिमपुर के रहने वाले राजेंद्र कुमार का नदी के पार खेत है।

सोमवार सुबह वह खेत पर सरसों की फसल काटने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में नदी पार करते वक्त मगरमच्छ के हमले में घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बचाया। परिजन भी पहुंच गए। आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल भर्ती कराया है।

# शिक्षक की पाती अभियान अब 23 मार्च से

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- टीईटी अनिवार्यता खत्म कराने को शिक्षकों ने बढ़ाया अभियान
- ब्लॉक स्तर पर बीआरसी पहुंच शिक्षक लिखेंगे पोस्टकार्ड

**अमृत विचार :** टीईटी अनिवार्यता खत्म कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का आंदोलन तेज हो गया है। महासंघ के जिला संयोजक और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकांत पांडेय ने बताया कि पूरे प्रदेश में शिक्षक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को पोस्टकार्ड भेजकर शिक्षक की पाती अभियान चला रहे हैं।

पहले इस आंदोलन का प्रथम चरण 16 मार्च तक तय किया गया था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 23 मार्च तक कर दिया गया है।


कलान क्षेत्र में पाती पोस्ट करते शिक्षक।


डाकघर में पोस्टकार्ड डालते शिक्षक।

उन्होंने बताया कि जूनियर शिक्षक संघ, अटेवा, बीटीसी शिक्षक संघ, टीएससीटी और एससीएसटी शिक्षक संघ समेत सभी शिक्षक संगठन इस आंदोलन में सक्रिय हैं। सभी संगठनों की सहमति से राष्ट्रीय संयोजक मंडल ने शिक्षक की पाती अभियान को एक सप्ताह और बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस सप्ताह सभी शिक्षक संगठन ब्लॉक स्तर पर सामूहिक रूप से बीआरसी पर पहुंचकर पोस्टकार्ड लिखेंगे और उन्हें डाकघर के लेटर बॉक्स में डालेंगे। इसके लिए जिला से 5000 पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य रखा गया है। अटेवा के जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा, बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य और प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित ने शाहजहांपुर के मुख्य डाकघर में पोस्टकार्ड डाक पेटी में डालकर अभियान की शुरुआत की। साथ ही सभी शिक्षक संगठनों के ब्लॉक अध्यक्षों और मंत्रियों को पोस्टकार्ड लिखवाने के लिए ब्लॉकों पर शिक्षकों की बैठक बुलाकर अभियान को सफल बनाने की कार्ययोजना भी बनाई गई।

# पहले दिन 4901 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


सोमवार को रोटी गोदाम स्कूल में परीक्षा देते छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के समस्त परिषदीय विद्यालयों में परीक्षा आयोजित कराई गई। कंपोजिट विद्यालय रोटी गोदाम के प्रधानाचार्य इमरान सईद ने बताया कि सोमवार को प्राथमिक कक्षाओं की मौखिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों की प्रथम पाली में बेसिक क्राफ्ट कृषि एवं गृह विज्ञान तथा द्वितीय पाली में खेलकूद/स्काउट गाइड की लिखित परीक्षा संपन्न हुई।

नगर के कुल 6156 में 4901 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। रोटी गोदाम मे 336 बच्चों मे 259 बच्चे सम्मिलित हुए। बच्चों को रसोइया, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों तथा दूरभाष पर बुलाने का प्रयास किया गया। मंगलवार को गणित विषय की परीक्षा होगी। परीक्षा सम्पन्न कराने मे खुशबू सबूर, कहकशां शाही, राजकुमारी वर्मा, नीलम, जया सक्सेना आदि शामिल रहे। खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार ने परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के संबंध में निर्देश दिए गए कि अभिभावकों से समस्त बच्चों को विद्यालय बुलवाकर परीक्षा में बैठाएं। परीक्षा पूर्ण एवं कार्यक्रम के अंतर्गत कराई जाए। इस दौरान बच्चों को मिड डे मील भी दिया जाये। परीक्षा का लेखा विद्यालय मे सुरक्षित रखें और परीक्षाओं के बाद मूल्यांकन एवं रिज़ल्ट तैयार कर निर्धारित समयावधि मे वितरण किया जाये।

# संदिग्ध हालात में झोपड़ी में लगी आग, सामान जला

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में अकोड़ा गांव में तालाब के किनारे पड़ी झोपड़ी में आग लग गई। हादसे में काफी सामान जल गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू किया गया।

क्षेत्र के ग्राम अकोड़ा निवासी लालाराम सक्सेना गांव के बाहर तालाब के किनारे झोपड़ी डालकर रहते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह करीब तीन बजे झोपड़ी में किसी ने आग लगा दी। हादसे में बिस्तर बर्तन अनाज कपड़े चारपाई समेत काफी सामान जल गश्या। दो हजार रुपये भी जल गए। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू किया गया। हादसे की सूचना राजस्व विभाग को दी गई है।


हादसे की जानकारी देता पीड़ित। ● अमृत विचार

# पूर्व कर्मचारी ने रेस्टोरेंट में लगाई आग, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नौकरी से निकाले जाने पर पूर्व कर्मचारी रंजिश मान बैठा और रेस्टोरेंट में आग लगा दी। जानकारी पर रेस्टोरेंट संचालक के परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। पीड़ित ने लाखों का नुकसान होने का अनुमान लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी रॉबिन मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका संजय नगर कॉलोनी में रेस्टोरेंट है। शनिवार रात करीब 12 बजे एकता नगर कॉलोनी निवासी पूर्व कर्मचारी संजीव ने नौकरी से निकाले जाने से नाराज होकर रेस्टोरेंट में आग लगा दी। इस दौरान भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। रेस्टोरेंट संचालक ने बताया कि आग लगने से दस लाख का नुकसान हो गया है। यह भी बताया कि संजीव उनके रेस्टोरेंट में कारीगर था और अक्सर नशे में ग्राहकों से अभद्रता करता था। इसी के चलते उसे नौकरी से हटा दिया था। तभी से वह रंजिश मान रहा था और घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांशीराम की जयंती पर हुई विचार गोष्ठी



बुद्ध विहार में कांशीराम की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में मौजूद शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** प्रांतीय अनुसूचित जाति-जनजाति बेसिक शिक्षक संघ जिला शाहजहांपुर के तत्वावधान में पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार पर कांशीराम जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में वक्ताओं ने कांशीराम के जीवन, संघर्ष और सामाजिक बदलाव में उनके योगदान को याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मगरे लाल ने कहा कि कांशीराम व्यवस्था के पीड़ितों को एकजुट कर असमानता खत्म करना चाहते थे।

जिला महामंत्री विश्राम सिंह ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की ओर से दिलाए गए अधिकारों को आगे बढ़ाने और समाज तक पहुंचाने में कांशीराम के संघर्ष की बड़ी भूमिका रही। अरविंद सिंह टाइगर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर, प्रांतीय मीडिया प्रभारी ब्रजेश कुमार वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष राजीव कुमारी वर्मा, लालमन गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष तिलहर अरविंद वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सम्राट ने किया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली। 9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



**इफ्तार** 17 मार्च
सुन्नी : 06.28
शिया : 06.36

**सहरी** 18 मार्च
सुन्नी : 04.57
शिया : 04.51

नोट : क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### नईम शास्त्री के नेतृत्व में इस्लामनगर में हुआ सामूहिक रोजा इफ्तार

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक नईम शास्त्री के नेतृत्व में इस्लामनगर में सामूहिक रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया। रोजा इफ्तार से पहले लोगों ने देश में अमन, शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए दुआ मांगी। वक्ताओं ने कहा कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारा और इंसानियत का संदेश देता है और ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करने का काम करते हैं। कार्यक्रम के दौरान रोजेदारों के लिए खजूर, फल, शरबत व अन्य व्यंजनों के साथ इफ्तार की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर फहीम शास्त्री, समीर शास्त्री, गुड्डू सैफी, नफीस जीलानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बेटे का हाथ तोड़ा, समझौते के रुपये मांगने पर की अभद्रता

**बितरोई, अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव पारवाला निवासी सरवती पत्नी सुरेश दिव्यांग हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के रहने वाली एक लड़की ने उनके पांच साल के बेटे जगजीत के साथ मारपीट की। जिससे उसका हाथ टूट गया है। गांव के प्रधान ने पंचायत कराकर समझौता कराकर फैसला करा दिया। कहा कि उन्हें इलाज के लिए रुपये मिल जाएंगे। वह बेटे का इलाज निजी चिकित्सक से करा रही हैं। अब रुपये मांगने पर दूसरा पक्ष अभद्रता कर रहा है।

# पीएनजी ग्राहकों को अपना एलपीजी कनेक्शन करना होगा सरेंडर

## जिन घरों में पीएनजी गैस की सुविधा है उन्हें नहीं मिलेगा एलपीजी गैस की सुविधा, एलपीजी की लाइन में लगे पीएनजी उपभोक्ताओं पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में रसोई गैस का संकट कम नहीं हो रहा है। गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को सुबह पांच बजे से ही एजेंसियों के बाहर लाइन लगानी पड़ रही है। इस बीच उन उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा जिन्होंने पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन ले रखा है। प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार जिले के ऐसे करीब दो हजार उपभोक्ताओं को अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। आदेश हैं कि यदि पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ता एलपीजी के लिए लाइन में लगे मिलते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई जाए।

शहर में बड़े शहरों की तरह पाइपलाइन से गैस आपूर्ति किए जाने का काम साल 2021 में शुरू हुआ था। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा मंजूरी मिलने के बाद शहर में पाइपलाइन से गैस की आपूर्ति किए जाने का काम शुरू हुआ था। कंपनी के द्वारा सबसे पहले पॉश


केवाईसी और बुकिंग कराने को एजेंसी ऑफिस के बाहर खड़े उपभोक्ता।

**जिले में करीब दो हजार से अधिक घरों में है पीएनजी गैस की सुविधा**

कॉलोनी आवास विकास, सिविल लाइन एरिया में पाइप लाइन बिछाई गई है। इन इलाकों में रसोई गैस की पाइप लाइन बिछाए जाने के अब शहर के अन्य इलाकों में काम चल रहा है। जिन इलाकों में पाइप लाइन बिछाई जा चुकी हैं। उनमें कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

पूर्ति विभाग के अनुसार पाइप लाइन के माध्यम से गैस का लाभ लेने वाले करीब दो हजार उपभोक्ताओं के द्वारा कनेक्शन भी ले रखा है। लेकिन अब तक पाइपलाइन से गैस की आपूर्ति नहीं हो रही है।

आपूर्ति न होने की दशा में पीएनजी कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ता एलपीजी गैस कनेक्शन के सहारे रसोई घर का काम कर रहे हैं। पीएनजी कनेक्शन लेने वाले इन उपभोक्ताओं पर संकट खड़ा हो गया है। इन लोगों को अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। शासन से मिले निर्देश पर प्रशासन के द्वारा पीएनजी कनेक्शन धारकों को एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कराने के आदेश पूर्ति विभाग को मिले हैं। साथ ही कहा है कि पीएनजी कनेक्शन धारक अगर एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।


ठेले पर चलता रसोई गैस सिलेंडर। ● अमृत विचार

### अवकाश में भी एजेंसियों पर लगी रही भीड़

सोमवार को गैस सिलेंडर का वितरण करने वाली एजेंसियों पर अवकाश रहता है। लेकिन गैस की किल्लत के कारण सोमवार को कुछ एजेंसियों के द्वारा ऑफिस खोलकर काम काज निपटाया गया। अवकाश में एजेंसी ऑफिस खुले होने की जानकारी पर तमाम उपभोक्ता वहां पर जुट गए। एजेंसी संचालकों के द्वारा उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरण न होने की जानकारी दी। बताया कि ई-केवाईसी करने के लिए ऑफिस खोला गया है। जानकारी मिलने पर उपभोक्ता वापस लौट गए। एजेंसियों पर अवकाश दिन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की गई।

### घट गया सिलेंडर वितरण

जिला पूर्ति विभाग के अनुसार शहर में विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से संकट से पूर्व रोजाना करीब दस हजार सिलेंडर का वितरण होता था। संकट के बाद अब वितरण आधा रह गया है। अब मात्र पांच हजार के आस पास सिलेंडर वितरण किए जा रहे हैं। जबकि आपूर्ति भरपूर हो रही है। ऐसे उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। जिन्होंने ई-केवाईसी नहीं कराई है। वहीं आपूर्ति पूरी होने और वितरण कम होने पर एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी को बल मिल रहा है। ठेले खोमचे वालों के साथ रेस्टोरेंट, ढाबा वालों को आसानी से सिलेंडर मिल जा रहे हैं।

### कामर्शियल सिंलेडर की नहीं हो रही आपूर्ति

जिले में अभी तक कार्मशियल सिलेंडर की आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। आपूर्ति बहाल न होने की दशा में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्य लगातार हो रहा है। ठेले खोमचे वालों के साथ मिठाई की दुकानों, रेस्टोरेंटों और ढाबों पर रसोई गैस सिलेंडर से काम किया जा रहा है। इन प्रतिष्ठानों के संचालकों को आसानी से सिलेंडर मिल जा रहा है। जिसके कारण व्यावसायिक संचालकों को गैस किल्लत का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

> शासन के आदेशों के अनुसार जिन उपभोक्ताओं के पास पीएनजी कनेक्शन है उनके एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कराए जाएंगे। अगर वह एलपीजी बुकिंग की लाइन में लगे पाए जाते हैं तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। रसोई गैस की कालाबाजारी की शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।
> –**सतीश चंद्र मिश्रा**, जिला पूर्ति अधिकारी।

# राजस्व गांवों में बनेगा एक-एक तालाब

● **डीएम ने प्राकृतिक आपदा से निपटने को कार्ययोजना तैयार करने के दिए आदेश**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** संभावित लू-प्रकोप व सूखा के दृष्टिगत कार्य कराए जाने के लिए डीएम ने कार्ययोजना तैयार कर उसकी आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। साथ ही प्रत्येक राजस्व गांव में एक एक तालाब बनाए जाने को कहा है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने जिला पंचायती राज विभाग व नगर निकायों के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में फॉगिंग और एंटी लारवा छिड़काव कराने के निर्देश दिए। जनपद में बाढ प्रभावित रहे क्षेत्र में युद्ध स्तर पर फसल बीमा कराने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दवाइयां व ओआरएस घोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वितरण को आदेशित किया।


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अवनीश कुमार राय। ● अमृत विचार


नगर निकायों के अधिकारियों को वाटर कूलर को चेक करके उनको संचालित करने को कहा। नलकूप विभाग के अधिकारियों को खराब नलकूपों को सही कराने के आदेश दिए। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में और शहरी क्षेत्र में संबंधित नगर निकायों को खराब हैंडपंपों को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराने को कहा। साथ ही जल की जांच कराने के लिए आदेशित किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड उमेश चंद्र, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चन्दोला सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# वृद्धा को नहीं मिला स्ट्रेचर, तीमारदारों ने गोद में उठाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार होता नहीं दिख रहा है। 70 वर्षीय वृद्धा का पैर टूटने पर भी उसे स्ट्रेचर नही मिला। उसके पुत्र और नाती सहित चार परिजनों ने मिलकर गोद में उठाया और बाहर ले गए। इस तरह की संवेदनहीनता देखने वालों ने भी अस्पताल के सिस्टम को जमकर कोसा।

जिला अस्पताल में गरीबों को कोई सुविधा नहीं है। यहां पर करीब 45 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं जो स्ट्रेचर और व्हील चेयर लाने ले जाने का काम करते हैं। लेकिन गरीबों को उनकी सेवाएं नहीं मिलती हैं और न ही यह कभी जरूरत पर दिखाई देते हैं। जिससे बाहर से आने वाले लोगों को अपने ही लोग गोद में उठा कर अंदर और बाहर ले जाते हैं। सोमवार को दातागंज क्षेत्र के एक गांव की 70 वर्षीय वृद्धा का सुबह के समय पैर फिसल जाने से फ्रेक्चर हो गया। वृद्धा जावित्री को


बूढ़ी मां को उठा कर ले जाते चार लोग। ● अमृत विचार

● **एक्स-रे के बाद वृद्धा को गोद में उठा कर ले गए परिजन**

उसका पुत्र देवपाल और नाती मुनेंद्र सहित चार लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने एक्स-रे कराने को लिखा। परिजन वृद्धा को अंदर ले जाने को स्ट्रेचर की मांग करते रहे। लेकिन उन्हे स्ट्रेचर नहीं मिला। जिसके बाद परिजन वृद्धा को उठाकर एक्सरे रूम में ले गये। एक्स रे के बाद भी वृद्धा को चार परिजन गोद में उठा कर बाहर ले गए। परिजनों ने बताया कि कहने को तो सरकारी अस्पताल है लेकिन यहां पर सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। बूढ़ी मां को गोद में उठा कर ले जाना पड़ रहा है। परिजनों ने कहा कि अंदर से बाहर तक कोई सुनने वाला है और न ही कोई देखने वाला है। गरीब मरीज को अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है। ओपीडी में डॉक्टर ठीक से बात नहीं करते हैं। मरीज से उसकी हालत नहीं पूछते हैं। इस तरह के व्यवहार से मरीजों को आये दिन समस्याओं को झेलना पड़ता है। इसी तरह अन्य अनेकों मरीज स्वयं किसी तरह अंदर पहुंचते हैं उन्हें न तो स्ट्रेचर मिलता है और न ही व्हील चेयर दी जाती है। सरकारी अस्पताल होने के बाद भी सिस्टम मरीजों पर भारी पड़ रहा है।

> जिला अस्पताल में 45 से अधिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। जो व्हील चेयर और स्ट्रेचर को ले जाते हैं। यदि किसी मरीज को स्ट्रेचर नहीं मिला तो गलत है। इसका पता लगाएंगे। कौन इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर था। अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
> –**डॉ. अमित वार्ष्णेय**–सीएमएस।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर नहीं होती सख्ती

जिला अस्पताल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी डॉक्टर के पास बैठते हैं। व्हील चेयर या स्ट्रेचर को मरीज के परिजन कभी कभी खुद ही पकड़ कर ले जाते हैं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मरीज की मदद नहीं करते हैं। अनेकों वार इस मामले को लेकर हंगामा हो चुका है। हर बार मामला रफा दफा कर दिया जाता है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर भी कार्यवाही नही की जाती है। जिससे उनके हौसले बुलंद हो चुके हैं।

# 30 लाख टीबी के मरीजों को नहीं मिला पैसा

● **नौ महीने से परेशान हैं मरीज, विभाग दे रहा झूठा आश्वासन**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनपद में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक टीबी के मरीज हैं, जिन्हें नौ महीने से डीबीटी का पैसा नहीं मिला है जिससे क्षय रोगियों को अपने भरण पोषण को भारी परेशानी हो रही है। इन मरीजों को करीब 30 लाख रुपया सरकार द्वारा दिया जाना है। यह धनराशि नहीं मिलने से मरीजों को कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

जनपद में क्षय रोगियों को सरकार द्वारा जिला अस्पताल के क्षय रोग केंद्र से निःशुल्क जांच और निःशुल्क दवाएं दी जाती हैं। हर मरीज को एक माह में तीन बार दवा दी जाती है। इसी के साथ ही सरकार प्रत्येक क्षय रोगी को एक हजार


टीबी के मरीजों को देखते डॉ. विनेश कुमार। ● अमृत विचार

रुपये प्रतिमाह देती है। जिससे क्षय रोगी अपने भोजन व अन्य चीजों की व्यवस्था खुद कर सके। क्षय रोग अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पिछले साल जुलाई माह से डीबीटी का पैसा मरीजों को नहीं दिया गया है। जो करीब तीस लाख है।

डीबीटी धनराशि शासन से स्वीकृत नहीं हो रही है। जिससे मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. विनेश कुमार ने बताया कि जनवरी से अब तक 1538 नए मरीज सामने आए हैं जिनका कार्ड बनाया जा चुका है यह लोग अस्पताल से दवाएं ले रहे हैं। जबकि 4000 हजार मरीज पुराने हैं जिन्हे हर माह डीवीटी का पैसा उनके खातों में भेजा जाता थो। लेकिन पिछले नौ महीने से पैसा नहीं आया है जिससे मरीज हर दिन आकर डीवीटी का पैसा दिलाने की मांग करते हैं। बताया कि शासन स्तर से कुछ बदलाव किया गया है। अब नए खाते से मरीजों को पैसा दिया जाएगा। नए खाते का ट्रायल भी कर लिया गया है।

### 24 मार्च को मनाया जाएगा विश्व क्षयरोग दिवस

विश्व क्षयरोग दिवस 24 मार्च को मनाया जाएगा। इस बार जिलाधिकारी करीब 50 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने की घोषणा करेंगे। विश्व क्षयरोग दिवस के लिए अभी से तैयारियां की जा रही हैं। कौन कौन सी ग्राम पंचायतें टीवी मुक्त हो चुकी हैं उनको सूचीबद्ध किया जा रहा है। विश्व क्षयरोग दिवस पर सरकार अभियान में कुछ बदलाव भी कर सकती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीवी के मरीजों की जांच कराने को इसका दायरा बढ़ाया जा सकता है। अभी चार सीएचसी पर ही जांच कराई जाती है। विश्व क्षयरोग दिवस पर कुछ और सीएचसी पर जांच कराने की घोषणा की जा सकती है।

# किशोरी को ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने तहरीर देकर बताया कि वह खेती करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। रविवार तड़के उन्होंने देखा कि उनकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं है। उन्होंने सोचा कि वह शौच के लिए गई होगी। काफी समय के बाद भी वह वापस नहीं लौटी तो रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने घर से सामान भी गायब देखा।

रुपये, सोने के एक जोड़ी कुंडल, एक पैंडल, चांदी की ज्वैलरी गायब थी। जानकारी करने पर पता चला कि गांव निवासी युवक उसे बहला फुसलाकर ले गया है। आरोप है कि किशोरी को ले जाने में उसके परिजनों का भी हाथ है। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# पति से प्रेरित मीना ने लिया देहदान का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सोमवार को राजकीय मेडिकल कालेज के एनाटॉमी विभाग में एक महिला ने अपने पति से प्रेरित होकर देहदान का संकल्प लिया। महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने देहदान संकल्प पत्र देकर सम्मानित किया।

कस्बा उघैती निवासी सुरेश चंद्र की पत्नी मीना देवी ने अपने पति से प्रेरित होकर देहदान का संकल्प लिया। जिसके बाद सोमवार को एनाटॉमी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकत्याज हुसैन एवं प्रमोद कुमार, लैब टेक्नीशियन बॉडी इन्जेक्टर द्वारा पंजीकरण कराया गया। साथ ही संकल्प पत्र भी भराया गया और उनको देहदान के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार एवं एनाटॉमी


देहदानी मीना देवी को संकल्प पत्र देते प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार। ● अमृत विचार

● **राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने देहदान संकल्प पत्र देकर महिला को किया सम्मानित**

विभागाध्यक्ष डॉ. मुकत्याज हुसैन ने देहदानी मीना देवी को देहदान के संकल्प का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर योग गुरु गिरधारी सिंह राठौर ने मीना देवी के इस उत्कर्ष कार्य के लिए बधाई दी, और समाज के लोगों से देहदान के प्रति जागरूक होने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो लोग देहदान करना चाहते हैं, वे राजकीय मेडिकल कालेज के एनाटॉमी विभाग में और योग गुरु गिरिधारी सिंह राठौर से संपर्क कर सकते है।

इस अवसर पर डॉ. पारूल सक्सेना, सहायक आचार्य, एनाटॉमी विभाग, डॉ. ऋषभ सिंह, डॉ. अर्जित आर्य, का. इतिशा चौधरी एवं पुष्पेंद्र पाल, टिंकू कश्यप, रूबी गुप्ता, राकेश पाल, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश के लिए 23 से 26 तक होंगे ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ व गोरखपुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए**

● **बालक वर्ग में क्रिकेट, कबड्डी, जूडो व एथलेटिक्स, बालिका वर्ग के कबड्डी व एथलेटिक्स के ट्रायल होंगे**

**अमृत विचार:** जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ व गोरखपुर में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए बालक-बालिकाओं के ऑनलाइन आवेदन मांग गए हैं। जिम्नास्टिक व तैराकी के लिए आयु 01 अप्रैल 2026 को 12 वर्ष से कम तथा अन्य खेलों के लिए 15 वर्ष से कम मांगी गई है।

बताया कि चयन के लिए प्रथम ट्रायल 23 से 26 मार्च तक जिला खेल कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे।

23 मार्च को बालक वर्ग के लिए वॉलीबॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, तैराकी, हॉकी, जिम्नास्टिक व कुश्ती, 24 मार्च को बालिका वर्ग के लिए वॉलीबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, हॉकी, जिम्नास्टिक, कुश्ती, कबड्डी व तैराकी, 25 मार्च को बालक वर्ग के लिए क्रिकेट, कबड्डी, जूडो व एथलेटिक्स तथा 26 मार्च को बालिका वर्ग के लिए कबड्डी व एथलेटिक्स के ट्रायल होंगे।

जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ व गोरखपुर में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए बालक-बालिकाओं के ऑनलाइन आवेदन मांग गए हैं। जिम्नास्टिक व तैराकी के लिए आयु 01 अप्रैल 2026 को 12 वर्ष से कम तथा अन्य खेलों के लिए 15 वर्ष से कम मांगी गई है। बताया कि चयन के लिए प्रथम ट्रायल 23 से 26 मार्च तक जिला खेल कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे।

23 मार्च को बालक वर्ग के लिए वॉलीबॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, तैराकी, हॉकी, जिम्नास्टिक व कुश्ती, 24 मार्च को बालिका वर्ग के लिए वॉलीबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, हॉकी, जिम्नास्टिक, कुश्ती, कबड्डी व तैराकी, 25 मार्च को बालक वर्ग के लिए क्रिकेट, कबड्डी, जूडो व एथलेटिक्स तथा 26 मार्च को बालिका वर्ग के लिए कबड्डी व एथलेटिक्स के ट्रायल होंगे।

# तमंचे की बट मारकर किया घायल

**विजय नगला, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी निवासी संजीव कुमार पुत्र सतीश चंद्र रविवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे बिनावर क्षेत्र के गांव रहमा स्थित खेत की जुताई करने गए थे। आरोप है कि गांव निवासी मुश्ताक, तारिक, गुड्डू और जाबिर गाली-गलौज करते हुए आए। गाली का विरोध करने पर वह लोग हमलावर हो गए। तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। शोर सुनकर किसान दौड़कर मौके पर पहुंचे तो आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने थाने जाकर तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि मामला जमीनी विवाद का है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

# 2585 समर्थन मूल्य पर आज से शुरू होगी गेहूं खरीद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **जिले में है पूरी तैयारी, बन चुके हैं 105 खरीद केंद्र**

● **फसल न पकने के कारण शासन ने खरीद की स्थिगत**

**अमृत विचार:** जिले में शासन की ओर से घोषित समर्थन मूल्य 2585 रुपये पर गेहूं की खरीद आज से शुरू हो जाएगी। जिसकी सभी तैयारी विपणन विभाग द्वारा पहले ही पूरी कर ली गई हैं। गेहूं खरीद के लिए 105 क्रय केंद्र विभिन्न एजेंसियों के खोले गए हैं। करीब पांच सौ से अधिक किसानों के द्वारा फसल बिक्री के लिए पंजीकरण कराया है।

प्रदेश के सभी जिलों के साथ जनपद भर में गेहूं की खरीद एक मार्च से शुरू हुई थी। लेकिन फसल पकी न होने की वजह से गेहूं खरीद को स्थगित कर दिया गया था। जिसकी तिथि घोषित नहीं की गई थी। अब शासन की ओर से गेहूं खरीद की तिथि घोषित कर दी गई है। गेहूं खरीद आज 17 मार्च से शुरू हो रही है। गेहूं खरीद 15 जून तक जारी रहेगी।

गेहूं खरीद के लिए विपणन विभाग की ओर से छह एजेंसियों यूपीएसएस, एफसीआई, पीसीएफ, पीसीयू, नैफेड और मार्केटिं के 105 क्रय केंद्र स्थापित किए गए थे। क्रय केंद्रों पर कांटा बांट, बोरा आदि की सारी व्यवस्थाएं पहले से ही कर ली गई हैं। किसान से गेहूं खरीदने के बाद 48 घंटे के अंदर भुगतान करने के निर्देश हैं। किसानों का पंजीकरण किसान ऐप पर किया जा रहा है।

### जिले में बनाए गए 16 मोबाइल क्रय केंद्र

पिछले दो सालों से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार खरीद न होने की वजह से इस बार किसानों से घर घर गेहूं की खरीद की जाएगी। इसके लिए खाद्य विभाग द्वारा 16 मोबाइल क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए अलग से कांटा, स्टाफ, बारदाना और पॉश मशीन रखी जाएगी। हालांकि मोबाइल केंद्रों के लिए न्यूनतम गेहूं की मात्रा को लेकर अभी शासन से स्पष्ट निर्देश नहीं मिले हैं। विभागीय अधिकारी के अनुसार जल्द ही इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### तीन हेक्टेयर तक तहसीलदार करेंगे सत्यापन

गेहूं बिक्री करने के लिए किसानों के द्वारा पंजीकरण कराया जा रहा है। खरीद किसानों के क्षेत्रफल का सत्यापन कराया जाएगा। पंजीकरण कराने वाले किसानों के क्षेत्रफल का सत्यापन तीन हेक्टेयर तक तहसीलदार, पांच हेक्टेयर तक एसडीएम और इससे अधिक का सत्यापन अपर जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा।

> 17 मार्च से गेहूं खरीद शुरू कर दी जाएगी। सभी तैयारी पहले से ही थी। तिथि घोषित होने का इंतजार था। अभी तक करीब पांच सौ किसानों के द्वारा गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया गया है।
> –**अतुल कुमार** वशिष्ठ, जिला विपणन अधिकारी।

### गेहूं खरीद केंद्रों की होगी जियो टैगिंग

गेहूं खरीद के लिए स्थापित किए क्रय केंद्रों की जियो टैगिंग कराई जा रही है। जिससे केंद्रों पर खरीद की निगरानी जा सके। गेहूं फसल करने वाले किसान देवेंद्र पाल, होतीलाल, मुकेश, देवसिंह यादव आदि का कहना है कि मौसम में बदलाव की वजह से गेहूं की फसल अप्रैल तक तैयार हो पाएगी। अभी 10-12 दिन का समय लगेगा। अगेती गेहूं भी अभी कटना शुरू नहीं हो पाई है।

## मंदिरों से शुरू होगा भक्तों को जोड़ने का काम

**बदायूं, अमृत विचार:** लालपुल पर शिव दुर्गा मंदिर पर अखिल भारतीय सनातन बोर्ड का जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ, जिसमें मंदिरों के महंत, पुजारी और संचालक शामिल हुए। कार्यक्रम में मठ मंदिर विभाग गठन को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम डॉ. अमर सिंह और शिव दुर्गा मंदिर के महंत चमन प्रकाश द्विवेदी की उपस्थिति में हुआ। शहर स्थित विभिन्न मंदिरों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई। कार्यकारिणी प्रमुख देवदत्त शर्मा ने बताया कि आज मंदिरों और समाज के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। आरती के समय अधिकतर मंदिर भक्तों से खाली रहते हैं। उन्होंने मंदिरों को समाज का शक्ति केंद्र बनाने और पुजारियों को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। केशवनाथ वैश्य ने बताया कि व्यस्त जीवन में हिंदू समाज के पास मंदिर जाने और धर्म ग्रंथ पढ़ने का समय नहीं है। हम परिवार और बच्चों का पूरा समय टीवी और मोबाइल को दे रहे हैं। महंत अभिमन्यु पांडे ने पुजारियों से आह्वान किया कि सभी मंदिरों भक्तों को व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा जाए। इस मौके पर सत्यपाल शर्मा, मोहित शर्मा, रविंद्र मिश्रा, पुष्पेंद्र मिश्रा, अखिलेश शर्मा आदि थे।

# परिषदीय स्कूलों में परीक्षाएं शुरू, तैयारियां अधूरी

### कम प्रश्नपत्र की फोटो स्टेट कराने के साथ उन्हें अपनी जेब से उत्तर पुस्तिकाएं खरीदकर परीक्षा करानी पड़ी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** आधी-अधूरी तैयारियों के बीच परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गईं। स्कूलों में सुबह 10 बजे प्रश्न पत्र पहुंचते रहे, लेकिन उत्तर पुस्तिकाएं नहीं दी गईं। बंडल में प्रश्नपत्र कम मिलने और उत्तर पुस्तिकाओं के अभाव में शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कम प्रश्नपत्र की फोटो स्टेट कराने के साथ ही उन्हें अपनी जेब से उत्तर पुस्तिकाएं खरीदकर परीक्षा करानी पड़ी। पहले दिन कक्षा एक से पांच तक की मौखिक और छह से आठ तक की लिखित परीक्षा हुई। परीक्षा में 95 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति का दावा बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से किया गया।

जिले के 2158 परिषदीय स्कूलों के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों में सोमवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई। परीक्षा से दो दिन पूर्व स्कूलों में प्रश्नपत्र पहुंचने थे। लेकिन



शहर के नाहर खां सराय स्कूल में परीक्षा देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- **कम प्रश्न पत्रों और कॉपियों के अभाव में शिक्षक हुए परेशान**

निर्धारित समय पर प्रश्नपत्र स्कूलों तक नहीं पहुंचे। प्रश्नपत्रों को बीआरसी केंद्रों से स्कूलों तक पहुंचाने का जिम्मा खंड शिक्षा अधिकारियों का था। लेकिन उनके द्वारा प्रश्नपत्रों को स्कूल तक न पहुंचाकर शिक्षकों को बीआरसी पर बुलाया गया। स्कूलों के प्रधानाचार्य स्वयं बीआरसी पर पहुंचकर प्रश्नपत्रों का बंडल लेकर आए। बीआरसी केंद्रों से शिक्षकों को केवल प्रश्नपत्रों के बंडल दिए गए उत्तर पुस्तिकाएं नहीं दी गई। उनका इंतजाम शिक्षकों से अपने पास से करने को कहा।

इसके बाद शिक्षकों ने अपने पास से ही उत्तर पुस्तिकाओं का इंतजाम कर परीक्षा शुरू कराई। लेकिन इस दौरान शिक्षकों को कम प्रश्न पत्र मिलने की समस्या से जूझना पड़ा, बंडलों में बच्चों की संख्या के अनुसार प्रश्न पत्र नहीं निकले। जिसके कारण एक एक प्रश्न पत्र दो छात्रों के बीच रखकर परीक्षा कराई। कुछ शिक्षकों ने प्रश्नपत्रों की फोटो स्टेट कराकर परीक्षा संपन्न कराई। प्रश्नपत्र कम मिलने और उत्तर पुस्तिकाएं न मिलने पर शिक्षकों ने रोष जताया। शिक्षक नेता अरुण पांडेय बताया कि स्कूलों में पहुंचे प्रश्न पत्रों की संख्या कम थी। उत्तर पुस्तिकाएं भी नहीं दी गई। जिसके कारण शिक्षकों को परीक्षा कराने में दिक्कत हो रही है। ऐसे जहां एक ओर शिक्षक एसआईआर कार्य के बीच परीक्षा करा रहा है वहीं दूसरी उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

> वार्षिक परीक्षा पारदर्शिता के साथ कराई जा रही है। अगर कोई त्रुटि रह गई है। उसे पूरा कराया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाएं कंपोजिट ग्रांट से खरीदने के लिए शिक्षकों से कहा गया है।
>
> **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए।

ऐसी स्थिति में वार्षिक परीक्षा पारदर्शिता के साथ होना संभव कैसे हो सकता है। वार्षिक परीक्षा के पहले दिन कक्षा 1 से 5 तक सभी विषयों की मौखिक परीक्षा कराई गई। कक्षा 6 से 8 तक बेसिक क्राफ्ट/ संबंधित कला/ कृषि एवं गृह शिल्प द्वितीय पाली में खेल एवं शारीरिक शिक्षा/ स्काउटिंग की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 2,81,353 के सापेक्ष 95% परीक्षार्थी सम्मिलित रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में शुरू हुईं वार्षिक परीक्षाएं



वार्षिक परीक्षा देते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** सोमवार को परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गईं कंपोजिट विद्यालय हररायपुर में वार्षिक परीक्षा के प्रथम दिन कक्षा 1 से 5 तक की सभी विषयों की मौखिक परीक्षा का आयोजन हुआ, वहीं कक्षा 6, 7, 8 की प्रथम पाली में कृषि व गृह विज्ञान और द्वितीय पाली में खेल एवं शारीरिक शिक्षा परीक्षा का आयोजन हुआ। सभी छात्र-छात्राओं को सीटिंग प्लान के अनुसार बैठाया गया था ।

प्रश्न पत्र विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह व समस्त स्टाफ के समक्ष खुलवाए गए। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष ने परीक्षा दे रहे छात्रों के कक्ष में जाकर निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।कहा सभी बच्चे प्रश्न पत्र को अच्छे से करें, और अधिक अंक प्राप्त करें । परीक्षा के प्रथम दिवस पर परीक्षा में कुल 349 नामांकन के सापेक्ष 183 छात्र व 157 छात्राओं के साथ 340 छात्राएं उपस्थित रहे । परीक्षा में प्रधानाध्यापक कुंवर सेन, सहायक अध्यापक चित्रा, उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय, हेमलता व अंजुम बुशरा की उपस्थिति में परीक्षा संपन्न हुई।

## निरीक्षण में खामियां मिलने पर दी चेतावनी

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का सोमवार को लखनऊ से आई कायाकल्प टीम ने यहां पहुंच कर वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई कमियां सामने आने पर टीम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।

कायाकल्प टीम में शामिल डॉ. संदीप गुप्ता और डॉ. पूजा चौहान ने सबसे पहले अस्पताल के औषधि कक्ष में स्टॉक रजिस्टर और इमरजेंसी कक्ष का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपचार कराने आए



कायाकल्प टीम सीएचसी का निरीक्षण करते हुए ● अमृत विचार

- **लखनऊ से आई कायाकल्प टीम ने किया वार्षिक निरीक्षण, कमियां मिलने पर व्यवस्थाएं सुधार के निर्देश**

मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली, और कई अभिलेखों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी पाए जाने पर टीम ने नाराजगी जताई। साथ ही सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता को अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

औषधि कक्ष में दवाइयों का रख-रखाव संतोषजनक न मिलने पर भी टीम ने नाराजगी जाहिर की और शीघ्र व्यवस्थाओं को सुधारने के आदेश दिए। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. पीके शर्मा, सुमन शर्मा, राजकुमार मौर्य, सुनील शर्मा सहित अन्य स्टाफ स्टाफ मौजूद रहा।

## कार्यकर्ताओं के तप -त्याग से देशभर में मजबूत हुई भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जनपद के बिल्सी नगर, बिसौली ग्रामीण, उसावां, बसोमा, दहगवां, आदि में मंडल का प्रशिक्षण वर्ग वैभव लॉन में आयोजित हुआ, जिसका उद्धघाटन जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने किया। बिल्सी नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग भगवान दास पैलेस में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने, बिसौली ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग ब्लू ऑर्चिड बिसौली में मनोज कृष्ण गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसावा मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शिव पैलेस दातागंज में जिला उपाध्यक्ष नेकपाल कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। बसोमा मंडल का प्रशिक्षण वर्ग लॉन में हुआ, जिसका उद्घाटन वरिष्ठ नेता अरविंद वाल्मीकि ने किया। तथा दहगवां मंडल का प्रशिक्षण वर्ग प्रेम रिसॉर्ट इस्लामनगर में आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने किया।

कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा संगठन का विस्तार कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठनात्मक कार्यों के निरंतर संचालन से संभव होता है। कार्यकर्ताओं को मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा संगठन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए।

बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा भाजपा का उदय एक लंबी वैचारिक साधना और संगठनात्मक संघर्ष का परिणाम है। जनसंघ के दौर से लेकर आज तक पार्टी ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी विचारधारा को समाज के बीच स्थापित किया है। प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने कहा कि भाजपा का

- **डबल इंजन सरकार ने सेवा, सुशासन और विकास को दी प्राथमिकता**



संबोधित करते जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता।

बूथ कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत होता है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और मतदाताओं से निरंतर संपर्क ही चुनावी सफलता का आधार बनता है। पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य ने कहा केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन की भाजपा सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के अनेक नए मानक स्थापित किए हैं। गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, किसान हित और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। मनोज कृष्ण गुप्ता ने कहा कि भाजपा का संगठन स्पष्ट विचारों और अनुशासित कार्यशैली पर आधारित है। जिला उपाध्यक्ष नेकपाल कश्यप ने कहा भाजपा की कार्यप्रणाली अनुशासन, समन्वय और सामूहिक निर्णय की परंपरा पर आधारित है।

प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाता है,। वरिष्ठ नेता अरविंद वाल्मीकि ने कहा संगठन का विस्तार निरंतर जनसंपर्क और सामाजिक सहभागिता से संभव होता है। जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने कहा भाजपा का विकास कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और संगठनात्मक प्रयासों से लगातार आगे बढ़ा है।

प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर सात सत्रों में पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता राणा प्रताप सिंह, जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, डॉ अरुण प्रकाश, भगवान सिंह मौर्य, डॉ आशीष शर्मा, धीरज पटेल, कृष्णवीर सिंह, आशीष शाक्य, अनुज माहेश्वरी, संदीप चौहान, जोगेंद्र पटेल, प्रदीप चौधरी, अजय तोमर, शिवम शंखधार, रचना शंखधार ने अपने विषयों पर संबोधित किया।

इस अवसर पर दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, चेयरमैन बिल्सी ज्ञानवती सागर, चेयरमैन दातागंज नैना गुप्ता, डॉ केपी लोधी, ब्रज बिहारी लाल, भगवान दास सागर, रामशरण शर्मा, जसवंत सिंह, वीरपाल सिंह, जयनारायण शर्मा, राकेश दीक्षित, मनोज कुमार सिंह, राजेंद्र सागर, वीर सिंह चौधरी, रामपाल सिंह, राजबहादुर, भूदेव सिंह, नक्षत्र चौहान, गेंदालाल राजपूत, दाताराम, शाक्य, राजपाल सिंह, नरेन्द्र पाल सिंह, राम नरेश सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## चलती बाइक से गिरी महिला की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के गांव कुंदन नगला निवासी सुरेमवती पत्नी राजेंद्र सिंह अपने बेटे कुलदीप के साथ उझानी में अपनी रिश्तेदारी से वापस जा रहीं थी। थाना कादरचौक क्षेत्र में असरासी कोल्ड स्टोर के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। सुरेमवती बाइक से नीचे गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। कुलदीप ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है।

## खाद्य लाइसेंस की आजीवन मान्यता पर कारोबारी खुश

**बदायूं, अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम में खाद्य लाइसेंस की आजीवन मान्यता एवं पंजीकरण की सीमा बढ़ाए जाने पर कारोबारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा ने बताया कि व्यापार प्रतिनिधि मंडल लंबे समय से खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम में खाद्य लाइसेंस की आजीवन मान्यता एवं पंजीकरण की सीमा बढ़ाने की मांग कर रहा था। मांगों को सरकार ने पूरा करते हुए आदेश जारी किया है। बताया कि खाद्य लाइसेंस केवल एक साल से पांच साल तक के लिए लागू किए जाते थे। व्यापारियों को समय समय पर नवीनीकरण कराना पड़ता था। जिससे व्यापारियों को भ्रष्ट व्यवस्था का सामना करना पड़ता था। जिस से



खाद्य सुरक्षा नियमों पर चर्चा करते व्यापारी।

कामकाज प्रभावित होता था। साथ ही समय और धन की बर्बादी होती थी। नए नियम के मुताबिक इस पर अब लगाम लगेगी। पंजीकरण की सीमा 12 लाख से बढ़ाकर कर डेढ़ करोड़ किये जाने से छोटे खाद्य कारोबारी स्ट्रीट वेंडर्स आदि को भी लाभ मिलेगा। इस मौके पर नरेंद्र दिवाकर, कृष्णा गुप्ता, बॉबी गुप्ता, केपी मौर्या सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रीराम का जीवन सत्य व मर्यादा से पूर्ण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला नेकपुर के भगवान परशुराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रहे श्रीराम कथा महोत्सव में कथा वाचक संत रवि जी समदर्शी ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन का महत्व बताया। कहा कि अगर मनुष्य अपने जीवन को सफल और सार्थक बनाना चाहता है तो उसे भगवान श्रीराम के मर्यादित और आदर्श जीवन से सीख लेनी चाहिए।

कहा कि श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग, कर्त्तव्य और मर्यादा से परिपूर्ण है। नारद के अभिमान और भगवान की माया के प्रभाव का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब मनुष्य के भीतर अहंकार आ जाता है तो वह सत्य को पहचान नहीं पाता। भगवान की माया से खुद देवर्षि नारद भी मोहित हो गए थे। बाद में जब उनका मोह भंग हुआ तो उन्हें अपने अहंकार का एहसास हुआ। क्रोध और अहंकार



कथा के दौरान आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- **मनुष्य को पश्चाताप ओर ले जाता है, क्रोध और अहंकार में लिया गया निर्णय**

में लिया गया निर्णय मनुष्य को पश्चाताप की ओर ले जाता है। इसके साथ ही महाराज श्री ने मनु और सतरूपा की कथा का श्रवण कराया। प्रताप भानु की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार कर्मों के प्रभाव से रावण, कुंभकर्ण और अन्य राक्षसों का जन्म हुआ। जब अधर्म और अत्याचार बढ़ता है तब पृथ्वी भी पीड़ा से व्याकुल होकर गाय के रूप भगवान को पुकारती है। तुम दीनानाथ हो या दीनों के साथ हो। भगवान हमेशा दुखियों और पीड़ितों का सहारा बनते हैं। जब भी संसार में अन्याय बढ़ता है, तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। राम बहादुर पांडे, डॉ. विनय द्विवेदी, राहुल पांडे, रामौतार मिश्रा, केके उपाध्याय, अमित पांडे, एनसी मिश्रा, अश्विन भारद्वाज, केएल गुप्ता, वागीश, संजीव पराशर, राहुल चौबे, मोहित प्रभाकर आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### गणना 2027 में पहली बार होगी स्व जनगणना





**बदायूं, अमृत विचार :** जनगणना 2027 को लेकर ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोमवार को भी प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उपस्थित रहे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने बताया कि जनगणना 2027 में पहली बार स्व-गणना की शुरुआत की गई है। जिससे परिवार एचएलओ से संबंधित विवरण ऑनलाइन भर सकेंगे। प्रगणकों को स्व-गणना के माध्यम से भरे गए डाटा को सबमिट करने से पूर्व डाटा की जांच करनी होगी। डीएम ने बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में संचालित की जाएगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (2026) तथा द्वितीय चरण जनसंख्या की गणना (2027) मकान सूचीकरण, मकानों की स्थिति, सुविधाओं, परिसंपत्तियों की गणना होगी। जनगणना 2027 में एचएलओ मोबाइल ऐप का उपयोग करते हुए डिजिटल डेटा संग्रह करेंगे। एचएलओ मकान की गणना करते हुए सूचीबद्ध करेंगे।



### मरीजों को दी बदलते मौसम में सतर्क रहने की हिदायत

**उसहैत, अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में डॉ. संजय कुमार ने दर्जनों मरीजो का उपचार कर दवाइयां वितरण कीं। डाक्टर ने तेजी से बदल रहे मौसम को लेकर मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा मनुष्य समतापी प्राणी है अर्थात ऋतु के अनुसार होने वाले परिवर्तन के बावजूद भी शरीर का तापमान स्थिर ही रहता है, जिस हेतु ऋतु परिवर्तन के समय शरीर काफी संघर्ष करता है। ऐसे में निरोगी रहने के लिए हमको चाहिए कि पुरानी ऋतु के अनुसार खानपान एवं वस्त्र पहने। कहा कि बदलते मौसम के चलते लोग कई तरह की बीमारियों के शिकार होते हैं इसलिए खानपान में विशेष सावधानी बरतें। इस मौके पर कस्बे के तमाम लोगों ने बुखार की दवा ली।



### श्री नट बाबा का वार्षिक मेला शुरू

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** इस्लामनगर क्षेत्र के गांव कुंदावली स्थित श्री नट बाबा महाराज मंदिर परिसर में लगने वाले वार्षिक मेले का आरंभ हो गया। मेले का उद्घाटन इस्लामनगर के पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र कुमार लीडर व जिला पंचायत सदस्य कुलदीप कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद दोनों अतिथियों ने मेले का अवलोकन किया और मेला कमेटी के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र कुमार लीडर ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक मेले ग्रामीण क्षेत्र की परंपराओं को जीवित रखते हैं तथा आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी के सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर मेला अध्यक्ष गिरीश कुमार, मेला प्रबंधक व ग्राम प्रधान चंद्रपाल सिंह, प्रमोद कुमार, प्रेम शंकर, ओमवीर, सत्यपाल मौर्य, राजेश डीलर आदि मौजूद रहे।

### रोजा इफ्तार कार्यक्रम का किया गयाआयोजन



**बदायूं, अमृत विचार :** एक समाचार पत्र की ओर से लालपुल स्थित आलिमा जनाब पब्लिक स्कूल में पत्रकारों के लिए रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकता और भाई चारे का संदेश देते हुए पत्रकारों व सर्वधर्म समाज के लोगों ने रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में शिरकत की। वरिष्ठ समाजसेवी जेल विजिटर शमसुद्दीन शम्स ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आपसी भाईचारे और सौहार्द्र को मजबूती मिलती है। समाज में इस तरह के कौमी एकता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों की जरूरत है। स्कूल के प्रबंधक वसीम अहमद खान उर्फ अर्शी ने कहा कि रमज़ान बेहद मुबारक महीना है। रोज़ा इंसान में भूख और बेबसी का अहसास पैदा करता है। जिससे इंसान दूसरे लोगों की भूख को समझता है और उसमें कमज़ोर लोगों की मदद का जज्बा उत्पन्न होता है। शारिक नसीरी ने सभी का शुक्रिया अदा किया। मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। हाफिज मोहम्मद जैद अहमद, अफजल अजीज खान, पंकज गुप्ता, पवन लाल, अरशद नसीरी, परवेज खान आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन पर कब्जा करने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव सिगोई निवासी कमला देवी पत्नी पातीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने लगभग पांच साल पहले गांव के ही राधेश्याम, अनिल और रमेश पुत्र राजाराम से जमीन का बैनामा कराया था। आरोप है कि उसी जमीन पर गांव की सरोज पत्नी विजय सिंह अपने पुत्र आशीष और छोटू के साथ कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं। जब कमला देवी अपनी जमीन की साफ-सफाई करने पहुंची तो आरोपियों ने वहां पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर महिला और उसके पति के साथ मारपीट की गई और धमकाया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सरोज, आशीष और छोटू के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मामला लगभग 25 दिन से थाने में चल रहा था। दूसरे पक्ष विजय सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन पुलिस ने अब विजय सिंह पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### एसडीएम के चाचा के निधन पर जताया शोक

**बिल्सी, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह के चाचा लखपत सिंह का सोमवार की सुबह उनके पैतृक गांव अतरौली (अलीगढ़) में निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही प्रशासनिक और अधिवक्ता वर्ग में गहरा शोक व्याप्त हो गया। बताया जाता है कि उनका स्वास्थ्य पिछले कुछ समय से खराब चल रहा था। सोमवार को सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका रामघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर तहसीलदार प्रभा सिंह, नायब तहसीलदार बदन सिंह यादव, मोहित कुमार राठी, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, महासचिव ज्ञान सिंह त्यागी, योगेश बिसारिया, विवेक राठी, हेमेंद्र कुमार सिंह, मुनीष सक्सेना, रामनाथ शर्मा, रामप्रकाश श्रीवास्तव, आशीष शर्मा समेत अन्य अधिवक्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### लकड़ी माफिया-आरा मशीन होंगी चिह्नित

**बदायूं, अमृत विचार :** जनपद में अवैध कटान को लेकर अक्सर खबरें मिलती रहती हैं। वन विभाग द्वारा सख्ती करने के बाद भी अवैध कटान पर रोक नहीं लग पा रही है। अब अवैध कटान पर अंकुश लगाने को वन विभाग ने क्षेत्र की आरा मशीन और लकड़ी माफियाओं को चिन्हित करने का निर्णय लिया है। वन विभाग के अनुसार सहसवान और कादरचौक रेंज में रात्रि गश्त कराई जाएगी। इसके लिए वन रक्षकों की चार टीमें गठित की गयी हैं। दो टीमें सहसवान के मालपुर ततेरा जंगल की ओर तैनात की जाएगी जबकि दो टीमें कादरचौक के वन क्षेत्र में रहेंगी। उक्त टीमों के साथ ही रात को रोड गश्त बढ़ाई जाएगी।

# सीओ पत्र लिखते रहे, थानेदार दबाते रहे... हो गया कांड

## सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार ने लिखा था, अफसरों को धमकी मिलना गंभीर, कार्रवाई करें मगर इंस्पेक्टर मूसाझाग ने कुछ नहीं किया





पूर्व सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार।


निलंबित इंस्पेक्टर अजय कुमार।


हमलावर अजय का फाइल फोटो।

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** बिकनू कांड, हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे और सीओ देवेन्द्र मिश्र का बलिदान सभी को याद होगा ! बदागंज के थाना मूसाझाग क्षेत्र में स्थित एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या की खूंरेज कहानी भी लगभग बिकनू जैसी है। कानपुर तरह ही प्लांट में अराजकता के हालात देखकर सीओ उझानी डॉ. देवेन्द्र कुमार खासे टेंशन में थे और अफसरों को धमकाए जाने के मामले को गंभीर बताकर थाना प्रभारी को एक-दो नहीं, बल्कि तीन पत्र लिख चुके थे। इसके बाद भी थानेदार के कान पर जूं नहीं रेंगी और प्लांट के अंदर दिनदहाड़े दबंग हमलावर ने डीजीएम सुधीर गुप्ता और एएम हर्षित मिश्रा को सरेआम गोली से उड़ा डाला।

प्लांट के अंदर दिनदहाड़े दो अफसरों की हत्या के मामले में लापरवाह थाना प्रभारी अजय कुमार को तो सस्पेंड होना ही पड़ा है, बल्कि सीओ उझानी डॉ. देवेन्द्र कुमार के साथ एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह को भी जिला छोड़ना पड़ गया। कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में डबल मर्डर होने से बदायूं पुलिस को भारी किरकिरी झेलनी पड़ी है।

घटना को लेकर रोज नए तथ्य सामने आ रहे हैं। दोहरे हत्याकांड में बदायूं से हटाकर डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध किए गए सीओ डॉ. देवेन्द्र कुमार को पहले से ही प्लांट के अंदर माहौल खराब होने की आशंका थी। इसे लेकर उन्होंने बार-बार चिंता भी जताई थी। प्लांट अफसरों की शिकायत सामने आने के बाद उन्होंने कार्रवाई के लिए मूसाझाग थाना प्रभारी निरीक्षक को लिखित में कई निर्देशित भी किया था। सीओ ने कहा था कि जांच कराकर आरोपी के खिलाफ जल्द कार्रवाई करें वर्ना हालात बिगड़ सकते हैं। इसके बाद भी थाना प्रभारी ने सीओ के निर्देशों की अवहेलना की। परिणामस्वरूप दुस्साहसिक गोलीकांड में दो अफसरों को जान से हाथ धोना पड़ा।

- **एचपीसीएल प्लांट में अराजकता से टेंशन में थे क्षेत्राधिकारी**
- **बार-बार कार्रवाई के लिए थाने पत्र भेज रहे थे डॉ. देवेन्द्र**

### इंस्पेक्टर- सब इंस्पेक्टर सबकी भूमिका संदिग्ध

आरोप है कि अजय सिंह पर प्रभावशाली लोगों का हाथ होने की वजह से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। इससे अजय के हौंसले बढ़ गए और वह प्लांट अधिकारियों को परेशान करता रहा। सीओ डॉ.देवेंद्र कुमार के निर्देश पर थाने में डीजीएम की ओर से रिपोर्ट तो दर्ज कर ली गई, लेकिन कार्रवाई के नाम से थाना प्रभारी हाथ पर हाथ रखे बैठे रहे। 4 फरवरी को अजय प्रताप पर केस दर्ज हुआ था। सीओ ने मामले को गंभीर बताते हुए 10 फरवरी को पत्र भेजकर थाना प्रभारी लिखित में निर्देशित किया था। इसके उन्होंने दूसरा पत्र 6 मार्च को जारी किया था और पुनः लिखा था कि मामला अत्यंत गंभीर है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो कानून व्यवस्था फेल हो सकती है। विवाद बढ़ सकता है। जल्द से जल्द मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करें। तीन पत्र भेजने के बाद भी थाना प्रभारी ने निर्देश को नजरअंदाज किया। सीओ के तीसरे पत्र पर भी थाना प्रभारी नहीं जागे तो सीओ ने मामले की विवेचना कर रहे हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को भी फटकार लगाई गई थी, मगर दरोगा की नींद भी नहीं टूटी। इसके बाद 12 मार्च को आरोपी अजय प्रताप सिंह ने प्लांट में गोलीकांड कर दिया।

### सवाल गंभीर हैं...

- एक ही तमंचा चलाना था तो हमलावर दो क्यों लाया?
- दो तमंचे और कई कारतूस उसने कहां से हासिल किए?
- प्लांट के गेट पर हमलावर की चेकिंग क्यों नहीं की गई?
- हत्याकांड के बाद भी हमलावर सुरक्षित कैसे निकल गया?
- क्या सुरक्षा में तैनात आरोपी के एक रिश्तेदार का हाथ था?
- गाड़ी में साथ आए कर्मचारियों को भनक कैसे नहीं लगी?
- थाना मूसाझाग पुलिस ने मामला हल्के में क्यों लिया?
- सीओ के कहने पर रिपोर्ट दर्ज हुई, फिर कार्रवाई क्यों नहीं?

### पहले समझौता फिर हुआ दोहरा हत्याकांड

एक-दूसरे पर आरोप लगने के बाद प्लांट के अधिकारियों ने शिकायत की। वहीं अजय प्रताप सिंह ने भी प्लांट के अधिकारियों की शिकायत की थी। जिसके बाद बताया जा रहा है कि दातागंज के दो अधिकारियों ने समझौता भी कराया था। हत्याकांड में मृतक पूरनपुर निवासी प्लांट के सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा के परिजनों ने भी इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने एक प्रभावशाली नेता पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। कहा था कि अगर अधिकारी समझौता न कराते तो हत्याकांड न होता। पुलिस ने आरोपी पर कार्रवाई करने में लापरवाही की है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि इतना गंभीर मामला होने के बाद भी समझौता कराना उचित नहीं था।



प्लांट से बाहर आतीं एसआईटी में शामिल अफसरों की गाड़ियां। • अमृत विचार

## डबल मर्डर की एसआईटी जांच शुरू, घंटों प्लांट व थाने में डेरा जमाए रहे अफसर

**संवाददाता, दातागंज/ बदायूं**

- **मंडलायुक्त की अध्यक्षता में टीम शुरू की छानबीन**
- **एसीआईटी की जांच में फंस सकती है कई की गर्दन**

**अमृत विचार :** तहसील दातागंज स्थित गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट पर हुए दोहरे हत्याकांड की एसआईटी (विशेष जांच दल) की जांच शुरू हो गई है। सोमवार शाम लगभग पांच बजे कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी के नेतृत्व में अधिकारियों ने तकरीबन डेढ़ घंटों तक प्लांट और फिर थाना मूसाझाग विभिन्न पहलुओं पर जांच की। जिसके बाद अधिकारी वापस लौट गए। हत्याकांड में कई मामले अभी भी अनसुलझे हैं।

गांव सैंजनी निवासी अजय प्रताप सिंह ने 12 मार्च को एचपीसीएल प्लांट के उप महाप्रबंधक सुधीर कुमार और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को जेल तो भेज दिया, घटना की सच्चाई लाने को सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसआईटी जांच हो रही है। मारे गए अफसरों के परिवारों ने पुलिस के साथ कुछ प्रभावशाली लोगों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। प्लांट के अंदर कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता का अंदेशा भी जताया है। हत्यारोपी बगैर रोकटोक दो तमंचे लेकर प्लांट में दाखिल हुआ और अफसरों की हत्या कर आसानी से निकल भी गया, किसी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की? ये ऐसे सवाल हैं, जो मामले को उलझा रहे हैं। बदायूं स्थित प्लांट में गोलीकांड लखनऊ-दिल्ली तक सुनाई दी है। मुख्यमंत्री योगी इस घटना को लेकर बेहद गंभीर है और अफसरों को सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी कर चुके हैं। बरेली मंडल के कमिश्नर भूपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गोलीकांड की जांच को बनी एसआईटी में डीआईजी बरेली रेंज अजय साहनी और अपर खाद्य आयुक्त बरेली कामता प्रसाद को शामिल किया गया है, जिन्होंने जांच शुरू कर दी है। सोमवार शाम करीब पांच बजे एसआईटी की गाड़ियां प्लांट में दाखिल हुईं और घटनास्थल का मुआयना किया। टीम ने सुरक्षाकर्मियों के बयान लिए। मौके की वीडियोग्राफी भी कराई। 40 मिनट के बाद टीम थाना मूसाझाग पहुंची और दर्ज मुकदमों के अलावा मुठभेड़ का ब्यौरा हासिल किया। थाने का जीडी, आमद-रवानगी रजिस्टर आदि दस्तावेज भी देखे गए। साथ ही आरोपी के पिता की दुकानों के अतिक्रमण पर जारी हुए नोटिस को लेकर बात की। जरूरी दस्तावेज देखकर और अन्य जानकारी जुटाकर टीम वापस लौट गई।

### घटना के बाद तीन संदिग्धों से हुई थी पूछताछ

जांच के अलावा पुलिस ने घटना के बाद तीन संदिग्धों को उठाकर पूछताछ की थी। बताया जा रहा है कि हत्याकांड में उनका भी हाथ था। फिलहाल पुलिस अभी उनके बारे में जानकारी नहीं दे रही है। जिसमें गाड़ी के चालक की भूमिका ज्यादा संदिग्ध नजर आ रही है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष को पुलिस ने फिर रोका एसएसपी से मुलाकात कर रखीं मांगें



**बदायूं, अमृत विचार :** एचपीसीएल प्लांट में दोहरे हत्याकांड को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव पुलिस ने सोमवार को भी मौके पर नहीं जाने दिया। सैंजनी जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने डीएम चौराहे पर रोक लिया। बाद में सभी एसएसपी अंकिता शर्मा से मुलाकात कर अपनी बात रखी। जिलाध्यक्ष ने एसएसपी से कहा कि सैंजनी में सत्याग्रह से प्रशासन को दिक्कत है तो दातागंज तहसील प्रांगण में सत्याग्रह करने दिया जाए। हालांकि सुरक्षा कारणों से उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई। जिलाध्यक्ष ने बाद में कहा कि कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। सीबीआई जांच की मांग को लेकर 17 मार्च जिला अस्पताल के सामने डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में उपवास पर बैठेंगे। जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि मृतक हर्षित मिश्रा के भाई वैभव मिश्रा से फोन पर बात की है। उन्होंने भी सीबीआई जांच की मांग पर सहमति व्यक्त की। उनके साथ कांग्रेसी टीम के बफाती मियां, सत्यम यादव, हाजी नुसरत अली, बृज भूषण गुर्जर, राजीव पटेल, गिरीश चंद्र, विजय बहादुर, अभिषेक यादव, नवनीत यादव, बन्ने खान, आर्येंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली में पेट्रोलियम मंत्री से मिले जितिन प्रसाद

**संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** बदायूं में हुए दोहरे हत्याकांड में जान गंवाने वाले एचसीपीएल प्लांट के उपप्रबंधक पूरनपुर के रहने वाले हर्षित मिश्रा के परिवार को केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। इसी क्रम में उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से मुलाकात की और पूरे मामले से अवगत कराया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के बदायूं स्थित सीबीजी प्लांट पर बीते दिनों उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बता दें कि हर्षित मिश्रा पूरनपुर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के रहने वाले थे। इस दोहरे हत्याकांड के बाद शासन स्तर से कार्रवाईयां चल रही हैं। वहीं, मृतक हर्षित के परिवार से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व अधिकारी लगातार संपर्क बनाए हुए हैं।

परिवार ने सीबीआई जांच की मांग की है। अब इस मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने नई दिल्ली में सोमवार को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की। उन्होंने संसदीय क्षेत्र के रहने वाले हर्षित मिश्रा की बदायूं में हुई निर्मम हत्या की घटना को विस्तार से पेट्रोलियम मंत्री को अवगत कराया। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि वह हर्षित के परिवार के लगातार संपर्क में है। परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।


पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात करते जितिन प्रसाद। • अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

मनमीत नगर महाविद्यालय
जगदेवपुर, भीरा लखीमपुर-खीरी
(अल्पसंख्यक संस्थान)
डी.एल.एड. (बी.टी.सी.)
बैच 2025-2027 में सीधे प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में सम्पर्क करें।
7080844848, 7080223332
ई-मेल : mnmu21@gmail.com
आज्ञा से - प्राचार्य/प्रबन्धक

सूचना
मैंने अपने पुत्र फरीद व उसकी पत्नी सपना उर्फ जीनम को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा।
मुशतरी बेगम पत्नी स्व. अब्दुल हमीद शाह निवासी मो. बाजार कस्बा व थाना खीरी।

आवश्यकता है
अध्यापक/अध्यापिकाओं की
छत्रपति शिवाजी कन्या उ.मा.विद्यालय
क्योलड़िया, नवाबगंज बरेली
में विज्ञान वर्ग, अंग्रेजी, गणित, कम्प्यूटर पढ़ाने हेतु
साक्षात्कार दिनांक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय में पहुंचे
(प्रबंधक) छोटेलाल गंगवार
मो. 9412289998

आवश्यकता है
अध्यापक/अध्यापिकाओं की
डॉ. श्यामाचरण छोटेलाल गंगवार इ. कालेज
नवाबगंज बरेली
में विज्ञान वर्ग, अंग्रेजी, गणित पढ़ाने हेतु
साक्षात्कार दिनांक 24.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय में पहुंचे
(प्रबंधक) छोटेलाल गंगवार
मो. 9412289998

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## उघैती क्षेत्र में सैलून संचालक को सरेआम मारी गोली, हालत गंभीर

**संवाददाता, उघैती/करियामई**

- **एसएसपी अंकिता शर्मा ने एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया के साथ किया मौका मुआयना**

**अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र के गांव ईखखेड़ा में सोमवार को दिन दहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने सैलून संचालक को गोली मार दी और फरार हो गए। संचालक गंभीर रूप घायल हो गया। उसे रुदायन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और वहां से जिला अस्पताल भेजा गया। एसएसपी अंकिता शर्मा ने एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया के साथ मौका मुआयना किया।

गांव उघैती गर्वी पट्टी निवासी समीर (18) पुत्र जाहिद बदायूं-बिजनौर राजमार्ग स्थित गांव ईखखेड़ा में हेयर सैलून चलाता है। सोमवार दोपहर वह घर पर था। परिजनों के अनुसार नमाज के बाद समीर को फोन करके किसी ने सैलून पर बुलाया था। समीर दुकान पर चला गया। दोपहर तकरीबन ढाई बजे बाइक सवार तीन बदमाश आए। और सैलून में फायरिंग शुरू कर दी। समीर को गोली लगी।

वह लहूलुहान होकर गिर गए। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी, फिर जिला अस्पताल और वहां से राजकीय मेडिकल में भर्ती कराया है। पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग तेज की है। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। खुलासा के लिए टीमों का गठन किया गया है।

> सोमवार दोपहर लगभग ढाई बजे बदमाशों युवक को गोली मार दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। घायल युवक को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना के अनावरण के लिए टीमों का गठन किया गया है।
>
> - डॉ. हृदेश कठेरिया, एसपी देहात।

## चार केंद्रों पर होगा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**बदायूं, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा समाप्त हो चुकी है। चार केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। करीब साढ़े तीन लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। उत्तर पुस्तिकांए 17 मार्च से जिले में आना शुरू हो जाएंगी। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। सीसीटीवी की निगरानी में करीब दो हजार से अधिक शिक्षक मूल्यांकन करेंगे। यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 19 मार्च से शुरू होगा।

## सहसवान में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष

**संवाददाता, सहसवान**

- **गांव सुजातगंज बेला में रंजिश के को लेकर चले ईंट-पत्थर**


घायल साहिबन।


घायल मुसव्वर।


घायल मुश्ताक।

**अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव सुजातगंज बेला में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर भी चले। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

गांव निवासी साहिबन पत्नी मुश्ताक की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार गांव के ही कुछ युवकों से उनका पुराना विवाद चल रहा है। 13 मार्च को उन लोगों ने उनके बेटे मुसव्वर के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की थी। जिससे उसे चोटें आई थीं। आरोप है कि रविवार को मोहल्ले के ही चार भाई एक राय होकर उनके घर में घुस आए और महिला के पति मुश्ताक के साथ मारपीट करने लगे। महिला ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान उनके पति के दाएं पैर में धारदार हथियार से वार कर दिया गया। जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सहसवान कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जाएगी।

## गंगा स्वच्छता पखवाड़े का आरंभ

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

अमृत विचार : गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत सोमवार को

एचपी इंटरनेशनल कालेज में छात्र छात्राओं को गंगा स्वच्छता की शपथ जिला परियोजना अधिकारी अनुज प्रताप सिंह द्वारा दिलाई गई, उन्होने बताया कि देश के सभी जनपदों में गंगा किनारे स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमें गंगा स्वच्छता और गंगा की अविरलता एवं निर्मलता को लेकर जिला गंगा समिति के तत्वावधान में 16- से 31 मार्च तक गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा हैं।

गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधक ने बताया कि कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य रितिका चावला और डीपीओ अनुज सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता होप यूनिटी फॉर हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन की निदेशक डॉ. कृष्णा सिंह, कैलाश धाम ट्रस्ट कछला के डायरेक्टर संचित सक्सेना एवं कालेज का समस्त स्टाफ, एच पी इंटरनेशनल कालेज से अनीता पाठक, शलभ तिवारी, अभिजीत गुप्ता, दिनेश पटेल, वैष्णवी राठौड़, अक्षय सक्सेना, अनीता पटेल, कुमकुम आदि रहे।

## 2712 लाभार्थियों को मिली पीएम आवास की प्रथम किस्त

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**


लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र देते सदर विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में शहरी प्रधानमंत्री आवास वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वीकृति पत्र वितरण किए गए। जिले के 2712 पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला है। इस दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम लाइव प्रसारण देखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य कर रहे हैं। अपर जिला अधिकारी न्यायिक व परियोजना अधिकारी डूडा कल्पना जायसवाल ने बताया कि योजना अंतर्गत रुपए 1.50 लाख केंद्र सरकार से तथा 1.00 लाख राज्य सरकार द्वारा कुल ढाई लाख रुपये अनुदान के रूप में दिए जाते हैं। जिसमें प्रथम किस्त में रुपए 1 लाख, द्वितीय किस्त में रुपए 1 लाख तथा तृतीय किस्त में रुपए 50 हजार अनुदान के रूप में उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। बताया कि जनपद के 2712 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला है। उनके खाते में 01 लाख रूपए की धनराशि मुख्यमंत्री के स्तर से अंतरित की गई है। बताया कि नगर निकाय अलापुर के 442, बिसौली के 88, बदायूं के 84, दहगवां के 12, दातागंज के 109, फैजगंज के 120, इस्लामनगर के 389, कछला के 34, ककराला के 172, कुंवरगांव के 64, मुड़िया के 78, रूदायन के 28, सहसवान के 208, सैदपुर के 162, सखानू के 47, उझानी के 52, उसहैत के 566 व वजीरगंज के 57 लाभार्थियों को लाभ मिला है। इस मौके पर पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शारदेंदु पाठक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, जिला राजस्व अधिकारी विनोद कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सहसवान के निजी अस्पताल पर कार्रवाई तय

**बदायूं, अमृत विचार :** बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे प्राइवेट अस्पताल संचालक ने स्वास्थ्य विभाग को नोटिस का जवाब नहीं दिया है। जिसके बाद अब उक्त अस्पताल पर कार्यवाही तय मानी जा रही है। सीएमओ के आदेश पर अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। सहसवान में कई अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं जिनकी स्थानीय लोगों ने सीएमओ और एडी हेल्थ से शिकायत की थी।

## ग्राहक से पैकेजिंग चार्ज वसूलना केएफसी को पड़ा महंगा, जुर्माना

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार** : खाद्य सामग्री मंगाने पर ग्राहक से पैकेजिंग चार्ज 37 रुपये वसूलना केएफसी को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय ने एक मॉल स्थित केएफसी को दो मामलों में 45 दिनों के भीतर 37-37 रुपये पैकिंग चार्ज व क्षतिपूर्ति राशि 25-25 हजार के साथ ही खर्चा मुकदमा 10-10 हजार रुपये भी उपभोक्ता को दिये जाने का आदेश दिया है। पुराना शहर जगतपुर निवासी शमा परवीन ने अधिवक्ता मोहम्मद इस्लाम के जरिये आयोग के समक्ष 11 जून 2024 को वाद पेश कर बताया कि 15 फरवरी 2023 व 2 अगस्त 2023 को जोमैटो एन्ड्राइड के माध्यम से केएफसी रेस्टोरेंट से खाद्य सामग्री का ऑर्डर किया। केएफसी ने बिल में पैकेजिंग चार्ज 37 रुपये अतिरिक्त जोड़ लिये, जबकि एप के माध्यम से खाना आर्डर करने का तात्पर्य यह है कि खाना परिवादी को खाने योग्य स्थिति में पैक और वितरित किया जायेगा। केएफसी ने पैकेजिंग चार्ज वसूल कर उपभोक्ता की सेवा में कमी की।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर

पत्रांक 1310 /352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2025-26 दिनांक 12.03.2026

-ई-प्रोक्योरमेण्ट निविदा सूचना -

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग में "मार्ग श्रेणी" में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद / खण्ड का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1- | खीरी/ प्रा0खं0 | विकास खण्ड पसगवां में राजकीय हेलीकाप्टर के सुरक्षित लैडिंग एवं टेक आफ हेतु स्थायी हैलीपैड का निर्माण कार्य | 75.00 | 5.75 | 2715.00 | 04 माह | ए बी सी |
| 2- | खीरी/ प्रा0खं0 | विकास खण्ड मितौली में राजकीय हेलीकाप्टर के सुरक्षित लैडिंग एवं टेक आफ हेतु स्थायी हैलीपैड का निर्माण कार्य | 82.00 | 6.10 | 2715.00 | 04 माह | ए बी |
| 3- | खीरी/ प्रा0खं0 | विकास खण्ड बेहजम में राजकीय हेलीकाप्टर के सुरक्षित लैडिंग एवं टेक आफ हेतु स्थायी हैलीपैड का निर्माण कार्य | 76.00 | 5.80 | 2715.00 | 04 माह | ए बी सी |
| 4- | खीरी/ प्रा0खं0 | विकास खण्ड मोहम्मदी में राजकीय हेलीकाप्टर के सुरक्षित लैडिंग एवं टेक आफ हेतु स्थायी हैलीपैड का निर्माण कार्य | 82.00 | 6.10 | 2715.00 | 04 माह | ए बी |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 18.03.2026 से 25.03.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 25.03.2026 को समय अपराह्न 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.03.2026 को अपराह्न 12:30 बजे खोली जायेगी।

(तरूणेन्दु त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखीमपुर खीरी

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर।

**UP-248264 दिनांक 14.03.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 2071/142सी0(ई0टेण्डर)-3/25 दिनांक: 12.03.2026

ऑन-लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन-लाइन ई-निविदा (स्वीकृति की प्रत्याशा में) दिनांक 18.03.2026 से दिनांक 24.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू० लाख में) | लागत: कुल लागत (4+5) (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद शाहजहॉपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत तिलहर बरीखास मार्ग से राजनपुर पुलिस चौकी से फाजिलपुर नहर तक सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0, शाहजहॉपुर | 261.95 | 19.65 | 281.60 | 16.08 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' (मार्ग कार्य) |
| 2 | जनपद शाहजहॉपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत एस0एच0-126 मार्ग से सुल्तानपुर नहर से फाजिलपुर नहर पुलिया तक सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। | | 285.08 | 21.38 | 306.46 | 17.33 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' (मार्ग कार्य) |
| 3 | जनपद शाहजहॉपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत एस0एच0-126 से फाजिलपुर वाया रैना सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | | 383.63 | 28.77 | 412.40 | 22.62 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' (मार्ग कार्य) |
| 4 | जनपद शाहजहॉपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत रतनपुर से नगरिया तक मार्ग (छूटी कड़ी) का नव निर्माण कार्य। | | 60.74 | 4.56 | 65.30 | 5.27 | 2725.00 | 6 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(रथिन सिन्हा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

**UP-248255 दिनांक 14.03.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर

पत्रांक 1311/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2025-26 दिनांक 12.03.2026

-ई-प्रोक्योरमेण्ट निविदा सूचना -

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग में "मार्ग श्रेणी" में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद/ खण्ड का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1- | खीरी/ प्रा0खं0 | शारदा सिंचाई विभाग के अन्तर्गत खीरी मुख्य नहर पटरी को पक्का करने के कार्य पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 130.00 | 8.50 | 2715.00 | 06 माह | ए बे |
| 2- | खीरी/ प्रा0खं0 | एन0एच0-24 से कुतुवापुर कैनाल ब्रिज मार्ग पर बी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 75.00 | 5.75 | 2715.00 | 04 माह | ए बी सी |
| 3- | खीरी/ प्रा0खं0 | हरगॉव दतेली पिपरझला मार्ग पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 170.00 | 10.50 | 2715.00 | 06 माह | ए बी |
| 4- | खीरी/ प्रा0खं0 | पिपरिया धनी सुभाषनगर सम्पर्क मार्ग पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 48.00 | 4.40 | 2715.00 | 02 माह | ए बी सी |
| 5- | खीरी/ प्रा0खं0 | गफ्फारनगर सम्पर्क मार्ग पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 44.00 | 4.20 | 2715.00 | 02 माह | ए बी सी |
| 6- | खीरी/ प्रा0खं0 | आशिकनगर ग्रन्ट सम्पर्क मार्ग पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 37.00 | 3.70 | 2715.00 | 02 माह | ए बी सी |
| 7- | खीरी/ प्रा0खं0 | मौसमपुर सम्पर्क मार्ग पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 36.00 | 3.60 | 2715.00 | 02 माह | ए बी सी |
| 8- | खीरी/ प्रा0खं0 | गौरिया सम्पर्क मार्ग पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 40.00 | 4.00 | 2715.00 | 02 माह | ए बी सी |
| 9- | खीरी/ प्रा0खं0 | इटारा से त्रिकौलिया सम्पर्क मार्ग पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 38.00 | 3.80 | 2715.00 | 02 माह | ए बी सी |
| 10- | खीरी/ प्रा0खं0 | औरंगाबाद से ढकिया देवी सम्पर्क मार्ग पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 45.00 | 4.25 | 2715.00 | 02 माह | ए बी सी |
| 11- | खीरी/ प्रा0खं0 | जहानीखेडा बरबर मोहम्मदी मार्ग (अ0जि0मा0) के कि0मी0-4 से दूल्हापुर सम्पर्क मार्ग पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 44.00 | 4.20 | 2715.00 | 02 माह | ए बी सी |
| 12- | खीरी/ प्रा0खं0 | लोधियापुर वाया फक्कापुर से अभयपुर वाया मुल्लापुर सम्पर्क मार्ग पर पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 47.00 | 4.35 | 2715.00 | 02 माह | ए बी सी |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 18.03.2026 से 25.03.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 25.03.2026 को समय अपराह्न 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.03.2026 को अपराह्न 12:30 बजे खोली जायेगी।

तरूणेन्दु त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखीमपुर खीरी

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर।

**UP-248263 दिनांक 14.03.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


# अवैध संबंधों के शक में युवक की हत्या में दो लोगों को उम्रकैद

**विधि संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** पत्नी से अवैध संबंध में युवक की हत्या करने के आरोपी थाना फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम रुकमपुर माधौपुर निवासी चेतराम और मुनीश उर्फ लाखन को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट-6 रामानन्द ने प्रत्येक को आजीवन कारावास व 65-65 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। वहीं चेतराम की पत्नी शारदा को बरी कर दिया। जुर्माना अदा न करने पर जीजा-साले को 3-3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सरकारी वकील सचिन जायसवाल ने बताया कि मृतक के पिता गंगाराम निवासी रुकमपुर माधौपुर ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया था कि 6 जून 2015 को रात करीब 8.30 बजे मेरा पुत्र राहुल कश्यप घर से खाना खाकर निकला था, जिसे गांव के चेतराम ने अपनी पत्नी से अवैध संबंध के शक में और मुनीश उर्फ लाखन ने अपनी बहन से अवैध संबंध के शक में अपहरण कर बिजली के तार से गला दबाकर हत्या कर दी और शव को नदी में फेंक दिया। पुलिस ने हत्या, अपहरण आपराधिक षडयंत्र की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रिछौला चौधरी विकास खंड नवाबगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत रिछौला चौधरी में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है-प्रथम श्रेणी ईंट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रेत, रोड़ी, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | रिफाकत के घर से नंनकु के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 430000/- | मनरेगा |
| 2. | धनीराम के घर से सामुदायिक शौचालय तक सीसी निर्माण कार्य | 510000/- | मनरेगा |
| 3. | कल्लू खान के घर से जमील खान के घर तक सीसी निर्माण कार्य। | 615000/- | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 17.03.2026 से दिनांक 20.03.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक 20.03.2026 दोपहर 3:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**प्रधान - श्रीमती प्रेम कुमारी** **सचिव - श्री पुष्पेंद्र शाक्य**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**लखीमपुर-खीरी (उ.प्र. 262701)**

पत्रांक : 85/जननिर्माण/एम.बी.एल./2025-26 दिनांक : 16.3.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26वें वित्त आयोग (अनटाइड ग्रान्ट) की प्रथम एवं द्वितीय किशत की धनराशि/15वें वित्त आयोग की पूर्व स्वीकृत कार्ययोजना की अवशेष धनराशि (अनटाइड ग्रान्ट) एवं 15वें वित्त आयोग (अनटाइड ग्रान्ट) के रूप में प्राप्त धनराशि से निकाय के खाते में ब्याज के रूप में प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्यो हेतु दिनांक 18.03.2026 सायं 05:00 बजे से दिनांक 08.04.2026 सायं 05:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

1. 1. वेबसाइटइ पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 18.03.2026 सायं 05:00 बजे से
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि 08.04.2026 सायं 05:00 बजे तक
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि 09.04.2026 सायं 05:00 बजे से
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी। निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**(संजय कुमार)** अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर
**(डा. इरा श्रीवास्तव)** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

**पत्रांक : 2083 / 141 सी0 (ई0टेण्डर)-3/26** **दिनांक: 12.03.2026**

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन-लाइन ई-निविदा दिनांक 18.03.2026 से दिनांक 24.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू० लाख में) | लागत: कुल लागत (4+5) (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रिंग रोड से प्राथमिक विद्यालय लघौली तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26) | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहांपुर | 89.25 | 6.81 | 96.06 | 6.80 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' बी (मार्ग कार्य) |

2-निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

**(महेन्द्र कुमार पाल)** अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर
**(प्रकाश चन्द्र)** अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

**UP-248256 दिनांक 14.03.2026**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 426/मु.अभि./नि.वि./2025-26 दिनांक 16.03.26

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ -5 -149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई - प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 01 से 42 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 18.03.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 18.03.2026 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 24.03.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 24.03.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम, बरेली**


# भरी पंचायत में सास-साले की चाकू से गोदकर हत्या

## इज्जतनगर क्षेत्र के रहपुरा चौधरी में वारदात, पत्नी गंभीर घायल

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**


आसमा।


आदिल।

**अमृत विचार :** रहपुरा चौधरी में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए की जा रही पंचायत के दौरान सास और साले पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर दिये। बीच में आई पत्नी को भी नहीं छोड़ा। हमले में सास और साले की मौत हो गयी, जबकि पत्नी की हालत गंभीर बनी है। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। डबल मर्डर से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। एडीजी और एसएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आरोपी की तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं।

बदायूं के डबल मर्डर की चिंगारी अभी शांत नहीं हुई थी कि अब इज्जत नगर क्षेत्र में दिनदहाड़े भरी पंचायत में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के रहपुरा चौधरी निवासी अफसर का अपनी पत्नी साइमा से विवाद चल रहा था। उसी को सुलझाने को लेकर सोमवार को पंचायत बुलाई गई थी।

पंचायत के दौरान ही अफसर ने चाकू से सास आसमां और साले आदिल पर हमला कर दिया। दोनों पर ताबड़तोड़ हमले किए, जिससे मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने के दौरान आरोपी ने पत्नी को भी चाकू मार कर घायल कर दिया।

भरी पंचायत सनसनीखेज वारदात से अफरा-तफरी मच गई। इसका फायदा उठाकर आरोपी मौके से भाग निकला। परिजन आनन-फानन घायलों को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया, जबकि आरोपी की पत्नी को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है।

दोहरे हत्याकांड से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। एडीजी रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक भी मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों से घटना की जानकारी जुटाई। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पारिवारिक पंचायत के दौरान वारदात हुई है। आरोपी की तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं, जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

**31 मार्च तक शेष 37 करोड़ के लिए झोंकी पूरी ताकत**

नगर निगम के लिए चालू वित्त वर्ष के शेष दिनों में 37 करोड़ रुपये का टैक्स वसूलना बड़ी चुनौती बना हुआ है। निगम ने इस वर्ष 110 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसके सापेक्ष अब तक लगभग 73 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। 31 मार्च की समय सीमा नजदीक आते देख कर विभाग ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

## नाइट स्टे कर सकते हैं मुख्यमंत्री प्रशासन तैयार

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्च के अंतिम सप्ताह में बरेली के प्रस्तावित दौरे पर जिला प्रशासन ने मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री के नाइट स्टे करने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीएम बीडीए, नगर विकास, लोनिवि, बिजली आदि विभागों की लगभग 6 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर योगी भव्य जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री बरेली कब आएंगे, इसकी तारीख अभी निर्धारित नहीं हुई है। हालांकि चर्चा यह है कि चैत्र नवरात्र में मुख्यमंत्री गोरखपुर ज्यादा रहते हैं।

## सब जूनियर 200 मीटर में बरेली के श्याम सबसे तेज दौड़े

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** युवा कल्याण और खेल मंत्रालय की ओर से दो दिवसीय जोन स्तरीय खेल स्पर्धा सोमवार से स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हो गई। पहले दिन बालक और बालिका सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में एथलेटिक्स, कुश्ती, जूडो, कबड्डी, भारोत्तोलन की प्रतियोगिताएं हुईं। महिला वर्ग सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन एमएलसी बहोरन लाल मोर्य ने किया। प्रतियोगिता में बरेली और मुरादाबाद मंडल के सांसद खेल स्पर्धा के विजयी खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

सब-जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अमरोहा के निशांत यादव प्रथम, बरेली के गोविंदपाल द्वितीय स्थान पर रहे। 800 मीटर में बरेली के मुनाजिर हसमत अली प्रथम, अमरोहा के मनी द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में बदायूं के प्रियांशु प्रथम और शाहजहांपुर के गुरुपाल सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर में बरेली के श्याम यादव प्रथम, अमरोहा के धीरज द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर में रामपुर के आलम अली ने प्रथम, पीलीभीत के हरप्रीत सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# प्लांट में गोलीकांड की एसआईटी जांच शुरू

**संवाददाता, दातागंज/ बदायूं**

- **मंडलायुक्त की अध्यक्षता में टीम शुरू की छानबीन**
- **एसीआईटी की जांच में फंस सकती है कई की गर्दन**

**अमृत विचार :** तहसील दातागंज स्थित गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट पर हुए दोहरे हत्याकांड की एसआईटी (विशेष जांच दल) की जांच शुरू हो गई है। सोमवार शाम लगभग पांच बजे कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी के नेतृत्व में अधिकारियों ने तकरीबन डेढ़ घंटों तक प्लांट और फिर थाना मूसाझाग विभिन्न पहलुओं पर जांच की। जिसके बाद अधिकारी वापस लौट गए। हत्याकांड में कई मामले अभी भी अनसुलझे हैं।

गांव सैंजनी निवासी अजय प्रताप सिंह ने 12 मार्च को एचपीसीएल प्लांट के उप महाप्रबंधक सुधीर कुमार और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को जेल तो भेज दिया, घटना की सच्चाई लाने को सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसआईटी जांच हो रही है। मारे गए अफसरों के परिवारों ने पुलिस के साथ कुछ प्रभावशाली लोगों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। प्लांट के अंदर कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता का अंदेशा भी जताया है। हत्यारोपी बगैर रोकटोक दो तमंचे लेकर प्लांट में दाखिल हुआ और अफसरों की हत्या कर आसानी से निकल भी गया, किसी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की? ये ऐसे सवाल हैं, जो मामले को उलझा रहे हैं।

बदायूं स्थित प्लांट में गोलीकांड लखनऊ-दिल्ली तक सुनाई दी है। मुख्यमंत्री योगी इस घटना को लेकर बेहद गंभीर है और अफसरों को सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी कर चुके हैं। बरेली मंडल के कमिश्नर भूपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गोलीकांड की जांच को बनी एसआईटी में डीआईजी बरेली रेंज अजय साहनी और अपर खाद्य आयुक्त बरेली कामता प्रसाद को शामिल किया गया है, जिन्होंने जांच शुरू कर दी है। सोमवार शाम करीब पांच बजे एसआईटी की गाड़ियां प्लांट में दाखिल हुईं और घटनास्थल का मुआयना किया। टीम ने सुरक्षाकर्मियों के बयान लिए। मौके की वीडियोग्राफी भी कराई।

## सीओ लेटर लिखते रहे, थानेदार कूड़े में फेंकते रहे, हो गया डबल मर्डर

**बदायूं, अमृत विचार :** बिकनू कांड, हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे और सीओ देवेन्द्र मिश्र का बलिदान सभी को याद होगा ! बदागंज के थाना मूसाझाग क्षेत्र में स्थित एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या की खूंरेज कहानी भी लगभग बिकनू जैसी है। कानपुर तरह ही प्लांट में अराजकता के हालात देखकर सीओ उझानी डॉ. देवेन्द्र कुमार खासे टेंशन में थे और अफसरों को धमकाए जाने के मामले को गंभीर बताकर थाना प्रभारी को एक-दो नहीं, बल्कि तीन पत्र लिख चुके थे। इसके बाद भी थानेदार के कान पर जूं नहीं रेंगी और प्लांट के अंदर दिनदहाड़े दबंग हमलावर ने डीजीएम सुधीर गुप्ता और एएम हर्षित मिश्रा को सरेआम गोली से उड़ा डाला।

## आवासीय खेल छात्रावास में प्रवेश के लिए ट्रायल 23 से

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए जिला और मंडल स्तर के ट्रायल आयोजित कराए जाएंगे। जिला और मंडल स्तरीय ट्रायल 23 व 27 मार्च से स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 8 बजे से होंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वालीबॉल, फुटबॉल बैडमिंटन, टेबल टेनिस के बालक वर्ग के जिला स्तर ट्रायल 23 को और मंडल स्तर के ट्रायल 27 मार्च को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। बालिका वर्ग के जिला स्तर ट्रायल 24 को और मंडल स्तर के ट्रायल 28 मार्च को होंगे। क्रिकेट, कबड्डी बास्केटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बाक्सिंग, जूडो, हैंडबॉल के आवासीय छात्रावासों के लिए जिला स्तर ट्रायल बालक वर्ग के 25 मार्च को होंगे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या - एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/02/2026**

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण :** **एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/02/2026** **कार्य का नाम :-** पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत प्लान हेड 16 के तहत देवकली, झरेखापुर एवं गोमतीनगर तथा मंधना-कानपुर अनवरगंज एलिवेटेड ट्रैक कार्य तथा बाराबंकी-बुढ़वल तीसरी लाइन कार्य के सम्बन्ध में यार्ड रिमॉडलिंग के प्रावधान, स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग का संवर्धन कार्य हेतु नवीनतम ऐसआईपी/ईऐसपी के अनुसार RDSO स्पेसिफिकेशन संख्या RDSO/SPN/192/2019 या इसके नवीनतम संस्करण (नवीनतम संशोधनों के साथ) के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के डिजाइन, प्रोग्रामिंग, इंस्टालेशन, सप्लाई, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग तथा आंशिक सामान की आपूर्ति के साथ इंडोर और आउटडोर कार्य एवं अन्य टेलीकॉम तथा अन्य शिफ्टिंग कार्य, **बयाना राशि (रु.) :** 22,78,000.00, **अनुमानित ठेका लागत (रु.) :** 42,56,02,627.48, **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 माह, **निविदा बंद होने की तिथि** : दिनांक 06.04.2026 को 15:00 बजे।

**नोट :-** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किए जाने चाहिएं।

**मु.सि.दू.इं./निर्माण, पू.उ. रेलवे/गोरखपुर**
**मुजाधि/सिगनल-115**
**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

## न्यूज ब्रीफ

### 'ग्रेवयार्ड इकॉनमी' से 'टेंपल इकॉनमी' की ओर बढ़ रहा यूपी

**अमृत विचार, लखनऊ/आगरा :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश अब वर्ष 2017 की 'ग्रेवयार्ड इकॉनमी' से निकलकर 'टेंपल इकॉनमी' की ओर बढ़ रहा है, जहां आस्था, संस्कृति और पर्यटन स्थानीय रोजगार व अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्रज रंगोत्सव 2026 के दौरान होली के प्रमुख दिनों में ब्रज क्षेत्र में 44 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे, जिससे धार्मिक पर्यटन को नया बल मिला। संस्कृति मंत्री ने सोमवार को कहा कि मथुरा-वृंदावन से लेकर अयोध्या और वाराणसी तक प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थल वैश्विक पहचान बना रहे हैं।


जयवीर सिंह

### असम व बंगाल में चुनावी माहौल गरमाएंगे यूपी के कांग्रेस नेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा कर दी है तो प्रदेश कांग्रेस में भी हलचल शुरू हो गई है। पांचों राज्यों में चुनाव कराने के लिए यूपी से प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष दिग्गज कांग्रेस नेताओं को भेजा जाएगा, जोकि राज्यों में जाकर चुनावी माहौल को गरमाएंगे। यूपी से भी दिग्गज नेताओं को पश्चिम बंगाल और असम समेत पांचों राज्यों में उतारने की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए करीब 50 नेताओं को चुना जाएगा। इसके लिए गहन मंथन शुरू हो गया है। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि पार्टी नेताओं को चुनाव के लिए राज्यों में भेजा जाएगा। इसके लिए नेताओं के कद के हिसाब से लिस्ट तैयार की जा रही है।

### 1,08,935 गांवों में से 95,765 का भू-संदर्भीकरण पूरा

**अमत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में कृषि क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का तेजी से विस्तार हो रहा है। कुल 1,08,935 राजस्व गांवों में से 95,765 गांवों का भू-संदर्भीकरण कार्य पूरा हो चुका है। इसके आधार पर खरीफ और रबी दोनों मौसम में बड़े पैमाने पर डिजिटल क्रॉप सर्वे किया गया है। खरीफ मौसम में 5.37 करोड़ से अधिक खेतों का सर्वे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया, जबकि रबी मौसम में भी 5.56 करोड़ से अधिक खेतों का सर्वे पूरा किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे और किसान पंजीकरण अभियान के माध्यम से किसानों का सटीक आंकड़ा तैयार करने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया गया है।

### प्रतियोगिता के आवेदन की अंतिम तिथि 20

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी)' योजना के अंतर्गत लोगो डिजाइन, क्विज और रील प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में विजेता को 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च शाम 5:45 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके अलावा 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए 'माय विलेज' रील/वीडियो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रतिभागी 30 से 60 सेकंड के वीडियो के माध्यम से अपने गांव की विशेषताओं और विकास की कहानियां साझा करेंगे। ग्राम्य विकास विभाग आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी MyGov या MYBharat पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

# संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार घोषित, 54 कलाकार होंगे सम्मानित

## वर्ष 2021 से लेकर 2024 तक के अकादमी पुरस्कारों के लिए नाम घोषित, संगीत, नृत्य, नाटक और लोक कलाओं के क्षेत्र में योगदान के लिए हुआ चयन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2021 से 2024 तक के अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इन पुरस्कारों के तहत संगीत, नृत्य, नाटक और लोक कलाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने बताया कि चार वर्षों के अकादमी पुरस्कारों के साथ रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कलाकारों का भी चयन हुआ है। इन्हें सफदर हाशमी पुरस्कार और बीएम शाह पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनकी कुल संख्या 54 बताई गई है।

संगीत नाटक अकादमी की ओर से वर्ष 2021 के अकादमी पुरस्कार के लिए शास्त्रीय गायन के क्षेत्र में पं. दीनानाथ मिश्रा, लोक गायन के लिए श्रीकांत वैश्य, नक्कारा वादन के लिए कानपुर के प्रभु दयाल और शहनाई वादन के लिए वाराणसी के जवाहर लाल के नामों की घोषणा की गई। इस क्रम में रंगमंच निर्देशन के लिए भूमिकेश्वर सिंह, रंगमंच तकनीकी-प्रकाशन के लिए जगमोहन रावत, नौटंकी निर्देशन के लिए राजकुमार श्रीवास्तव एवं नाट्य लेखन के लिए विजय पंडित को सम्मानित किया जाएगा। कला उन्नयन के लिए मथुरा के मोहन स्वरूप भाटिया और वाराणसी की माला होम्बल के नामों का चयन किया गया है। जबकि नृत्य विधा में मथुरा, वृंदावन की भरतनाट्यम नृत्यांगना प्रतिभा शर्मा को पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही वर्ष 2021 के सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए रीवा के मनोज कुमार मिश्रा एवं बी.एम. शाह पुरस्कार के लिए दिल्ली के सतीश आनन्द पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

- **अकादमी पुरस्कार समेत सफदर हाशमी व बीएम शाह पुरस्कारों के लिए भी नामों का चयन**



जानकारी देते उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत व अन्य।

वर्ष 2022 के अकादमी पुरस्कार के लिए शास्त्रीय गायन एवं लोक गायन के लिए मथुरा के आनन्द कुमार मलिक व माधुरी शर्मा, जबकि कथक नृत्य के लिए लखनऊ के पं. अनुज मिश्रा, पखावज वादन के लिए शशिकांत पाठक और तबला वादन के लिए प्रयागराज के पंकज कुमार श्रीवास्तव के नामों की घोषणा की गई है। वहीं गिटार वादन के लिए सुनील पावगी, बांसुरी वादन के लिए मोहन लाल कुंवर, रंगमंच अभिनय के लिए मंजू कौशल तथा रंगमंच तकनीक-कठपुतली के लिए मेराज आलम को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नाट्य लेखन, संगीत, नृत्य एवं रंगमंच के लिए वाराणसी के विजय शंकर मिश्रा एवं कला समीक्षा के लिए सीतापुर के पद्मकांत शर्मा को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। जबकि वर्ष 2022 के सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए नई दिल्ली के राजेश सिंह एवं बी.एम. शाह पुरस्कार के लिए भोपाल के कमल जैन के नामों का चयन किया गया है।

**वर्षवार कुल कलाकारों की संख्या**

2021 : 12 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 14 कलाकार
2022 : 12 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 14 कलाकार
2023 : 11 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 13 कलाकार
2024 : 11 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 13 कलाकार

संगीत नाटक अकादमी की ओर से वर्ष 2023 के लिए शास्त्रीय गायन की श्रेणी में डॉ. रामशंकर, सुगम गायन के लिए मनोज गुप्ता एवं लोक गायन के लिए राकेश श्रीवास्तव को सम्मानित करने की घोषणा की गई। जबकि कथक नृत्य के लिए लखनऊ की डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, तबला वादन के लिए अनूप बनर्जी और बांसुरी वादन के लिए चेतन कुमार जोशी के नामों का चयन किया गया है। वहीं नाटक एवं रंगमंच के क्षेत्र में निर्देशन के लिए राजकुमार उपाध्याय, अभिनय के लिए संजय देगलुरकर, लेखन-संगीत एवं नृत्य के लिए उमा त्रिगुणायत, कला उन्नयन के लिए डॉ. ओमेन्द्र कुमार एवं कला समीक्षा के लिए अर्जुनदास केसरी को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए गाजियाबाद के अजय कुमार और बीएम शाह पुरस्कार के लिए गोरखपुर के रविशंकर खरे के नाम का चयन किया गया है।

इसी क्रम में वर्ष 2024 के अकादमी पुरस्कार में शास्त्रीय गायन के लिए रीतेश-रजनीश मिश्रा, सुगम गायन के लिए मुक्ता चटर्जी और लोकगायन (आल्हा) के लिए रामस्थ पाण्डेय को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। वहीं लोक नृत्य के लिए सुगम सिंह शेखावत, दुक्कड़ वादन के लिए मंगल प्रसाद, वायलिन वादन के लिए सुखदेव मिश्रा एवं सितार वादन के लिए वाराणसी के राजेश शाह को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जबकि रंगमंच के क्षेत्र में निर्देशन के लिए सुषमा शर्मा, अभिनय क्षेत्र में रविकांत शुक्ला 'शिब्बू', कला उन्नयन के लिए राजेश पंडित एवं कला समीक्षा के लिए शशिप्रभा तिवारी को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही वर्ष 2024 के लिए सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए लखनऊ के शुभदीप राहा और बीएम शाह पुरस्कार के लिए भोपाल के संजय मेहता के नाम का चयन किया गया है। अध्यक्ष प्रो. जयंत ने बताया कि अकादमी की ओर से जल्द ही विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर इन सभी कलाकारों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आक्रोश

## बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन कटने पर मुआवजे की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। प्रदेश के कई जिलों में नेगेटिव बैलेंस के चलते लाखों उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आए, जिनमें उपभोक्ताओं ने भुगतान करने के बावजूद आरएमएस सिस्टम में रिचार्ज सिंक न होने के कारण समय पर बिजली कनेक्शन बहाल नहीं हो सके। इससे पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं के बीच आक्रोश की स्थिति बन गई।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात कर लोक महत्व का प्रतिवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को हजारों उपभोक्ताओं ने भुगतान कर दिया था,




फिर भी उनके कनेक्शन समय पर नहीं जोड़े गए। परिषद ने मांग की है कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं को स्टैंडर्ड ऑफ परफॉर्मेंस कानून 2019 के तहत मुआवजा दिया जाए। परिषद ने यह भी मांग उठाई कि स्मार्ट प्रीपेड मोड में जिन उपभोक्ताओं पर बकाया हो गया है, उन्हें पोस्टपेड उपभोक्ता मानते हुए विद्युत वितरण संहिता के तहत किस्तों में भुगतान की सुविधा दी जाए, ताकि गरीब उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। परिषद अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बिना उपभोक्ताओं को सूचना दिए उनके पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा दिए गए और उन्हें प्रीपेड मोड में बदल दिया गया, जो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का उल्लंघन है।

### रिचार्ज कराने पर भी प्रदेश के 1.47 लाख घरों में नहीं आई बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में प्रीपेड स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं होने कारण 2,23,765 विद्युत कनेक्शन आटोमिटिक ढंग से कट गए थे। उनमें से सोमवार तक 76,209 विद्युत कनेक्शन उपभोक्ताओं द्वारा रिचार्ज करा लेने के उपरांत पुनः चालू हो गये। लेकिन अभी भी 1,47,556 कनेक्शन कटे हुये हैं, जिससे उनके घरों में अंधेरा है। उधर पावर कारपोरेशन के प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन डिसकनेक्ट हुए हैं, यदि उनके यहां बिजली सप्लाई मिली तो मुकदमे कराए जाएंगे।

पिछले कई दिनों से प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की बिजली डिसकनेक्ट करने का मामला गरमाया हुआ है। इस मुद्दे पर

- **पावर कारपोरेशन ने कहा- कनेक्शन कटने के बाद बिजली प्रयोग की तो होंगे मुकदमे**

सोमवार को पावर कारपोरेशन के प्रवक्ता ने बताया कि बिजली सप्लाई बंद होने के बाद यदि उपभोक्ता बकाए का 50 फीसदी प्रीपेड स्मार्ट मीटर रिचार्ज करता है तो तो कनेक्शन केवल तीन दिनों के लिए पुनः जोड़ दिया जाएगा।

प्रवक्ता का कहना है कि यदि इन तीन दिनों के भीतर पूरा बिल नहीं रिचार्ज किया तो दोबारा कनेक्शन कट दिया जाएगा। स्मार्ट मीटरों के प्रमुख लाभों में सटीक बिलिंग, समय से रिचार्ज और मीटर से छेड़छाड़ नहीं करने पर निर्धारित विद्युत टैरिफ पर दो प्रतिशत छूट दी जा रही है।

### कैप्टिव पावर अमेंडमेंट रुल्स से डिस्काम पर मंडरा सकता वित्तीय खतरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार द्वारा कैप्टिव इलेक्ट्रिसिटी पावर अमेंडमेंट रूल्स लागू करने से बिजली वितरण कंपनियों पर वित्तीय खतरा मंडरा सकता है। इस नए नियम के तहत औद्योगिक कंपनियां अपने निजी बिजली घर लगा सकेंगी। जबकि डिस्काम की आय का साधन औद्योगिक कंपनियों को दी जा रही बिजली सप्लाई ही है। दरअसल केंद्र सरकार ने विद्युत अधिनियम-2005 में संशोधन किया है। उसके स्थान नया कैप्टिव पावर इलेक्ट्रिसिटी संशोधन (अमेंडमेंट) रूल्स- 2026 लागू किया गया है। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने इस संसोधन अधिनियम का कड़ा विरोध किया है। फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि इन संशोधनों से देश की बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस नियम ने कैप्टिव पावर के दायरे को अत्यधिक व्यापक बना दिया है, जिससे बड़े औद्योगिक उपभोक्ता बड़ी संख्या में डिस्कॉम से बिजली खरीदने के बजाय कैप्टिव स्रोतों से बिजली लेना शुरू कर देंगे। इससे डिस्कॉम की बिजली बिक्री में भारी गिरावट आएगी।


लखनऊ स्थित अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

# चूहामार दवा 'रैटोल पेस्ट' पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अवैध और अत्यंत घातक चूहानाशक उत्पाद 'रैटोल पेस्ट' की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। यह कार्रवाई जनस्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है।

राज्य सरकार के अनुसार, येलो या व्हाइट फॉस्फोरस युक्त यह उत्पाद (चूहामार दवा) अनुमोदित कीटनाशकों की सूची में शामिल नहीं है। ऐसे में इसका निर्माण, भंडारण और बिक्री कीटनाशी अधिनियम, 1968 के तहत दंडनीय अपराध है। विशेषज्ञों के मुताबिक, येलो फॉस्फोरस अत्यंत विषैला और ज्वलनशील पदार्थ है, जिसका कोई प्रभावी एंटीडोट उपलब्ध नहीं है और थोड़ी मात्रा में सेवन से भी गंभीर विषाक्तता या मृत्यु हो सकती है।

- **फॉस्फोरस युक्त चूहानाशक घातक अवैध बिक्री रोकने के निर्देश**

शासन ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे अपने प्लेटफॉर्म से 'रैटोल पेस्ट' या येलो फॉस्फोरस युक्त सभी उत्पादों की लिस्टिंग तत्काल हटाएं और भविष्य में इन्हें दोबारा सूचीबद्ध न होने दें। जिला कृषि रक्षा अधिकारियों और कीटनाशी निरीक्षकों को भी सघन निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। कहीं भी अवैध भंडारण या बिक्री मिलने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अभियान चलाकर करें सख्त कार्रवाई : शाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने निर्देश दिए हैं कि चूहानाशक दवा रैलोट पेस्ट की बिक्री पर तुरंत ही प्रदेश भर में रोक लगाई जाए। यह मानव जीवन के लिए घातक है। कृषि मंत्री ने सोमवार को प्रदेश के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी जिला कृषि रक्षा अधिकारी और इंसपेक्टर इसे लेकर सघन अभियान चलाएं और सख्त कार्रवाई करें।

# टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण के लिए दो हजार करोड़ रुपये मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत युवाओं को टेबलेट और स्मार्टफोन वितरित करने के लिए दो हजार करोड़ रुपये की धनराशि के उपयोग को वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में औद्योगिक विकास विभाग शासनादेश जारी किया गया है।

शासनादेश के अनुसार, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत टेबलेट और स्मार्टफोन वितरण के लिए दो हजार करोड़ रुपये की धनराशि आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उत्तर प्रदेश के निस्तारण पर रखी गई है। शासनादेश में बताया गया है कि युवाओं को निःशुल्क टेबलेट और स्मार्टफोन वितरण के लिए पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं और इस योजना के संचालन के लिए यूपी डेस्को को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। शासनादेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि बजट का आवंटन अपने आप में व्यय की अनुमति नहीं माना जाएगा। किसी भी व्यय से पहले संबंधित सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा। धनराशि का आहरण केवल तत्काल आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा और इसे बैंक खातों में रखकर नहीं रखा जाएगा। इसके साथ ही संबंधित अधिकारी या संस्था को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न हो और किए गए व्यय के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र समय से शासन को उपलब्ध कराया जाए। सरकार ने यह भी निर्देश दिया है कि योजना के तहत होने वाले सभी भुगतान और आहरण बजट मैनुअल, वित्तीय नियमों तथा संबंधित शासनादेशों के अनुरूप ही किए जाएं।

- **शासन ने आयुक्त एवं निदेशक उद्योग को भेजी धनराशि**

# कृषि क्षेत्र के लिए 49.81 करोड़ रुपये स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश की सरकार ने कृषि क्षेत्र और कृषि से संबंधित पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए खजाना खोल दिया। कृषि क्षेत्र के लिए 49.81 करोड़ किए गए मंजूर किए गए। खास बात यह है कि किसानों को अधिक पैदावार बढ़ाने के लिए उन्नत बीज मुहैया कराने के लिए छात्रों के लिए अयोध्या के कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 250 क्षमता के छात्रावास के निर्माण के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

कृषि विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक, कृषि क्षेत्र के विकास के लिए वर्ष 2025-26 के अंतर्गत महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गईं। इसके तहत किसानों को उन्नत बीज वितरण करने, खेत की मिट्टी का परीक्षण करने और तकनीकी सुधारों के लिए भी धन जारी किया गया। खास बात यह है कि जायद फसलों के तहत गन्ना फसल के साथ ही दलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने की योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम योजना में 28.78 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी दी गई।

- **नरेंद्र देव कृषि यूनिवर्सिटी परिसर में बनेगा 250 छात्रों की क्षमता का छात्रावास**
- **किसानों को उन्नत बीज देने और मिट्टी परीक्षण के लिए भी जारी किया बजट**
- **प्रयोगशालाओं में तैनात संविदा कर्मियों का बढ़ेगा वेतन**

बजट में मृदा परीक्षण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उपाय किए गए हैं। प्रदेश भर की प्रत्येक तहसील पर बनी प्रयोगशालाओं में कार्यरत संविदा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि का निर्णय लिया गया है। साथ ही मिट्टी की जांच के लिए 15.39 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इसके अलावा कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा निदेशालय द्वारा कृषि आंकड़ों में सुधार करने के लिए भी धन को मंजूरी दी गई है।

### मत्स्य पालकों के प्रशिक्षण पर खर्च की सीमा तय

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने मत्स्य पालक कल्याण कोष के क्रियान्वयन से संबंधित दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए प्रशिक्षण, भ्रमण, प्रदर्शन और सेमिनार जैसे कार्यक्रमों के संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए मत्स्य पालकों व मछुआरों के प्रशिक्षण पर कोष से व्यय की व्यवस्था को संशोधित किया गया है। मत्स्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार, नई व्यवस्था के तहत अब राज्यांतर्गत तथा अंतर्राज्यीय भ्रमण, क्षमता विकास, प्रदर्शन और सेमिनार कार्यक्रमों के लिए मत्स्य पालकों व मछुआरों के प्रशिक्षण और भ्रमण पर कोष की निर्धारित सीमा तक व्यय किया जा सकेगा। इससे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का दायरा बढ़ेगा और मत्स्य पालकों को नई तकनीक और आधुनिक पद्धतियों की जानकारी मिल सकेगी।

**मिसाल** | सब्सिडी से बदली तकदीर, जरबेरा की खेती से लाखों की कमाई

# फूलों की खेती से बनाई पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** सरकारी योजनाओं के सहयोग से प्रदेश के किसान आधुनिक और अधिक लाभकारी खेती की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। बाराबंकी जिले के युवा किसान नीरज पटेल ने फूलों की खेती अपनाकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। उन्हें सरकार की ''राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना'' के तहत सहायता मिली, जिसके बाद उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

पारंपरिक खेती करने वाले परिवार से आने वाले नीरज पटेल ने पढ़ाई पूरी करने के बाद कुछ नया करने


बाराबंकी के किसान नीरज पटेल

का निर्णय लिया। उद्यान विभाग के एक कार्यक्रम में उन्हें जरबेरा फूल की खेती के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने आधुनिक तकनीक के साथ इस खेती को अपनाने का फैसला किया। वर्ष 2018 में योजना के तहत उन्हें लगभग 29.50 लाख रुपये का ऋण मिला और बाद में 50 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान किया गया। सरकारी सहायता से उन्होंने अपने एक एकड़ खेत में संरक्षित खेती के तहत पॉलीहाउस स्थापित किया। इसमें करीब 25 हजार जरबेरा पौधे लगाए गए हैं, जो एक बार लगाने के बाद लगभग छह वर्ष तक उत्पादन देते हैं। जरबेरा फूलों की मांग शादी, सजावट और विभिन्न आयोजनों में लगातार बनी रहती है। नीरज बताते हैं कि सभी खर्च निकालने के बाद उन्हें हर साल करीब 8 से 10 लाख रुपये तक की शुद्ध आय हो जाती है। उनकी पहल से आसपास के पांच लोगों को रोजगार भी मिला है। नीरज अब अन्य किसानों को भी आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले बजट का पूरा उपयोग करें : सचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को विभागीय योजनाओं के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट और प्रगति की समीक्षा की। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, बजट व्यय और लंबित परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले बजट का पूरा उपयोग करें। कैसरबाग स्थित निर्यात भवन में समीक्षा के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

# जरूरत पड़ी तो बढ़ाएंगे बॉरोइंग पावर

## नाबार्ड की आरआईडीएफ परियोजनाओं की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने नाबार्ड की ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) से वित्त पोषित परियोजनाओं की प्रगति को संतोषजनक बताया और कहा कि आवश्यकता पड़ने पर चालू वित्तीय वर्ष में राज्य की बॉरोइंग पावर बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने नाबार्ड और कार्यदायी विभागों के बीच बेहतर तालमेल पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि परियोजना स्वीकृति, प्रतिपूर्ति दावे और परियोजना पूर्णता प्रमाणपत्र समयबद्ध तरीके से भेजे जाएं।


मुख्य सचिव एसपी गोयल

मुख्य सचिव सोमवार को लोकभवन में नाबार्ड की ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) से वित्त पोषित परियोजनाओं की प्रगति संबन्धी समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इनमें वित्तीय वर्ष 2025-26 की हाई पावर कमेटी की पंचम समीक्षा की गई। बैठक में पशुपालन विभाग की प्रस्तावित पशु चिकित्सालय परियोजना की भी समीक्षा की गई। साथ ही प्रोजेक्ट यट टू बी प्रोजेक्ट यह टू बी ग्राउंडेड और स्लो मूविंग प्रोजेक्ट्स की स्थिति पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को विस्तृत विवरण नाबार्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में आरआईडीएफ के तहत 2419 करोड़ रुपये की नई परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जबकि 2700 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 2713 करोड़ रुपये का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक राज्य को 3100 करोड़ रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### भाजपा के इशारे पर काम कर रहा चुनाव आयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि भाजपा फर्जी तरीके से प्रिंटेड फार्म-7 और नकली हस्ताक्षरों के जरिए सपा समर्थकों के वोट कटवाने की साजिश कर रही है। पार्टी ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की, लेकिन अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सपा प्रमुख ने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं होती, वहां चुनाव के दौरान डीजीपी और मुख्य सचिव जैसे अधिकारियों को हटा दिया जाता है, जबकि भाजपा शासित राज्यों में ऐसा नहीं होता।





इतिहास ने, भूगोल ने, परंपरा ने, संस्कृति ने, धर्म ने, नदियों ने हमें आपस में बांधा है।

-अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री

## राज्यों से राष्ट्रीय संकेत

देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव केवल क्षेत्रीय सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया के अलावा राष्ट्रीय राजनीति के भविष्य की दिशा भी तय कर सकते हैं। लगभग साढ़े सत्रह करोड़ मतदाता 824 विधानसभा सीटों पर मतदान करेंगे। इन राज्यों से लोकसभा के 116 और राज्यसभा के 51 सदस्य आते हैं, इसलिए इनके नतीजों से मिले सियासी संकेत स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय सत्ता समीकरणों को प्रभावित करेंगे।

चुनाव वाले राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरलम, असम में सामाजिक संरचना, राजनीतिक परंपराएं और आर्थिक चुनौतियां भिन्न हैं, इसलिए मतदाताओं के मुद्दे भी अलग-अलग हैं। मतदाताओं के सामने मुख्य मुद्दों में बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक सुरक्षा, क्षेत्रीय पहचान और विकास का प्रश्न प्रमुख रहेगा। पिछले वर्षों में रोजगार के अवसरों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई, जबकि जीएसटी संग्रह और विदेशी निवेश में शानदार बढ़ोतरी हुई। इससे यह सवाल भी उठ रहा है कि आर्थिक वृद्धि का लाभ आम नागरिक तक किस हद तक पहुंचा है, इसलिए इन चुनावों में मतदाता केवल वैचारिक नारों के बजाय रोज़गार, शिक्षा और बुनियादी सेवाओं जैसे ठोस मुद्दों पर वोट करते दिखाई दे सकते हैं। इन चुनावों के किसी दल या गठबंधन को अधिकतर राज्यों में निर्णायक जीत मिलती है, तो उसका प्रभाव लोकसभा और राज्यसभा की रणनीतियों में दिखाई देगा। क्षेत्रीय दलों की मजबूती भी राष्ट्रीय राजनीति में उनकी सौदेबाज़ी की क्षमता बढ़ा सकती है, फिलहाल राजनीतिक दृष्टि से कुछ राज्यों के मुकाबले दिलचस्प होंगे। तमिलनाडु में द्रविण मुनेत्र कषगम का लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटने का प्रयास हो अथवा पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस चौथी बार सत्ता में आने की चुनौती हो या फिर केरल में पारंपरिक सत्ता परिवर्तन की परंपरा को देखते हुए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, मार्क्सवादी के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा और कांग्रेस के गठबंधन का सीधा संघर्ष यह देखने लायक होगा, तो वहीं असम और पुडुचेरी में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के सामने सत्ता बरकरार रखने की चुनौती भी दर्शनीय है। इन चुनावों के अलावा गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, नगालैंड और त्रिपुरा की आठ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों से यद्यपि इनकी विधानसभाओं का संतुलन बहुत अधिक नहीं बदलेगा, लेकिन यह दलों की लोकप्रियता के संकेत अवश्य देंगे। इन चुनावों के संदर्भ में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर बहुतों को संदेह है, तो मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण प्रक्रियाओं में बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं नाम कटने के आरोप भी जायज हैं। ऐसे में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

आयोग को पारदर्शिता, निष्पक्षता और समान अवसर सुनिश्चित करके यह साबित करना होगा कि चुनावी मैदान सभी दलों के लिए समान है। लोकतंत्र में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब भी होते हैं। यदि चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रहती है तथा राजनीतिक दल विकास और जनकल्याण के वास्तविक मुद्दों पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, तो यह लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम होगा।

### प्रसंगवश

## 'सियासत में जरूरी है रवादारी, समझता है'



नवेद शिकोह

वरिष्ठ पत्रकार

सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने सबसे बड़े जनाधार वाले मुस्लिम समाज को कम तवज्जो देते हैं। ये धारणा टूट रही है। अब अखिलेश मुस्लिम समाज को अधिक से अधिक समय दे रहे हैं। अपने पिता दिवंगत मुलायम सिंह यादव की तरह, वो मुस्लिम महफ़िलों-शादियों में ख़ूब शिरकत कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने राजनीतिक करियर में जितनी मुस्लिम शादियों और रोजा इफ्तार पार्टियों में सम्मिलित हुए होंगे, इतनी शिरकत उन्होंने चंद सप्ताह में कर लीं।

सपा मुखिया की मुस्लिम महफिलों में बढ़ती दिलचस्पी पर राजनीति पंडितों का मानना है कि हालिया बिहार और महाराष्ट्र निकाय चुनावी नतीजों में एआईएमआईएम की सफलता के बाद अखिलेश असदुदीन औवेसी की यूपी दस्तक को गंभीरता से ले रहे हैं। भाजपा द्वारा तुष्टिकरण के आरोपों और ध्रुवीकरण से बचने के अलावा अधिक से अधिक हिंदू समाज के वोट हासिल करने के लिए वो मुस्लिम समाज से सीमित ही रिश्ता रखने व इनके मसलों पर ज्यादा मुखर न होना ही मुनासिब समझ रहे थे, क्योंकि चाह कर भी वो अपने पिता मुलायम सिंह यादव की तरह अकलियत के मुद्दों पर अधिक मुखर नहीं हो सकते थे।

एक जमाना था जब उत्तर प्रदेश में चार दलों का वजूद था, इसलिए मुलायम के जमाने वाली सपा एमवाई (मुस्लिम-यादव) समीकरण से सरकार बना सकती थी, किंतु अब समाजवादी पार्टी का लक्ष्य भाजपा के तकरीबन चालीस से पचास फीसद जनाधार के मुकाबले इतना ही जनाधार हासिल करना है, जो एमवाई समीकरण से संभल नहीं रही। यही कारण है कि पीडीए बनाकर दलित-पिछड़ों को विश्वास में लेने की सपा की मुख्य रणनीति है। बसपा हाशिए पर है और कांग्रेस साथ है।

भाजपा को हराने के लिए सपा इकलौता दल है, इसलिए मुस्लिम समाज सपा को नजरंदाज नहीं कर सकता। भले ही सपा मुसलमानों को कितना भी नजरंदाज कर ले, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव और महाराष्ट्र निकाय चुनाव में ओवैसी की तरफ बढ़ते मुस्लिम रुझान से अखिलेश अपनी रणनीति को परिवर्धित करते हुए अकलियत के नजदीक जा रहे हैं।

ये सच है कि दुनिया की तरह वक्त भी गोल है, जहां से शुरू होता है वहीं आ जाता है। घूम फिरकर हम वहीं आ जाते हैं, जिसे छोड़कर निकले थे। औवेसी सपा को पुराने स्वरूप में लाने पर मजबूर कर रहे हैं। यूपी में भाजपा की भगवा संस्कृति की हुकूमत के नौ बरसों के दौरान रमजान की इबादत में सियासत का अतिक्रमण कम हो गया था। समाजवादी पार्टी मुखिया भी मुस्लिम महफ़िलों और मसले मसायलों में एक लिमिट तक ही नजर आ रहे थे, लेकिन बिहार और फिर महाराष्ट्र निकाय चुनावी नतीजों का असर यूपी में दिखने लगा है।

2027 की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अंतिम वर्ष है। माह-ए- रमज़ान में इसका असर दिखा। बहुत अर्से से सूनी पड़ी लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब ने अंगड़ाई ली। भव्य रोजा इफ्तार पार्टियों में हिंदू-मुस्लिम सद्भावना के मंजर दिखाई दिए। सद्भावना और गंगा-जमुनी तहजीब को बहाल करने या पुनः इबादत में सियासत के रंग घोलने में समाजवादियों का बड़ा योगदान रहा। सफेद जाली टोपियां इफ्तार पार्टियों की शान रहती हैं, लेकिन समाजवादी लाल टोपियां भी इफ्तार पार्टियों में खूब नजर आ रही हैं।

सियासी इफ्तार पार्टियों पर मशहूर शायर राहत इंदौरी ने लिखा था-

**सियासत में ज़रूरी है रवादारी, समझता है**
**वो रोज़ा तो नहीं रखता, पर इफ्तारी समझता है**

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## 5 राज्यों के चुनाव व पश्चिम बंगाल की निर्णायक परीक्षा





जयदेव राठी

लेखक

> पांच राज्यों में चुनावों का एलान हो गया है। इन राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिकी हुई हैं।

भारत में जब भी कई राज्यों में एक साथ चुनाव होते हैं, तो राजनीतिक विमर्श केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा का संकेत भी देने लगता है। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा के बाद देश की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इन चुनावों को लेकर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिकी हुई हैं। इसका कारण यह है कि यहां पिछले लगभग डेढ़ दशक से सत्ता में मौजूद तृणमूल कांग्रेस और उसे चुनौती देने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी भाजपा के बीच सीधा और तीखा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

पश्चिम बंगाल की सियासत पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। 2011 में वाम मोर्चे के लंबे शासन को समाप्त कर सत्ता में आईं ममता ने राज्य की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। उसके बाद से तृणमूल कांग्रेस लगातार सत्ता में बनी हुई है और इस बार का चुनाव उसके लिए लगभग 15 वर्षों के शासन की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। लोकतांत्रिक राजनीति का एक स्वाभाविक नियम यह है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारों को एंटी-इंकंबेंसी का सामना करना पड़ता है। जनता के एक वर्ग में यह भावना बनने लगती है कि अब बदलाव होना चाहिए। पश्चिम बंगाल में भी विपक्ष इसी मनोविज्ञान को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अपनी राजनीतिक जमीन काफी मजबूत की है। कभी राज्य की राजनीति में सीमित उपस्थिति रखने वाली यह पार्टी आज तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को राज्य में उल्लेखनीय सफलता मिली थी और 2021 के विधानसभा चुनावों में भी उसने मजबूत प्रदर्शन करते हुए खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित कर लिया। यही कारण है कि इस बार भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ 'परिवर्तन' का नारा दे रही है। पार्टी का मानना है कि राज्य में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक अक्षमता जैसे मुद्दों के कारण जनता बदलाव चाहती है।

इस चुनाव में एक नया आयाम विशेष सघन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का विवाद भी जुड़ गया है। यह विवाद 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसे बुनियादी मुद्दों को भी पीछे छोड़ते हुए इस वर्ष बंगाल की राजनीति का एक प्रमुख विषय बन गया। इसमें तृणमूल कांग्रेस और चुनाव आयोग के बीच खुला टकराव देखने को मिला। ममता बनर्जी ने इस प्रक्रिया को बंगाली पहचान और मतदाता अधिकारों के लिए संभावित खतरा बताया, जबकि भाजपा का कहना है कि यह प्रक्रिया फर्जी नामों को हटाने के लिए जरूरी है, जिनमें कथित तौर पर बांग्लादेश से आए घुसपैठिए, रोहिंग्या और अन्य लोग शामिल हैं। यह विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और ममता बनर्जी स्वयं अदालत में उपस्थित हुईं। ममता बनर्जी निष्क्रिय नहीं हैं। वे एक अनुभवी राजनीतिक योद्धा हैं, जो प्रत्येक प्रहार का उत्तर जानती हैं।

भाजपा का आरोप है कि पड़ोसी देशों से होने वाली अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और सुरक्षा दोनों को प्रभावित किया है। भाजपा इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा और पहचान की राजनीति से जोड़कर जनता के सामने रखती रही है। दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस इन आरोपों को राजनीतिक प्रचार बताती है और कहती है कि भाजपा राज्य की सामाजिक एकता को तोड़ने की कोशिश कर रही है। इस तरह घुसपैठ का मुद्दा केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि चुनावी बहस का बड़ा राजनीतिक विषय बन गया है।

ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उनकी जनसंपर्क क्षमता और कल्याणकारी योजनाएं मानी जाती हैं। उनकी सरकार ने महिलाओं, गरीबों और ग्रामीण वर्ग के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचा है। यही कारण है कि तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि जनता का भरोसा अब भी उसके साथ है। पार्टी यह भी कहती है कि भाजपा बाहरी ताकत के रूप में बंगाल की राजनीति में प्रवेश करना चाहती है, जबकि तृणमूल खुद को बंगाल की संस्कृति और अस्मिता का प्रतिनिधि बताती हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में केवल विकास या प्रशासनिक मुद्दे ही निर्णायक नहीं होते, बल्कि सांस्कृतिक पहचान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बंगाल का समाज अपनी भाषा, संस्कृति और बौद्धिक परंपरा को लेकर काफी सजग माना जाता है। ऐसे में चुनावों के दौरान 'बंगाली अस्मिता' का प्रश्न अक्सर उभरकर सामने आ जाता है। ममता बनर्जी इसी भावनात्मक मुद्दे को मजबूत करने की कोशिश करती रही हैं, जबकि भाजपा राष्ट्रीय राजनीति के बड़े मुद्दों को सामने रखकर चुनावी मैदान में उतरती है।

हाल के वर्षों में राज्य सरकार पर कई आरोप भी लगे हैं, जिनमें शिक्षक भर्ती घोटाले और राशन वितरण से जुड़े विवाद प्रमुख रहे हैं। इन मामलों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। भाजपा का कहना है कि इन घटनाओं ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और जनता अब पारदर्शिता और जवाबदेही चाहती है, हालांकि तृणमूल कांग्रेस इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताकर खारिज करती रही है।

यदि व्यापक राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो पश्चिम बंगाल का चुनाव केवल राज्य की सत्ता तक सीमित नहीं है। इसके परिणाम का असर राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ सकता है। ममता बनर्जी को राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के प्रमुख चेहरों में गिना जाता है। यदि वे एक बार फिर मजबूत जनादेश प्राप्त करती हैं, तो उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हो सकती है। वहीं भाजपा के लिए बंगाल में सफलता पूर्वी भारत में अपनी राजनीतिक पकड़ को और विस्तार देने का अवसर होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



महागठबंधन इस चुनाव में जीत दर्ज करेगा। मेरी पार्टी हमेशा भाजपा के खिलाफ लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। कांग्रेस के दो विधायकों के गायब होने की चर्चा अफवाह है।

-तेजस्वी यादव
नेता
राष्ट्रीय जनता दल

एनडीए की जीत तय है। जिन विधायकों को एकजुट रखने के लिए होटल में ठहराया गया है, वे भी अंततः एनडीए के पक्ष में वोट करेंगे।

-जीतन राम मांझी
मंत्री
केंद्र सरकार



## यह युद्ध क्या लंबा और विनाशकारी होगा!



प्रो. आरके जैन

शिक्षाविद्

> भविष्य की अनिश्चितता ने दुनिया को गहरी चिंता में डाल दिया है। ईरान पीछे नहीं हटता, तो यह संघर्ष लंबे एट्रिशन युद्ध में बदल सकता है।

मध्य पूर्व अचानक संघर्ष की भयंकर आग में झुलस रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से 'पूर्ण और बिना शर्त आत्मसमर्पण' की मांग की और कहा कि कोई सौदा नहीं, कोई मध्यस्थता नहीं, सिर्फ पूरी तरह जीत। यह अल्टीमेटम युद्ध के सातवें दिन आया, जब अमेरिका और इज़राइल ने ईरान पर हजारों लक्षित हमले किए। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोज़तबा खामेनेई ने इसे केवल एक 'सपना' करार देते हुए पूरी तरह खारिज कर दिया, जिससे तनाव और भी गहरा गया है।

खामेनेई के कड़े शब्दों ने अमेरिका के लिए सीधे चुनौती खड़ी कर दी है। ईरान ने ट्रंप का अल्टीमेटम ठुकराते हुए कहा, 'हम अंत तक लड़ेंगे।' इसके तुरंत बाद, ईरानी मल्टी-वारहेड मिसाइलों ने इज़राइल और गल्फ क्षेत्रों को विनाश की आग में ढक दिया। युद्ध के 11वें दिन, 140 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं, जिनमें आठ की स्थिति गंभीर है। पेंटागन चुप है, लेकिन सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'साइलेंट किलर' मोड कहते हैं। ईरान ने क्षेत्रीय सहयोगियों को सक्रिय किया, जिससे लेबनान में 10 लाख लोग विस्थापित हुए। ट्रंप का दावा कि ईरान की मिसाइल क्षमता 80% कम हो गई है, हकीकत से मेल नहीं खाता, क्योंकि जवाबी हमले लगातार जारी हैं। रूस के साथ ईरान की बातचीत अमेरिकी आर्थिक दबाव को और गहरा रही है।

भविष्य की अनिश्चितता ने पूरी दुनिया को गहरी चिंता में डाल दिया है। यदि ईरान पीछे नहीं हटता, तो यह संघर्ष लंबे एट्रिशन युद्ध में बदल सकता है, जहां मौतों की संख्या बढ़ेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ेगा। ऐसी स्थिति में ट्रंप को अपना अल्टीमेटम वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है और घोषित 'विक्ट्री' केवल राजनीतिक बयान भर रह जाएगी। दूसरी ओर, ईरान अपने सहयोगियों के साथ अंत तक लड़ने का संकेत दे चुका है। भारत जैसे देश तटस्थ रहते हुए कूटनीति के रास्ते को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। यह अल्टीमेटम शांति की संभावनाओं को कठिन परीक्षा में डाल रहा है। अब आने वाला समय ही तय करेगा कि ट्रंप की दिखावटी ताकत भारी पड़ेगी या ईरान की दृढ़ता पूरी दुनिया को एक नए संकट के दौर में धकेल देगी।

वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट की कगार पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे 'मेजर ह्यूमैनिटेरियन इमरजेंसी' घोषित किया। अब तक 1000 से अधिक नागरिक स्थल तबाह हो चुके हैं। मध्य पूर्व में अस्थिरता फैल रही है, बेरूत से तेहरान तक बमबारी जारी है। तेल की कीमतें 91 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं और होर्मुज स्ट्रेट में खतरे के कारण और बढ़ सकती हैं। जर्मन चांसलर ने चेतावनी दी कि बिना ठोस एग्जिट प्लान के युद्ध अनंत तक खिंच सकता है। चीन ने ईरान को स्पष्ट संदेश दिया कि अमेरिका और इजराइल को चुनौती न दें, जबकि रूस का समर्थन ईरान को जारी है। ट्रंप बार-बार 'विजय नजदीक' बता रहे हैं, लेकिन मिसाइल हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। दुनिया की निगाहें थम गई हैं, क्योंकि किसी भी क्षण परमाणु खतरे का भय मंडरा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव चरम पर पहुंच चुका है। दबाव और शांति के बीच संतुलन साधना अब सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। बैक चैनल्स के जरिए शांति के संकेत भेजे जा रहे हैं, लेकिन अल्टीमेटम से पीछे हटना लगभग असंभव है। विशेषज्ञ मानते हैं कि बिना रिजीम चेंज के कोई 'जादुई जीत' संभव नहीं। ईरान ने सरेंडर नहीं किया। उसका नेतृत्व और भी रेडिकल हो गया है। अमेरिकी बलों ने अब तक 5000 से अधिक टारगेट्स हिट किए, लेकिन ईरानी मिसाइलें लगातार जारी हैं। पेंटागन की चुप्पी वैश्विक स्तर पर सवाल खड़े कर रही है और यह अल्टीमेटम युद्ध को लंबा खींच सकता है, जिससे आर्थिक भार अमेरिका पर भारी पड़ेगा।

ईरान पूरी तरह अमेरिका को थकाने और दबाव में रखने की रणनीति पर केंद्रित है। होर्मुज स्ट्रेट और प्रमुख तेल पाइपलाइंस को निशाना बनाकर उसने वैश्विक ऊर्जा संकट और बढ़ा दिया है। क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने के लिए विद्रोही समूहों को सक्रिय करना उसकी रणनीति का हिस्सा बन गया है। युद्ध का कोई सुरक्षित ऑफ-रैंप न होने के कारण यह दावा कि यह जल्द खत्म होगा, पूरी तरह खोखला लगता है।

डिप्लोमेसी अब सबसे अहम जरूरत बन गई है। रूस और ईरान की बातचीत जारी है, जबकि चीन की चेतावनी स्पष्ट और सख्त है। ट्रंप बैक चैनल्स के माध्यम से शांति के संकेत दे रहे हैं, लेकिन 'सरेंडर या डाई' अल्टीमेटम इसे रोक रहा है। ईरान न्यूक्लियर रिफाइनमेंट तेज कर सकता है, जो वैश्विक स्तर पर बड़ा खतरा पैदा करता है। अब दुनिया के नेताओं को तुरंत मध्यस्थता करनी होगी, वरना ह्यूमैनिटेरियन क्राइसिस और गहरा जाएगा। यह अल्टीमेटम इतिहास में दर्ज होगा, या तो अमेरिकी 'विजय' के रूप में, या गंभीर भूल के रूप में।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## जलेश्वर भाई नहीं रहे



उर्मिलेश

वरिष्ठ पत्रकार

ओह! अभी कुछ देर पहले सोशल मीडिया से बहुत दुखद सूचना मिली। साथी जलेश्वर नहीं रहे।

बीते कुछ वर्षों से निजी जीवन के विषाद और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जलेश्वर लगातार जूझते रहते थे, पर उनका इस तरह जाना बहुत अखर रहा है। बिटिया की बहुत दुखद मृत्यु के बाद वह काफी हद तक टूट गए थे। उनके चारों तरफ दुख, उदासी और निराशा का अंधेरा-सा था। बेटी की स्मृतियां और कुछ दोस्तों से फोन की बतकही ही उसका संबल थीं! पर सेहत साथ नहीं दे रही थी। घर में निपट अकेले थे। जैसा साथी पत्रकार महेंद्र मिश्र की पोस्ट से पता चल रहा है कि बनारस स्थित अपने निवास के बाथरूम में गिरने और लंबे समय तक वहां पड़े रहने से उनकी मृत्यु हुई।

जहां तक याद आ रहा, जलेश्वर से मेरी पहली मुलाकात सन् 78 और 79 के बीच कभी हुई रही होगी। हम कुछ मित्र इलाहाबाद से बनारस गए थे। उनके बड़े भाई, लेखक और वामपंथी कार्यकर्ता महेश्वर जी के यहां जलेश्वर से मिले थे।

साथी जलेश्वर से मेरी आखिरी मुलाकात कुछ साल पहले बनारस के लंका से अस्सी की तरफ जाने वाली सड़क के एक चौराहे के पास की एक दुकान पर हुई थी। किसी कार्यक्रम में मैं बनारस गया हुआ था। दोनों ने फोन पर चर्चा के बाद सुबह-सुबह वहीं मिलना तय किया था। मार्निंग वाक के बाद मैं खोजते-खोजते जलेश्वर की बताई दुकान तक पहुंच गया।। वह कुछ मिनट बाद पहुंचा!

संभवतः उस दुकान की मालकिन एक बूढी औरत थी। हमने वहां कुछ साथ-साथ खाया भी। तब से हम फिर कभी नहीं मिल सके। यदा-कदा फोन पर बातचीत होती थी। उसकी फेसबुक पोस्ट जब भी दिखती मैं जरूर पढ़ता था। उसने अपनी आखिरी पोस्ट में TOI की एक खबर को उद्धृत किया है; जो सोनम वांगचुक की रिहाई के फैसले से संबंधित है। अब उसकी कोई नयी पोस्ट नहीं दिखेगी। पर उसकी आवाज और उसके तेवर की गूंज कभी खत्म नहीं होगी! जब भी उसकी याद आएगी, उसकी आवाज भी सुनाई देगी!

उसके जीवन का आखिरी दौर बहुत दुख-तकलीफ में बीता। पर निजी दुखों और समाज में निराशाजनक माहौल के बावजूद उसके अंदर युवा दिनों का धारदार और जानदार जलेश्वर कभी मरा नहीं! इसलिए उसके इस तरह चले जाने पर मैं सिर्फ यही कह सकता हूंः

साथी जलेश्वर जिंदाबाद!

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## बंदी प्रत्यक्षीकरण मौलिक अधिकारों का सजग प्रहरी



रवींद्र त्रिपाठी

लेखक

भारतीय संविधान ने नागरिकों को कुछ महत्वपूर्ण अधिकार दिए हैं, जिन्हें हम मौलिक अधिकार कहते हैं। मौलिक अधिकार वे अधिकार हैं, जो राज्य के विरुद्ध नागरिकों को प्राप्त होते हैं। संविधान के भाग तीन में इसका विस्तृत उल्लेख किया गया है। मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान के अनुच्छेद 32 में इन अधिकारों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट को रिट निकालने की शक्ति प्रदान की गई है। यह रिटें इस प्रकार हैं- बंदी प्रत्यक्षीकरण परमादेश अधिकार पृच्छा उत्प्रेषण और प्रतिषेध प्रमुख रूप से हैं। न्यायालय इन रिट को जारी करके नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। हाई कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है, जबकि सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 32 के तहत अधिकारों की रक्षा से संबंधित रिटें जारी करता है।

हाई कोर्ट मौलिक अधिकारों के अतिरिक्त अन्य अधिकारों पर भी रिटें जारी कर सकता है। इस प्रकार हाई कोर्ट को सर्वोच्च न्यायालय से रिट जारी करने में अधिक शक्ति प्राप्त है। इन रिटों का इतना महत्व है कि इसे संविधान की आत्मा तक कहा जाता है, क्योंकि यदि मौलिक अधिकारों की रक्षा न हो सके तो फिर इन अधिकारों का क्या महत्व रह जाएगा। वस्तुतः बंदी प्रत्यक्षीकरण एक महत्वपूर्ण न्यायिक रिट है, जिसे अंग्रेजी में हैबियस कॉर्पस कहा जाता है। हैबियस कॉर्पस शब्द लैटिन भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है शरीर को प्रस्तुत करना। इस प्रकार यह रिट अवैध गिरफ्तारी पर रोक लगाकर नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है तथा अवैध गिरफ्तारी से संरक्षण भी प्रदान करता है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि यदि गिरफ्तारी विधि सम्मत नहीं है, तो न्यायिक हिरासत भी अवैध है। इसी आधार पर प्रतापगढ़ निवासी शिवम् चौरसिया की ओर से दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को मंजूर करते हुए अभियुक्त को तत्काल रिहा करने का आदेश जारी कर दिया, क्योंकि गिरफ्तारी की प्रक्रिया विधि सम्मत तरीके से पूर्ण नहीं की गई थी। गिरफ्तारी मेमो में गिरफ्तारी का कारण दर्शित नहीं किया गया था। अभियुक्त को थाने पर बयान के लिए बुलाया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हतप्रभ करने वाली बात यह है कि मजिस्ट्रेट ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया।

अभियोजन पक्ष की ओर से यह दलील दी गई कि गिरफ्तारी के बाद यदि मजिस्ट्रेट ने रिमांड को स्वीकार कर लिया है, यदि गिरफ्तारी की प्रक्रिया में कोई त्रुटि रह जाती है, तो वह विलुप्त मान ली जाती है, लेकिन हाई कोर्ट इस बात से सहमत नहीं हुआ। वैसे इन सब प्रावधानों के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में बहुत ही स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का पांचवा अध्याय इसी के लिए समर्पित है। इसमें गिरफ्तारी प्रावधानों का बारीकी से वर्णन किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में धारा 36 से 62 तक गिरफ्तारी के संबंध में विस्तृत प्रावधान है। धारा 36 में स्पष्ट प्रावधान है कि गिरफ्तार करने वाला पुलिस अधिकारी अपनी पूरा पोशाक धारण करेगा। उसकी पोशाक में किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। धारा 36 क के अनुसार उसे अपने नाम की एक नाम पट्टिका भी धारण करनी होगी, ताकि उसकी पहचान सुस्पष्ट रहे। 36 ख के अनुसार गिरफ्तारी का एक मेमो बनाया जाएगा, जिसमें गिरफ्तारी का कारण स्पष्ट रूप से लिखा रहेगा तथा वह गिरफ्तारी मेमो एक साक्षी द्वारा प्रमाणित हो, जो उसके परिवार का सदस्य होगा। यदि मौके पर परिवार का सदस्य मौजूद न रहे, तो उस क्षेत्र का, जहां उसकी गिरफ्तारी हो रही है, वहां का कोई सम्मानित व्यक्ति होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# आत्मिक शुद्धि का पर्व नवरात्रि



अध्यात्म पथ पर प्रगतिशील साधकों के लिए नवरात्रि के त्योहार की अनुपम महिमा है। शिवरात्रि साधक के लिए साधना में प्रवेश करने का काल है, तो नवरात्रि उत्सवपूर्ण नवीनीकरण के अवसर की नौ रात्रियां हैं। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुत: नवरात्रि अंत:शुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्रि का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। अपने भीतर की ऊर्जा जगाना ही देवी उपासना का मुख्य प्रयोजन है। दुर्गा पूजा और नवरात्रि मानसिक-शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक हैं। ज्योतिष शास्त्र में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है, क्योंकि चैत्र नवरात्र के बाद सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। सूर्य 12 राशियों में भ्रमण पूरा करते हैं और फिर से अगला चक्र पूरा करने के लिए पहली राशि मेष में प्रवेश करते हैं। सूर्य और मंगल की राशि मेष दोनों ही अग्नि तत्व वाले हैं, इसलिए इनके संयोग से गर्मी की शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्रि से नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है।

## हिंदू नववर्ष की शुरुआत

चैत्र नवरात्रि का धार्मिक दृष्टि से खास महत्व है, क्योंकि चैत्र नवरात्रि के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण का कार्य शुरु किया था। इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष शुरु होता है। सर्दी और गर्मी की ऋतुओं का मिलन काल आश्विन और चैत्र मास में जिन दिनों आता है, वे नवरात्रि कहलाते हैं। उन दिनों शरीर, मन और प्रकृति के विभिन्न घटकों में विशेष रूप से उल्लास भरा रहता है। वातावरण में विशिष्टता व्याप्त रहती है। शरीर दबे हुए रोगों को निकालने का प्रयास करता है। इसीलिए इन दिनों रोग बढ़ जाते हैं। आयुर्वेद इस अवसर को शरीर शोधन के लिए विशेष उपयोगी मानता है। चैत्र नवरात्रि में वसंत होता है। प्रकृति की शोभा देखते ही बनती है। वनस्पतियां नवीन पल्लव धारण करती हैं। प्रकृति का उल्लास अपना प्रभाव समूचे वातावरण पर डालता है। जीवधारियों के मन विशेष प्रकार की मादकता से भर जाते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से मनीषियों ने इन दिनों आत्मा के ऋतुमति होने का आलंकारिक संकेत किया है। उनके अनुसार, इन दिनों वह अपने प्रियतम परमात्मा से मिलने के लिए विशेष रूप से आतुर होती है। नौ दिन का व्रत-उपवास प्राकृतिक उपचार के समतुल्य माना जा सकता है। इसमें प्रायश्चित के निष्कासन और पवित्रता की अवधारणा दोनों भाव हैं। चैत्र की नवरात्रि के साथ रामजन्म एवं रामराज्य की स्थापना का इतिहास है। इस कारण इस नवरात्रि का महत्व सर्वाधिक है।

## नवरात्रि पूजन कैसे करें

- नवरात्रि के पहले दिन घर के मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और दरवाजे पर आम के पत्ते का तोरण लगाएं। क्योंकि माता इस दिन भक्तों के घर में आती हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं और आपके घर में निवास करती हैं।
- नवरात्रि में माता की मूर्ति को लकड़ी की चौकी या आसन पर स्थापित करना चाहिए। जहां मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें वहां पहले स्वास्तिक का चिह्न बनाएं। उसके बाद रोली और अक्षत से टीकें और फिर वहां माता की मूर्ति को स्थापित करें। उसके बाद विधि-विधान से माता की पूजा करें।
- वास्तुशास्त्र के अनुसार, उत्तर और उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण को पूजा के लिए सर्वोत्तम स्थान माना गया है। आप भी अगर हर साल कलश स्थापना करते हैं, तो आपकी इसी दिशा में कलश रखना चाहिए और माता की चौकी सजानी चाहिए।
- नवरात्रि के दिनों में कण-कण में मां दुर्गा का वास माना जाता है और पूरा वातावरण भक्तिमय रहता है। वास्तु में बताया गया है कि एक चावल से भरा पीतल का कलश अपने मंदिर के उत्तर-पूर्व में रखना समृद्धिदायक होता है। ऐसा करने से मां आपके धन-धान्य में वृद्धि करती हैं और आपके घर में समृद्धि आती है।
- ध्यान रहे कि पूजन कक्ष साफ़-सुथरा हो और उसकी दीवारें हल्के पीले, गुलाबी जैसे आध्यात्मिक रंग की हो तो अच्छा है, क्योंकि ये रंग आध्यात्मिक ऊर्जा के स्तर को बढ़ाते हैं। इसके साथ ही काले, नीले और भूरे जैसे तामसिक रंगों का प्रयोग पूजा कक्ष की दीवारों पर नहीं होना चाहिए।
- धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है और यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है। इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। देवी पूजा-अनुष्ठान के दौरान मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

## नवरात्रि के नियम

नवरात्रि का व्रत रखने और पूजन करने के कुछ नियम भी होते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जो भक्त इन नियमों के साथ माता रानी की पूजा उपासना करता है, उस पर माता रानी की अति कृपा होती है। मातारानी उसकी सभी मनोकामनाएं पूरा करती हैं।

## व्रत का सकारात्मक प्रभाव

नवरात्रि के समय प्रकृति में एक विशिष्ट ऊर्जा होती है, जिसको आत्मसात कर लेने पर व्यक्ति का कायाकल्प हो जाता है। व्रत में हम कई चीजों से परहेज करते हैं और कई वस्तुओं को अपनाते हैं। आयुर्वेद की धारणा है कि पाचन क्रिया की खराबी से ही शारीरिक रोग होते हैं, क्योंकि हमारे खाने के साथ जहरीले तत्व भी हमारे शरीर में जाते हैं। आयुर्वेद में माना गया है कि व्रत से पाचन प्रणाली ठीक होती है। व्रत उपवास का प्रयोजन भी यह है कि हम अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण कर अपने मन-मस्तिष्क को केंद्रित कर सकें। मनोविज्ञान यह भी कहता है कि कोई भी व्यक्ति व्रत-उपवास एक शुद्ध भावना के साथ रखता है। उस समय हमारी सोच सकारात्मक रहती है, जिसका प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है, जिससे हम अपने भीतर नई ऊर्जा महसूस करते हैं। इस समय प्रकृति अपना स्वरूप बदलती है। वातावरण में एक अलग-सी आभा देखने को मिलती है। पतझड़ के बाद नवीन जीवन की शुरुआत, नई पत्तियों और हरियाली की शुरुआत होती है। संपूर्ण सृष्टि में एक नई ऊर्जा होती है। इस ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने के लिए हमें व्रतों का संयम-नियम बहुत लाभ पहुंचाता है। नवरात्रि में कृषि-संस्कृति को भी सम्मान दिया गया है। मान्यता है कि सृष्टि की शुरुआत में पहली फसल जौ ही थी। इसलिए इसे हम प्रकृति (मां शक्ति) को समर्पित करते हैं।

## धार्मिक कार्यों में मन लगाएं

नवरात्रि के 9 दिनों में व्रतधारी को अपना मन भौतिकता की चीजों से दूर रखना चाहिए। उन्हें अपना मन हमेशा माता रानी के चरणों में लगाकर रखना चाहिए। धार्मिक कार्यों में समय बिताना चाहिए। इस दौरान दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तसती का पाठ करते रहना चाहिए।



## कन्याओं का सम्मान करना चाहिए

भारतीय परंपरा में कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। इसी कारण से लोग नवरात्रि में कन्याओं का पूजन कर पुण्य प्राप्त करते हैं। नवरात्रि के दिन में सभी महिलाओं में किसी न किसी देवी का स्वरूप होता है। इसीलिए किसी भी कन्या/ महिला के प्रति असम्मान का भाव नहीं रखना चाहिए, बल्कि उनमें मां दुर्गा के किसी न किसी स्वरूप को मानकर मन ही मन प्रणाम करना चाहिए।

## घर को न छोड़े अकेला

यदि घर में कलश (घट) की स्थापना हुई हो या माता की चौकी या ज्योति लगी हो, तो किसी न किसी को हमेशा उसके पास रहना चाहिए। इस दौरान घर में किसी एक व्यक्ति का होना जरूरी होता है। व्रतधारी को दिन में नहीं सोना चाहिए।

## तामसिक भोजन से करें परहेज

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के दौरान व्यक्ति को सात्विकता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्हें तामसिक प्रवृति के भोजन से परहेज रखना चाहिए। नवरात्रि के 9 दिनों में आहार, व्यवहार और विचार में सात्विकता होनी चाहिए।

## ब्रह्मचर्य का करें पालन

नवरात्रि के दिनों में कामवासना से मनसा वाचा कर्मणा विरक्त रहना चाहिए। महिला और पुरुष दोनों को ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए।

## क्रोध से रहें दूर

नवरात्रि के दौरान व्यक्ति को क्रोध नहीं करना चाहिए, उन्हें अधिक से अधिक समय तक मौन रहने का प्रयास करना चाहिए।

बोध कथा

# परिवार ही जीवन की असली संपत्ति



शाम का समय था। पार्क में हल्की हवा चल रही थी और पेड़ों के बीच बैठने वाली बेंचों पर कुछ बुजुर्ग अपनी रोज़ की तरह गपशप में लगे थे। उन्हीं में से एक बेंच पर दो पुराने दोस्त बैठे थे। बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ तो पहला बुजुर्ग बोला, "मेरी एक पोती है, अब शादी के लायक हो गई है। उसने बी.ई. किया है, अच्छी नौकरी भी करती है। कद करीब पांच फुट दो इंच है और देखने में भी बहुत सुंदर है। अगर आपकी नजर में कोई अच्छा लड़का हो, तो बताइएगा।"

दूसरे बुजुर्ग ने मुस्कुराते हुए पूछा, "अच्छा! तो आपकी पोती को कैसा परिवार चाहिए?" पहले बुजुर्ग ने बिना सोचे जवाब देना शुरू किया, "बस कुछ खास नहीं, लड़का एम.ई. या एम.टेक किया हो। उसकी अच्छी नौकरी हो, सैलरी भी ठीक-ठाक हो कम से कम एक लाख रुपये महीना। अपना घर हो, कार हो, घर में एसी हो और अगर छोटा-सा बाग-बगीचा भी हो तो और अच्छा।" दूसरे बुजुर्ग ने हल्के से सिर हिलाया और पूछा, "और कुछ?" पहला बुजुर्ग थोड़ा झुककर बोला, "हां, सबसे जरूरी बात, लड़का अकेला होना चाहिए। मां-बाप, भाई-बहन कोई न हो। दरअसल, इन सबके कारण घर में झगड़े होते हैं।"

यह सुनकर दूसरे बुजुर्ग की आंखें अचानक नम हो गईं। उन्होंने धीरे से अपने आंसू पोंछे और भारी आवाज में बोले, "मेरे एक दोस्त का पोता है, बिल्कुल अकेला। उसके भाई-बहन नहीं हैं। मां-बाप भी एक हादसे में दुनिया छोड़ गए। अच्छी नौकरी है, डेढ़ लाख की सैलरी है, गाड़ी है, बंगला है सब कुछ है।"

पहला बुजुर्ग उत्साहित होकर बोला, "अरे वाह! फिर तो बात बन सकती है।" दूसरे बुजुर्ग ने गहरी सांस लेते हुए कहा, "हां! लेकिन उसकी भी एक शर्त है। वह चाहता है कि लड़की वालों के भी मां-बाप, भाई-बहन या कोई रिश्तेदार न हों।" पहला बुजुर्ग चौंक गया, "ये कैसी बकवास बात है? हमारा परिवार क्यों खत्म हो? कल को उसकी खुशियों या दुख में उसके साथ कौन होगा?"

दूसरे बुजुर्ग ने शांत लेकिन गहरी आवाज़ में कहा, "वाह मेरे दोस्त,अपने लिए परिवार जरूरी है, लेकिन दूसरे के लिए नहीं? अपने बच्चों को परिवार का महत्व समझाइए। घर के बड़े हों या छोटे, सभी जीवन की खुशियों और दुखों के सच्चे साथी होते हैं। बिना परिवार के इंसान के पास न खुशियां बांटने वाला होता है और न ही दुख में सहारा देने वाला।" पहला बुजुर्ग अब पूरी तरह चुप था। उसके चेहरे पर शर्म और समझ दोनों साफ दिखाई दे रहे थे। उस दिन पार्क की वह बातचीत एक गहरा संदेश छोड़ गई कि परिवार ही जीवन की असली संपत्ति है। अगर परिवार साथ है, तो हर खुशी दोगुनी लगती है और हर दुख आधा हो जाता है।

पौराणिक कथा

# राजा का टूटा अहंकार

प्राचीन काल में धर्मपाल नाम के एक पराक्रमी और न्यायप्रिय राजा हुए। उन्हें अपने न्याय पर बड़ा गर्व था। उन्होंने अपने राज्य में एक नियम बना रखा था कि कोई भी व्यक्ति अपनी फरियाद लेकर सीधे राजा के पास आ सकता है। राजा को विश्वास था कि पूरे आर्यावर्त में उनसे अधिक न्यायप्रिय और बुद्धिमान शासक कोई नहीं है। एक दिन संध्या के समय, जब सूर्य अस्त होने को था और राजदरबार की कार्यवाही समाप्त होने वाली थी, तभी फटे-पुराने कपड़ों में लिपटी एक वृद्ध महिला दरबार में पहुंची। उसके चेहरे पर थकान और भूख साफ झलक रही थी। राजा ने उसे आदर से बैठने को कहा और उसकी समस्या पूछी। बुढ़िया ने धीमी आवाज में कहा, "महाराज, मैं बहुत भूखी हूं। मुझे बस दो मुट्ठी अनाज चाहिए, लेकिन वह अनाज आपके 'पुण्य' की कमाई का होना चाहिए, न कि कर के रूप में प्रजा से लिया गया।"



यह सुनकर राजा मुस्कुराए और आत्मविश्वास से बोले, "माता, मैंने अपना पूरा जीवन प्रजा की सेवा में बिताया है। अनेक यज्ञ किए हैं, गरीबों को दान दिया है और न्याय किया है। क्या यह सब पुण्य नहीं है?" बुढ़िया ने अपने थैले से एक छोटी तराजू निकाली। उसने एक पलड़े में एक सूखा पत्ता रखा और बोली, "महाराज, यदि आपके किसी भी एक नि:स्वार्थ कर्म का वजन इस सूखे पत्ते से अधिक हो जाए, तो मैं मान लूंगी कि वह अनाज आपके सच्चे पुण्य से मिला है।" राजा को यह चुनौती बहुत सरल लगी। उन्होंने अपने सबसे बड़े दान का प्रमाण पत्र पलड़े में रखा, लेकिन पत्ता ज्यों का त्यों रहा। फिर उन्होंने सौ गायों के दान का संकल्प रखा, मगर पत्ता हिला तक नहीं। राजा हैरान रह गए। उन्होंने अपनी तलवार, अपना मुकुट और यहां तक कि अपने वंश की प्रतिष्ठा तक उस पलड़े पर रख दी, परंतु वह सूखा पत्ता अडिग रहा। अब राजा का घमंड टूटने लगा। अंतत: वे हार मानकर बुढ़िया के चरणों में गिर पड़े। उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। वे बोले, "माता, शायद मैंने जो भी किया, उसमें कहीं न कहीं अहंकार रहा होगा। मुझे क्षमा करें, मेरे पास ऐसा कोई पुण्य नहीं जो पूरी तरह नि:स्वार्थ हो।" जैसे ही राजा का एक आंसू तराजू के पलड़े पर गिरा, अचानक वह सूखा पत्ता हवा में उड़ गया और पलड़ा राजा के पश्चाताप के भार से झुक गया। तभी वह बुढ़िया दिव्य प्रकाश में बदल गई और बोली, "राजन, जब तक तुम्हारे कर्मों में 'मैं' का अहंकार था, तब तक उनका कोई वजन नहीं था, लेकिन जब तुमने अपनी भूल स्वीकार की और विनम्र हो गए, तब तुम्हारा वह एक आंसू सारे दानों से अधिक मूल्यवान हो गया।"

# कर्मफलदाता शनिदेव की पूजा का विधान और प्रभाव



अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

शनिदेव की पूजा शनिवार को सूर्योदय से पहले या सूर्यास्त के बाद करना उत्तम है। स्नान कर नीले/काले वस्त्र पहनें। घर या मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं, काले तिल, नीले फूल और लौंग अर्पित करें। 'ॐ शं शनैश्चराय नम:' मंत्र का जाप करें, पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाकर परिक्रमा करें और शनि चालीसा का पाठ करें।

## शनि पूजा का विधान

**पूजा का समय-** शनिवार के दिन सुबह जल्दी या शाम के समय (सूर्यास्त के बाद) पूजा करें। स्नान के बाद स्वच्छ, संभव हो तो नीले या काले रंग के वस्त्र धारण करें। साथ ही सरसों का तेल, काले तिल, नीले फूल, शमी का पत्ता, काला कपड़ा, लोहे की वस्तु, अगरबत्ती, धूप और कपूर आदि पूजन सामग्री को प्रबंध कर लें।

**पूजा विधि-** घर के मंदिर में या शनि मंदिर में शनिदेव की प्रतिमा के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाएं। शनिदेव को काला तिल और तेल अर्पित करें। 'ॐ शं शनैश्चराय नम:' या 'ॐ प्रां प्रीं प्रौं स: शनैश्चराय नम:' मंत्र का 108 बार जाप करें। शनि चालीसा और शनि आरती करें।

**विशेष उपाय-** शाम को पीपल के पेड़ की जड़ में जल चढ़ाएं और सरसों के तेल का दीपक जलाकर सात बार परिक्रमा करें। सात बार कच्चा सूट लपेटे और शनि कवच का पाठ करें, गरीबों को भोजन कराएं या काली उड़द, कंबल, लोहे की वस्तु दान करें।

## शनि बीज मंत्र का जाप

मंत्र जाप सुबह और शाम कभी भी किया जा सकता है, लेकिन मंत्र जाप के लिए शनिवार का दिन सबसे अच्छा होता है। स्नान करके काला या गहरा नीला रंग का कपड़ा पहन लें। एक शांत और स्वच्छ स्थान का चयन कर लें। फिर मन में या बोलकर 23000 बार शनि मंत्र दोहराएं। हनुमान जी की मूर्ति के सामने अगर मंत्र का उच्चारण करते हैं, तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं। शनि बीज मंत्र के जाप से शनि के नकारात्मक प्रभावों और पिछले जन्मों के नकारात्मक कर्मों के असर को खत्म किया जा सकता है। नियमित रूप से शनि बीज मंत्र का जाप करने से चिकित्सा और धन संबंधी समस्याओं को समाप्त करने में मदद मिलती है। शनि बीज मंत्र का जाप सुरक्षा की भावना, सफलता और समृद्धि प्रदान करता है। शनि बीज मंत्र का जाप करने से साढ़े साती चरण की परेशानियों और कठिनाइयों का समाधान हो जाता है।

## सावधानी और नियम

पूजा करते समय मुंह पश्चिम दिशा की ओर रखें। शनि देव की प्रतिमा को सामने से न देखें, बगल से दर्शन करें। शनिवार को मांस-मदिरा के सेवन से बचें।

- शनि को ज्योतिष में क्रूर ग्रह माना गया है, इसलिए लोग इनका नाम सुनकर ही डर जाते हैं, लेकिन शनि को कर्म फल दाता भी कहा जाता है।
- कहा जाता है कि वे व्यक्ति के कर्मों के हिसाब से उसे फल देते हैं, अगर कुंडली में शनि शुभ स्थिति में बैठे हैं, तो ये व्यक्ति को रंक से राजा बना सकते हैं, लेकिन शनि की अशुभ स्थिति राजा को भी भिखारी बना सकती है। फिर भी अगर शनिवार के दिन कुछ विशेष उपाय किए जाएं, तो शनि के अशुभ प्रभावों को भी शुभ प्रभावों में बदला जा सकता है। अगर आप भी शनि के अशुभ प्रभावों को झेल रहे हैं, तो इन उपायों को कीजिए।
- यदि शनि कुंडली के प्रथम भाव में बैठकर अशुभ प्रभाव दे रहा हो, तो व्यक्ति को शनिवार के दिन दूध में थोड़ी चीनी मिलाकर बरगद या पीपल के पेड़ में चढ़ाना चाहिए और नीचे से गीली मिट्टी लेकर माथे पर तिलक लगाना चाहिए।
- यदि शनि दूसरे घर में अशुभ फल दे रहा हो, तो शनिवार के दिन आपको अपने माथे पर दूध या दही का तिलक लगाना चाहिए और शिवलिंग पर दूध चढ़ना चाहिए।
- तीसरे भाव में बैठे शनि के दुष्प्रभावों से बचने के लिए शनिवार के दिन काले तिल, केले और नींबू का दान करें, कुत्तों की सेवा करें और मांस मदिरा से परहेज करें।
- चौथे घर में विराजमान शनि के अशुभ फल से बचने के लिए शनिवार के दिन भैंस और कौए को भोजन दें। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें। उन्हें अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दें। बहते पानी में शराब को प्रवाहित करें।
- पांचवे भाव में शनि के अशुभ प्रभाव से बचने के लिए लोहे का छल्ला हाथ में पहनें और साबुत मूंग की दाल को किसी जरूरतमंद को शनिवार के दिन दान करें।
- छठे भाव से शनि अशुभ फल दे रहा हो, तो चमड़े एवं लोहे की वस्तुएं खरीदें। शनिवार के दिन जल में काले तिल डालकर शिव जी का अभिषेक करें।
- कुंडली के सप्तम भाव में बैठे शनि के अशुभ फल से बचाव के लिए शनिवार के दिन शहद से भरा बर्तन या बांसुरी में चीनी भरकर किसी सुनसान जगह पर दबा आएं।
- आठवें घर में शनि के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हमेशा अपने पास चांदी की कोई चीज रखें। सांपों को दूध पिलाना चाहिए।
- यदि कुंडली के नौवें घर से शनि का अशुभ प्रभाव हो तो घर की छत को अच्छे से साफ रखना चाहिए और छत पर कबाड़, लकड़ी आदि ऐसी कोई चीज नहीं रखनी चाहिए, जो बरसात में भीगकर खराब हो जाती हो। इसके अलावा चांदी के चौकोर टुकड़े पर हल्दी लगाकर अपने पास रखना चाहिए। रोजाना पीपल के पेड़ को जल देना चाहिए।
- यदि दसवें भाव में शनि हो, तो मंदिर में केले और चने की दाल चढ़ाएं। शनिदेव के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाएं। गुरुवार का व्रत रखें और मांस, मदिरा आदि का सेवन नहीं करना चाहिए।
- कुंडली के ग्यारहवें भाव में शनि अशुभ फल से बचने के लिए चांदी की एक ईंट बनवाकर अपने घर में रखें। शनिवार के दिन शनि मंत्र का 108 बार जाप करें और पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीपक जरूर रखें।
- बारहवें भाव में बैठे शनि के दुष्प्रभाव रोकने के लिए शनिवार के दिन काली दाल, काले तिल, काला वस्त्र आदि सामर्थ्य के हिसाब से किसी जरूरतमंद को दें।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 75,502.85 | 23,408.80 |
| बढ़त | 938.93 | 257.70 |
| प्रतिशत में | 1.26 | 1.11 |

सोना 1,60,250 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,56,500 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, मंगलवार, 17 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन–**तुलसी 2490, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2510, रविन्द्रा 2460, फॉर्चुन 13kg 2210, जय जवान 2110, सचिन 2220, सूरज 2110, अवसर 2015, उजाला 2080, गृहणी 13 kg 2055, क्लासिक (kg) 2365, मोर 2315, चक्र टिन 2460, ब्लू 2305, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2445
**किराना–** निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050
**चावल– ( प्रति कुंतल )–**डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200
**दाल दलहन–**मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी–**पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम –** सोना पक्के आभूषण 157600, सोना गिन्नी 153600, चांदी ( पक्की ) 2530 ( अनुमानित )

# शेयर बाजार में गिरावट थमी, सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,400 के पार

### अल्ट्राटेक में सर्वाधिक 4.22% की तेजी, एसबीआई, महिंद्रा और टाटा स्टील भी लाभ में

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 939 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार निकल गया। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक यानी 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,805.27 अंक तक गया और नीचे में 73,949.76 अंक तक आया। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा 4.22 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल शामिल हैं।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में कारोबार समाप्त होने से पहले तेजी आई। वाहन, बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में निचले भाव पर लिवाली से बाजार बढ़त में रहा...। नायर ने कहा कि निकट भविष्य में निवेशकों का रुख होर्मुज जलडमरूमध्य में होने वाले घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.36 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत टूटा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि सप्ताह की शुरुआत बाजार में उतार-चढ़ाव के साथ हुई और निचले स्तर पर लिवाली के चलते एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ हाल की गिरावट का सिलसिला टूट गया। उछाल का कारण मुख्य रूप से बाजार में आई भारी गिरावट के बाद चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली है।

इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और मुद्रा की अस्थिरता जोखिम लेने की प्रवृत्ति को सीमित कर रही है।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में गिरावट में थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.41% बढ़कर 104.4 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 10,716.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 9,977.42 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## देश की कोयला मांग और बिजली क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने को तैयार एसईसीएल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कोल इंडिया लिमिटेड की दूसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक इकाई साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहान ने सोमवार को कहा कि कंपनी बदलती वैश्विक ऊर्जा परिस्थितियों के बीच देश की कोयला मांग, विशेषकर बिजली क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे वैश्विक ऊर्जा मार्ग प्रभावित हुए हैं जिससे आयातित कोयला एवं द्रवीकृत प्राकृतिक गैस की लागत बढ़ गई है। इसका अप्रत्यक्ष दबाव भारत के कोयला और बिजली क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दुहान ने बातचीत में कहा कि कंपनी मजबूत परिचालन गति बनाए हुए है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने मार्च के मध्य तक करीब 16.5 करोड़ टन कोयले का उत्पादन और 16.9 करोड़ टन से अधिक कोयले का प्रेषण किया है।

# निर्यात में मामूली गिरावट मासिक आधार पर कम हुआ व्यापार घाटा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश का माल निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 0.81 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। व्यापार घाटा मासिक आधार पर घटकर 27.1 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव मार्च महीने के आंकड़ों में सामने आएगा क्योंकि युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था।

ये आंकड़े मई के मध्य तक जारी किए जाएंगे। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों के कारण मार्च में निर्यात में गिरावट का रुझान देखने को मिलेगा।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमले से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में माल ढुलाई बाधित हो गई है। इसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है जिससे हवाई एवं समुद्री माल ढुलाई में भी तेजी से वृद्धि हुई है। फरवरी में सोने और चांदी के आयात में भारी वृद्धि के कारण आयात 24.11 प्रतिशत बढ़कर 63.71 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

### देश में बेरोजगारी दर घटकर 4.9 फीसदी रही

**नयी दिल्ली।** देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच कुल बेरोजगारी दर फरवरी में मासिक आधार पर मामूली घटकर 4.9 प्रतिशत रह गई। यह जनवरी में पांच प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह जानकारी मिली। सर्वेक्षण के अनुसार, जनवरी, 2026 में बढ़ोतरी के बाद शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जो दिसंबर, 2025 के 6.7 प्रतिशत के स्तर से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में 4.2 प्रतिशत पर स्थिर रही।
फरवरी, 2026 में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में कुल बेरोजगारी दर घटकर 5.1 प्रतिशत रह गई जबकि जनवरी, 2026 में यह 5.6 प्रतिशत थी।

## ट्रैवलस्टैक, टी पोस्ट और लर्नफ्लूएंस को सेबी से आईपीओ के लिए मंजूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

बाजार नियामक सेबी ने ट्रैवलस्टैक, लर्नफ्लूएंस एजुकेशन और टी पोस्ट को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने की मंजूरी दे दी है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से अद्यतन जानकारी ने अनुसार, इसी के साथ रेज़ पावर इन्फ्रा, मधुर आयरन एंड स्टील और अर्जुन ज्वेलर्स के दस्तावेज नौ से 13 मार्च के बीच वापस ले लिए गए या लौटा दिए गए।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारतीय शेयर बाजार दबाव में हैं। सेबी के आंकड़ों के अनुसार, यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी ट्रैवलस्टैक टेक, 'लक्ष्य' कोचिंग सेंटर संचालित करने वाली लर्नफ्लूएंस एजुकेशन और टी पोस्ट ने जून से दिसंबर के बीच आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। उन्हें 10 से 11 मार्च के दौरान नियामकीय की ओर से टिप्पणियां मिल गईं।

ट्रैवलस्टैक टेक के प्रस्तावित आईपीओ में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और इसके साथ प्रवर्तकों व अन्य शेयरधारकों द्वारा 2,68,52,969 शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी लाई जाएगी। लर्नफ्लूएंस एजुकेशन के प्रस्तावित आईपीओ में 246 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी होंगे।

## प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में सीसीआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि आयोग कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयार कर रहा है जिनमें एल्गोरिथम संबंधी मिलीभगत भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निगरानी संस्था खेल, नागर विमानन, 'पेंट व वार्निश'' तथा मद्य क्षेत्रों में भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जांच कर रही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजार में अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर नजर रखता है।

उन्होंने कहा कि हम कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली किसी भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधि के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं। हमने संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों की पहचान की है जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई) की मूल्य श्रृंखला में अत्यधिक केंद्रीकरण शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें हर क्षेत्र से प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जानकारी मिलती है।



भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ब्रसेल्स में बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट के साथ एक बैठक के दौरान।

# भारत-यूरोपीय संघ का ध्यान अब एफटीए रक्षा सौदे पर: फॉन डेर लायन

**ब्रसेल्स, एजेंसी**

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन ने सोमवार को कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत हाल ही में संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और सुरक्षा साझेदारी को प्रभावी ढंग से लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक के बाद आई। जयशंकर 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के अपने समकक्षों के साथ चर्चा के लिए ब्रसेल्स की दो-दिवसीय यात्रा पर हैं।

फॉन डेर लायन ने जयशंकर के साथ अपनी 'सफल बैठक' के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि जनवरी में भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के दौरान हमने अपने एफटीए, जिसे सबसे महत्वपूर्ण समझौता (मदर ऑफ ऑल डील्स) कहा गया है, को अंतिम रूप दिया और एक सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे।

उन्होंने कहा कि अब हमारा ध्यान इसके कुशल कार्यान्वयन पर है, ताकि जल्द से जल्द यूरोप और भारत के लोगों को इसका लाभ मिल सके।भारत और यूरोपीय संघ ने 27 जनवरी को इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी। बैठक के दौरान फॉन डेर लायन और जयशंकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन के घटनाक्रम पर भी चर्चा की। इस संदर्भ में यूरोपीय संघ की प्रमुख ने कहा कि तनाव में कमी लाना, स्थिरता और ऊर्जा सुरक्षा दोनों पक्षों के साझा उद्देश्य हैं।

## फिलीपींस-मालदीव के साथ व्यापार वार्ता की शर्तों पर भारत ने किए हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने फिलीपींस और मालदीव के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रस्तावित व्यापार समझौते के दायरे और तौर-तरीकों को संदर्भ की शर्तों (टीओआर) में रेखांकित किया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देश फिलीपींस के साथ तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) के लिए बातचीत शुरू होगी, जबकि मालदीव के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत होगी। पीटीए में दो व्यापारिक साझेदार आपस में व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की एक विशिष्ट संख्या पर आयात शुल्क को या तो काफी कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं।

दूसरी ओर, मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत दो देश आपसी व्यापार में अधिकांश वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी हद तक घटा देते हैं या समाप्त कर देते हैं। इसके साथ ही सेवाओं और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों को भी आसान बनाया जाता है।

### हार्ड रॉक कैफे ने भारत में परिचालन बंद किया

**नयी दिल्ली।** अमेरिका स्थित प्रमुख आतिथ्य कंपनी हार्ड रॉक इंटरनेशनल ने सोमवार को घोषणा की कि उसने भारत में जेएसएम कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपना फ्रेंचाइजी समझौता समाप्त कर दिया है। इस फैसले के कारण देश भर के 10 स्थानों पर स्थित सभी ' 'हार्ड रॉक कैफे'' और ' 'रॉक शॉप'' बंद हो गए हैं। कंपनी ने इस समझौते को खत्म करने के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं किया है। इस फैसले से नयी दिल्ली, बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और पुणे जैसे प्रमुख शहरों में कंपनी की मौजूदगी खत्म हो गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि हार्ड रॉक इंटरनेशनल ने भारत में कैफे और रॉक शॉप के संचालन के लिए जेएसएम कॉरपोरेशन के साथ अपने समझौते औपचारिक रूप से समाप्त कर दिए हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### '24 स्पीड पोस्ट' सेवा प्रमुख शहरों में अगले दिन डिलिवरी की गारंटी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार को डाक विभाग की नई '24 स्पीड पोस्ट' सेवा की शुरुआत करेंगे। यह सेवा छह प्रमुख शहरों में अगले दिन डिलीवरी की गारंटी देती है। पहले चरण में यह सेवा दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होगी। सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि डाक विभाग 17 मार्च, 2026 को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू कर रहा है।

### फोनपे का आईपीओ रुका, बाजार स्थिर होने पर शुरू होगी प्रक्रिया

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान एप फोनपे ने वर्तमान भू-राजनीतिक संघर्ष और बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिलहाल अस्थायी रूप से टाल दिया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि वैश्विक पूंजी बाजारों में कुछ स्थिरता आने के बाद वह सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिर से शुरू करेगी।

### एआई कोहार्ट 2026 में शामिल होंगे पांच स्टार्ट अप, प्रत्येक को मिलेगा 20 लाख डॉलर का निवेश

**बेंगलुरु, एजेंसी।** उद्योग पूंजी कंपनी एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड ने 'एटम्स एआई कोहोर्ट 2026' में शामिल होने वाले पांच स्टार्टअप की सोमवार को घोषणा की जो एंटरप्राइज, वॉयस और औद्योगिक एआई में नए समाधान विकसित करेंगे। एटम्स एआई कोहोर्ट, एक्सेल एटम्स का एक विशेष कार्यक्रम है जिसे एआई स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। एटम्स एआई कोहोर्ट 2026 एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी है।

बयान के अनुसार, 4,000 से अधिक आवेदनों में से चुने गए इन पांच स्टार्टअप को भारतीय उद्यमियों को समर्थन देने के एक्सेल के लंबे अनुभव और गूगल की उन्नत कृत्रिम मेधा (एआई) अवसंरचना का लाभ मिलेगा, जिससे वे शुरुआती विचार से वैश्विक स्तर तक विस्तार कर सकेंगे। प्रत्येक स्टार्टअप को 20 लाख अमेरिकी डॉलर तक का संयुक्त निवेश मिलेगा। इसके साथ ही गूगल क्लाउड, जेमिनी और गूगल डीपमाइंड के संसाधनों के लिए 3.5 लाख अमेरिकी डॉलर तक की संगणनात्मक (कंप्यूट) क्रेडिट सुविधा भी दी जाएगी।एक्सेल में साझेदार प्रयंक स्वरूप और शेखर किरानी ने कहा कि यह समूह साहसिक व मौलिक सोच का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि 'एटम्स' हमेशा से उन उद्यमियों का समर्थन करने के बारे में रहा है जो संभावनाओं के शुरुआती चरण में होते हैं, जब केवल महत्वाकांक्षा और अंतर्दृष्टि होती है।

**पश्चिम एशिया संकट**

**ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली का दावा– 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती है इनकम**

# भारतीय रिफाइनरों के लिए चुनौती में छिपा मुनाफा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति की बाधाएं भारत के लिए आपदा में अवसर साबित हो रही हैं। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर कच्चे तेल की सप्लाई चेन पर दबाव है, वहीं दूसरी ओर एशियाई बाजार में तेल उत्पादों की किल्लत भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों के लिए बंपर मुनाफे का द्वार खोल सकती है।

### होर्मुज संकट: भारत के लिए जोखिम क्यों?

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आज भी खाड़ी देशों पर अत्यधिक निर्भर है। मॉर्गन स्टैनली ने आंकड़ों के जरिए इस जोखिम को स्पष्ट किया है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि भारत की कुल तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर आता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत और चीन की 40-50 प्रतिशत तेल जरूरतें होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते पूरी होती हैं। ऐसे में खाड़ी क्षेत्र में किसी भी तरह की रुकावट एशियाई देशों की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के लिए खतरा बन सकती है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत के कुल कच्चे तेल आयात का करीब 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। इससे साफ है कि देश की रिफाइनिंग जरूरतें अब भी खाड़ी उत्पादक देशों पर काफी हद तक टिकी हुई हैं।



### सुरक्षा कवच: रूस और रणनीतिक भंडार

मॉर्गन स्टैनली का मानना है कि मौजूदा समय में भंडार और वैकल्पिक सप्लाई रूट भारत को राहत दे सकते हैं। आपूर्ति जोखिम कम करने के लिए भारत ने रियायती दरों पर मिलने वाले रूसी यूराल्स ग्रेड तेल की खरीद बढ़ा दी है। अमेरिकी प्रतिबंधों में मिली 30 दिनों की विशेष छूट का भारत बखूबी इस्तेमाल कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के पास 30 से 200 दिनों का तेल भंडार उपलब्ध है, जो आपात स्थिति में बफर का काम करेगा। भारत सरकार ईरान के साथ निरंतर संपर्क में है ताकि एलपीजी और कच्चे तेल से लदे 20 से अधिक टैंकरों को सुरक्षित मार्ग दिलाया जा सके।

### कैसे मिलेगा मुनाफा?

मॉर्गन स्टैनली ने यह भी कहा कि अगर पश्चिम एशिया में यह व्यवधान लंबे समय तक बना रहता है, तो भारत का रिफाइनिंग सेक्टर इससे फायदा भी उठा सकता है। एशिया में सप्लाई की तंगी और निर्यात पर अंकुश के कारण रिफाइनिंग मार्जिन बढ़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक हफ्ते में पेट्रोल, डीजल, जेट फ्यूल, नैफ्था और फ्यूल ऑयल की कीमतों में 18 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

ऐसे में जिन रिफाइनरों के पास कच्चे तेल के विविध स्रोत हैं, खासकर बड़ी एकीकृत कंपनियां और सरकारी तेल विपणन कंपनियां, उन्हें अधिक मुनाफा हो सकता है। अनुमान है कि अगर रिफाइनरों का ग्रॉस मार्जिन 1 से 1.5 डॉलर प्रति बैरल बढ़ता है, तो वर्ष 2026 में उनकी आय में 15 से 30 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट की अवधि ही आगे का सबसे बड़ा निर्णायक कारक होगी। फिलहाल भंडार और वैकल्पिक खरीद भारत के लिए सुरक्षा कवच बने हुए हैं, लेकिन अगर आपूर्ति में बाधा लंबी चली तो एशिया की ऊर्जा और औद्योगिक सप्लाई चेन पर दबाव और बढ़ सकता है।

**एमएसएमई क्रेडिट गारंटी योजना**

# उद्यमियों को 10 करोड़ तक का कोलेटेरल फ्री लोन

भारत सरकार का सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), पहली पीढ़ी के उद्यमियों को सशक्त बनाने और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीटीएमएसई) का लाभ दे रही है।




### बिना गिरवी रखे मिलता है ऋण

एमएसएमई मंत्रालय के अनुसार, यह पहल एमएसएमई को कोलेटेरल फ्री अर्थात कुछ गिरवी रखे बिना ऋणों के लिए महत्वपूर्ण क्रेडिट गारंटी सहायता प्रदान करती है। इसकी मदद से सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) पारंपरिक कोलेटरल यानी तीसरे पक्ष की गारंटी के बिना ही वित्तीय सहायता हासिल कर सकते हैं।

### छह करोड़ रोजगार होते हैं पैदा

सीजीटीएमएसई यानी क्रेडिट गारंटी के अन्तर्गत पात्र व्यवसाय 10 करोड़ रुपये तक के ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इस ऋण में 75 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक की गारंटी कवरेज होती है। हालांकि यह उद्यमी की प्रोफाइल और मूल्यांकन पर निर्भर करती है। यह योजना सभी सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) पर लागू होती है। मंत्रालय के अनुसार, देश में लगभग 2.6 करोड़ सूक्ष्म और लघु उद्यम हैं। इनके माध्यम से करीब छह करोड़ लोगों को रोजगार मिलता है।

### कब से लागू है योजना?

इस योजना के लिए मौजूदा और नए दोनों उद्यम कोलेटरल फ्री ऋण के लिए पात्र हैं। यह योजना औपचारिक रूप से 30 अगस्त 2000 को शुरू की गई थी और 1 जनवरी 2000 से लागू है। सरकार और सिडबी की ओर से क्रमशः 4:1 के अनुपात में सीजीटीएमएसई के कोष में योगदान किया जाता है।

### दस लाख करोड़ से अधिक के ऋण

मंत्रालय के अनुसार पहली जुलाई 2025 तक, 1.2 करोड़ से अधिक गारंटी के एवज में योजना के अंतर्गत 10,26,145 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इसमें सर्वाधिक ऋण महाराष्ट्र के लिए 1,26,521 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश (1,04,856 करोड़ रुपये) है। उसके बाद तीसरे नंबर पर गुजरात के लिए 85,160 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भूस्खलन में चार मजदूरों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर के नीति विहार में भूस्खलन के दौरान दीवार गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ईटानगर राजधानी क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक जुम्मार बासर ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में साइट पर काम कर रहे सात लोग मलबे के नीचे दब गए। यह घटना शाम करीब चार बजे उस वक्त हुई जब लगातार बारिश के कारण दीवार गिर गई, जिससे मलबे के नीचे मजदूर फंस गए। बचाव दल ने बाद में सातों मजदूरों को मलबे से बाहर निकाल लिया, उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया गया।

### अफगानिस्तान से बात करे पाकिस्तान

**बीजिंग।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष जारी रहने के बीच चीन ने सोमवार को दोनों पड़ोसी देशों से टकराव समाप्त करने के लिए सीधी बातचीत करने का आह्वान किया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां प्रेस वार्ता में बीजिंग के मध्यस्थता प्रयासों से संबंधित एक प्रश्न पर कहा कि चीन को उम्मीद है कि दोनों पक्ष संयम बरतेंगे, शीघ्र ही संघर्ष विराम तक पहुंचेंगे और संवाद के माध्यम से अपने मतभेदों का समाधान करेंगे। उन्होंने दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का आह्वान किया। पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच झड़पें तेज हो गईं।

### आईआईटी परिसर में घुसा मगरमच्छ

**मुंबई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई परिसर में सोमवार तड़के नौ फुट लंबा मगरमच्छ घुस आया और बाद में वन्यजीव विशेषज्ञों ने उसे पकड़ लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई के पवई इलाके स्थित आईआईटी परिसर में सुरक्षा कर्मचारियों ने मगरमच्छ को देखा और तुरंत वन विभाग के नियंत्रण कक्ष को सूचित किया। नजदीकी पोवाई झील मगरमच्छ ठिकाना है।

### सामाजिक मूल्यों को भी सुदृढ़ कर रहा संघ

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता रमेशचंद्र अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि संगठन ने पिछले वर्ष में उल्लेखनीय विस्तार किया है और दैनिक शाखाओं की संख्या लगभग 6,000 बढ़कर 88,000 से अधिक हो गई है, जबकि देशभर में गतिविधियों के आयोजन स्थलों की संख्या बढ़कर 55,000 से अधिक हो गई है।

# एपस्टीन लिंक : हाईकोर्ट पहुंचीं हरदीप पुरी की बेटी

- सोशल मीडिया सामग्री को हटाने के लिए दायर की याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी ने दोषी ठहराए गए अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ उनका नाम जोड़ने वाली झूठी और मानहानिकारक सोशल मीडिया सामग्री को हटाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। हिमायनी पुरी की ओर से दायर यह मुकदमा इस सप्ताह कोर्ट में सुनवाई के लिए आ सकता है।

अपने वाद में उन्होंने 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की है और कई संस्थाओं को मानहानिकारक सामग्री प्रसारित करने से रोकने का आदेश देने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि उन्हें एपस्टीन और उसके अपराधों से जोड़ने के लिए समन्वित और दुर्भावनापूर्ण ऑनलाइन अभियान चलाया गया। उन्होंने प्रतिवादी संस्थाओं से बिना शर्त माफी मांगने और सामग्री वापस लेने की भी मांग की है। याचिका के अनुसार, 22 फरवरी 2026 के आसपास से एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, लिंक्डइन तथा अन्य डिजिटल समाचार पोर्टलों पर झूठे, भ्रामक एवं मानहानिपरक पोस्ट, लेख, वीडियो आदि प्रसारित किए जा रहे हैं। हिमायनी पुरी ने कहा कि वह वित्त और निवेश क्षेत्र की पेशेवर हैं और उन्हें केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हैं।

## पर्यावरण पर भारी संकट

# अमेरिका-ईरान जंग

वर्तमान में मध्य पूर्व में जारी संघर्ष, विशेष रूप से ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने से निकलने वाला धुआं क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर रहा है। जब मिसाइल या हवाई हमले रिफाइनरियों और तेल के कुओं को निशाना बनाते हैं, तो वहां जमा लाखों बैरल कच्चा तेल और ईंधन अनियंत्रित तरीके से जलने लगता है। इस अपूर्ण दहन से निकलने वाला कालिख और जहरीली गैसें वायुमंडल की ऊपरी परतों में जमा हो जाती हैं। जब ये प्रदूषक बादल के कणों के साथ मिलते हैं, तो बारिश की बूंदें गहरे काले या भूरे रंग की हो जाती हैं, जिसे वैज्ञानिकों ने काली बारिश का नाम दिया है। इससे निकलने वाले घातक रसायन मानव जीवन को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि पर्यावरण के लिए भी भारी संकट पैदा करेंगे। इसको लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चेतावनी दी है।



**वैज्ञानिक दृष्टिकोण**

वैज्ञानिकों का कहना है कि तेल क्षेत्रों पर हमलों से पैदा हुआ धुआं स्थानीय नहीं रहता। यह वायुमंडलीय धाराओं के साथ हजारों किलोमीटर दूर तक जा सकता है।

### ज्वालामुखी भी पैदा करते हैं ऐसी स्थिति

- ज्वालामुखी विस्फोट : ज्वालामुखी की राख हवा में मिलकर बारिश को मिट्टी जैसा या काला बना सकती है। इसमें सल्फर डाइऑक्साइड की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो तीव्र अम्लीय वर्षा का कारण बनती है।
- अंतर : युद्ध के दौरान होने वाली काली बारिश सबसे अधिक खतरनाक मानी जाती है क्योंकि इसमें औद्योगिक रसायन और सिंथेटिक ईंधन के अवशेष भी शामिल होते हैं जो प्रकृति में जल्दी नष्ट नहीं होते।
- जंगल की आग : बड़े पैमाने पर जंगलों के जलने से निकलने वाली राख और कार्बन बारिश को गहरा रंग दे सकते हैं। हालांकि, इसमें पेट्रोलियम रिफाइनरी की तुलना में भारी धातुओं और जटिल हाइड्रोकार्बन की मात्रा कम होती है।

### घातक रसायन और प्रभाव

- पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन : यह तेल के जलने से उत्पन्न होने वाला सबसे खतरनाक पदार्थ है। यह सीधे डीएनए को नुकसान पहुँचा सकता है और कैंसर का मुख्य कारक है।
- पार्टिकुलेट मैटर : कालिख के ये सूक्ष्म कण फेफड़ों के गहराई तक जाकर रक्त प्रवाह में मिल जाते हैं, जिससे हृदय रोग और अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है।
- भारी धातुएं : कच्चे तेल में प्राकृतिक रूप से निकल और वैनेडियम जैसी धातुएं होती हैं। जलने के बाद ये वर्षा के माध्यम से जमीन पर आती हैं और खाद्य श्रृंखला को जहरीला बनाती हैं।
- सल्फर और नाइट्रोजन के ऑक्साइड : ये रसायन पानी के साथ मिलकर सल्फ्यूरिक और नाइट्रिक एसिड बनाते हैं। यह न केवल इमारतों और बुनियादी ढांचे को संक्षारित करते हैं, बल्कि त्वचा पर केमिकल बर्न भी पैदा कर सकते हैं। ● बेंजीन और टोल्यूनि : ये वाष्पशील कार्बनिक यौगिक हवा और बारिश दोनों में मौजूद होते हैं और तंत्रिका तंत्र पर बुरा असर डालते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र के निर्देश

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नागरिक बुनियादी ढांचे और तेल क्षेत्रों पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन हो सकते हैं यदि वे व्यापक पर्यावरणीय क्षति का कारण बनते हैं। ● यूएनईपी का रुख : यूएनईपी ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल 'पर्यावरणीय मूल्यांकन' की आवश्यकता जताई है।
- सुरक्षा निर्देश : संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्थानीय आबादी को सलाह दी है कि बारिश के संपर्क में आने से बचें और यदि संभव हो तो घर के अंदर ही रहें। घर से बाहर निकलते समय उच्च गुणवत्ता वाले एन 95 मास्क का उपयोग करें। सतही जल या खुले जलाशयों के पानी को पीने के लिए इस्तेमाल न करें, क्योंकि वे प्रदूषित हो चुके हैं।

# राज्यसभा में एलपीजी को लेकर हंगामा, खरगे बोले सरकार दोषी

## केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर लगाया देशभर में अराजकता फैलाने का आरोप

- सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हुई तीखी बहस

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में सोमवार को देश में एलपीजी संकट के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संकट के लिए सरकार की अग्रिम योजना की कमी को जिम्मेदार ठहराया, जबकि केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर देश में अराजकता फैलाने और राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया।



एलपीजी संकट के विरोध में संसद भवन पर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, प्रदर्शन में पार्टी के सांसद हिबी ईडन, प्रशांत पाडोले आदि भी मौजूद थे।

शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति पर असर पड़ा है और इसका प्रभाव देशभर में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस संकट का सबसे अधिक असर गरीब और कमजोर वर्गों, मध्यम वर्ग, सामान्य परिवारों, रेस्तरां, छात्रावासों तथा व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। खरगे ने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें से करीब 90 प्रतिशत आयात होर्मुज की खाड़ी के रास्ते होता है। ऐसे में मौजूदा स्थिति घरेलू उपलब्धता और कीमतों की स्थिरता दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एलपीजी संकट का असर देश के लगभग हर हिस्से में महसूस किया जा रहा है और घरेलू उपभोक्ता काफी परेशान हैं। छोटे ढाबों, रेस्तरां, छात्रावासों और सामुदायिक रसोई तक इस संकट से प्रभावित हैं। उन्होंने दावा किया कि कई स्थानों पर एलपीजी सिलेंडर 5,000 रुपये से अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में एलपीजी की कमी से इनकार करते हुए लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की थी, लेकिन जमीनी स्थिति इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार को पता था कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री मार्ग प्रभावित हो सकते हैं, तो उसे पहले से वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी। खरगे ने कहा कि यदि एलपीजी आयात के लिए पहले से वैकल्पिक उपाय किए गए होते तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। खरगे ने यह भी कहा कि अब एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए प्रतीक्षा अवधि बढ़ गई है। उनके अनुसार, शहरों में यह अवधि करीब 25 दिन और ग्रामीण व दूरदराज के इलाकों में लगभग 45 दिन तक पहुंच गई है, जिससे घबराहट में बुकिंग और जमाखोरी की आशंका बढ़ रही है।

### संकट में भी विपक्ष कर रहा राजनीति

नड्डा ने कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है, लेकिन इसके बावजूद विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, संकट के समय भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का एक नेता एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी करते हुए भी पकड़ा गया है। उन्होंने कहा, "वे लोगों को उकसा रहे हैं और देश के शांतिप्रिय नागरिकों को भड़का रहे हैं। संकट के समय देश के साथ खड़े होने के बजाय वे अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जो निंदनीय है।

## रूसियों को ग्रीन कार्ड लॉटरी में रखेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका वीजा नियमों को सख्त करने के बावजूद रूसी नागरिकों को ग्रीन कार्ड लॉटरी से बाहर नहीं रखेगा। अमेरिकी अधिवक्ता एलिज़ाबेथ क्रुकोवा ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी आवेदकों के लिए सामान्य नियमों को सख्त करने के बावजूद रूसी नागरिकों को ग्रीन कार्ड लॉटरी से बाहर नहीं करेंगे। जहां तक इस बात का सवाल है कि किन देशों के नागरिकों को इसमें हिस्सा लेने से बाहर किया जा सकता है, तो ऐतिहासिक रूप से यह इस बात पर निर्भर करता रहा है कि किसी खास देश या क्षेत्र से पहले से ही कितने प्रवासी आ रहे हैं। जब तक डेटा यह न दिखाए कि बहुत ज्यादा संख्या में रूसी प्रवास कर रहे हैं, तब तक रूसियों को बाहर करने का कोई आधार नज़र नहीं आता।

# छात्रवृत्ति घोटाले में पांच राज्यों के अधिकारियों पर मामला दर्ज

- सीबीआई ने की 11.4 करोड़ से अधिक की हेराफेरी में कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिव्यांग छात्रों के लिए निर्धारित छात्रवृत्ति निधि से कथित तौर पर 11.4 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी के मामले में फर्जी संस्थानों और छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि सीबीआई ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर में अज्ञात लोकसेवकों और नोडल अधिकारियों के खिलाफ अंब्रेला छात्रवृत्ति योजना से धन की हेराफेरी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। यह योजना 2018 में दिव्यांग छात्रों के लिए मैट्रिक उपरांत छात्रवृत्ति सहित छह छात्रवृत्ति योजनाओं के विलय के बाद शुरू की गई थी। इस योजना के तहत छात्रवृत्ति 11 और 12वीं कक्षा के छात्रों के साथ-साथ मैट्रिक के बाद डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्रों को मुहैया कराई जाती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री और डिप्लोमा तथा स्नातकोत्तर डिग्री और डिप्लोमा प्राप्त करने वाले छात्रों को भी इस छात्रवृत्ति का लाभ मिलता है। सीबीआई ने पिछले साल केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सचिव की शिकायत पर जांच शुरू की थी।

## 176 विमानों में नहीं है फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि विभिन्न विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 176 विमानों में फ्लाइट डेटा या कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर नहीं हैं। नियमों के अनुसार, 5,700 किलोग्राम से कम भार वाले विमानों के लिए अनिवार्य रूप से कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) आवश्यक है, बशर्ते उन्हें एक जनवरी, 2016 के बाद उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ हो। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि एक जनवरी, 2016 से पहले कुल 2,263 विमान पंजीकृत किए गए थे और उन्हें उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र जारी किए गए थे। मोहोल ने कहा कि विभिन्न परिचालकों द्वारा संचालित 176 विमान ऐसे हैं जिनमें फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर या कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर नहीं लगे हैं। उनसे सवाल किया गया था कि क्या सरकार के पास बिना कॉकपिट वॉयस और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर वाले विमानों की संख्या के आंकड़े हैं? पिछले महीने झारखंड में दुर्घटनाग्रस्त हुए करीब 40 साल पुराने बीचक्राफ्ट सी90ए विमान में कॉकपिट वॉयस या फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर नहीं था। उस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई थी।

# होर्मुज से रास्ता देने के लिए ईरान से पूर्व समझौता नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- विदेशमंत्री जयशंकर बोले-जहाज की आवाजाही एक अलग घटना

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई पूर्व निर्धारित समझौता नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली और तेहरान के बीच हुई बातचीत के परिणामस्वरूप भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं।

ब्रसेल्स में दिए गए साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि मैं इस समय ईरान बातचीत कर रहा हूं और कुछ परिणाम निकले हैं। यह प्रक्रिया जारी है। अगर इससे परिणाम मिल रहा है, तो मैं स्वाभाविक रूप से आगे भी जारी रखूंगा। ईरान द्वारा फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित एक संकरे समुद्री परिवहन मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। वैश्विक तेल और एलएनजी का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इस मार्ग से होकर गुजरता है। पश्चिम एशिया क्षेत्र भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत है। जयशंकर ने इस बात से भी इनकार किया कि भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों को गुजरने देने के बदले में ईरान को कुछ दिया था।

## पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास सेना के जवान की मौत

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर ड्यूटी के दौरान सेना के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नायक तिलक सिंह कृष्णा घाटी सेक्टर के अग्रिम नांगी तकरी क्षेत्र में तैनात थे। सेना के 'व्हाइट नाइट कोर' ने जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, व्हाइट नाइट कोर वीर नायक तिलक सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। सिंह 15 मार्च को कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर ड्यूटी करते समय बेहोश पाए गए थे। तत्काल चिकित्सा सहायता के बावजूद, वीर सैनिक को बचाया नहीं जा सका, उन्होंने कर्तव्य की राह में सर्वोच्च बलिदान दिया। पोस्ट में कहा गया, उनका साहस सेना की उत्कृष्ट परंपराओं का उदाहरण है।

# निर्वाचन आयोग ने बंगाल के शीर्ष अधिकारियों को हटाया

- हटाए जाने वाले अफसरों में मुख्य सचिव व डीजीपी भी

कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के प्रशासनिक इतिहास में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को हटा दिया, जिनमें मुख्य सचिव और डीजीपी भी शामिल हैं। आयोग ने पूर्व में अलग-अलग मामलों में बंगाल के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है, लेकिन कभी भी मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजपी, कोलकाता पुलिस आयुक्त और एडीजी (कानून व्यवस्था) को एक साथ स्थानांतरित नहीं किया गया।

विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा रविवार को होने के कुछ घंटों बाद ही इस प्रशासनिक फेरबदल का फैसला लिया गया। रविवार देर शाम जारी आयोग के पहले आदेश के तहत राज्य के दो शीर्ष नौकरशाहों, मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को हटा दिया गया। इसके बाद 16 मार्च के एक अन्य आदेश में राज्य के डीजीपी पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को भी पद से हटा दिया गया।

आयोग ने उत्तर बंगाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला को राज्य का मुख्य सचिव नियुक्त किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव संघमित्रा घोष को गृह सचिव नियुक्त करने का आदेश दिया। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी नियुक्त किया और अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस का नया आयुक्त बनाया।

## तकनीकी खामी से विमान को आयरलैंड मोड़ा

**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के ए350 विमान को संदिग्ध तकनीकी खराबी के कारण सोमवार सुबह आयरलैंड के शैनन की ओर मोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार, विमान में लगभग 300 लोग सवार थे और यह शैनन की ओर मोड़े जाने से पहले लगभग छह घंटे तक हवा में रहा। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 15 मार्च को न्यूयॉर्क (जेएफके) से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली उड़ान एआई 102 को संदिग्ध तकनीकी खराबी के बाद एहतियात के तौर पर शैनन, आयरलैंड की ओर मोड़ दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे शैनन हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गया और सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। तय सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान की विस्तृत तकनीकी जांच की जा रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपका मन अत्यंत शांत रहेगा। बच्चे घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ समय बितायेंगे। आपको नए कार्यों से जुड़ना पड़ सकता है।

**वृष** — आज परिवार में आपके अधिकार बढ़ेंगे। कार्यकुशलता के कारण कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** — आज दूसरों की कमियों पर अधिक ध्यान न दें। धर्म-कर्म में आप रुचि लेंगे। महिला जातकों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कर्क** — आज आपको अपना मन शांत रखने की आवश्यकता है। आईटी के क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा महत्वपूर्ण कार्य मिल सकता है।

**सिंह** — आज जॉब में आपके उत्तरदायित्व बढ़ेगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। परिजन आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में विरोधियों की बढ़ोत्तरी होगी। अटके हुए कार्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी से अपने मन की बातें अवश्य शेयर करें।

**तुला** — आज बेवजह क्रोध के कारण आपको कठिनाई झेलनी पड़ेगी। संपत्ति में निवेश करने वालों को अच्छी डील मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आज कारोबार में भाई-बहनों की सहायता लेनी पड़ सकती है। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से आपके काम हो जायेंगे। दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं।


**मकर** — आज आप बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन अवश्य लें। बैंकिंग और फाइनेंस से जुड़े लोग कार्यक्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले हैं।

**कुंभ** — आज विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। पारिवारिक कलह से छुटकारा मिलेगा। तनाव से बचने के लिये अच्छी नींद अवश्य लें।

**मीन** — आज आपको उधार वापस लौटाना पड़ सकता है। जिसके कारण आपके कुछ काम रुक भी सकते हैं। शरीर में एलर्जी की समस्या हो सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 17 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 09.23 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- शतभिषा 18 मार्च 06.09 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

### सुडोकू - 90 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |

### सुडोकू -91

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | 1 | | 4 | | |
| | 8 | | | | 9 | | 5 | |
| 4 | | | 2 | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| | | | 8 | | 5 | | 1 | 7 |
| | 6 | | 7 | | | 8 | | |
| | | 3 | | 5 | | | | 4 |
| | 9 | | | | | 6 | | |

## साइनाइड से हमले की धमकी से फैली आफिस में सनसनी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक सरकारी कार्यालय को सोमवार को सायनाइड गैस सिलेंडर से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। हालांकि पुलिस जांच में यह धमकी झूठी निकली। नाप तौल विभाग के कार्यालय अधीक्षक श्यामू सोलंकी ने बताया कि सुबह पूर्वाह्न 10 बजकर 20 मिनट पर ईमेल चेक करते समय एक संदेश मिला, जिसमें दावा किया गया था कि विभाग के दफ्तर में सायनाइड गैस से भरे 16 सिलेंडर रखे गए हैं और वे दोपहर एक बजे फट जाएंगे।

**समारोह** | जॉर्डन बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जेसी बकले घोषित की गईं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

# फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर का ऑस्कर पुरस्कारों में दबदबा

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

अकादमी पुरस्कार समारोह के 98वें संस्करण में फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर ने सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर अपना दबदबा कायम रखा, जबकि माइकल बी. जॉर्डन और जेसी बकले को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

निर्देशक एंडरसन की तीन घंटे लंबी फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता (शॉन पेन), सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा, सर्वश्रेष्ठ संपादन और सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग सहित कुल छह ऑस्कर पुरस्कार मिले। रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' ने भी चार पुरस्कार जीते। माइकल बी. जॉर्डन को इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि फिल्म को सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा, सर्वश्रेष्ठ मौलिक संगीत और सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी के पुरस्कार भी मिले। इस फिल्म को कुल 16 नामांकन मिले थे, जो अब तक का रिकॉर्ड है। फिल्म हैमनेट में अभिनय के लिए जेसी बकले को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। फिल्म 'वेपन्स' में भूमिका के लिए एमी मैडिगन को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। फ्रैंकनस्टीन को सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा डिजाइन, सर्वश्रेष्ठ मेकअप और हेयरस्टाइल तथा सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन के पुरस्कार मिले। अवतारः फायर एंड ऐश को सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव और रेसिंग ड्रामा एफ1 को सर्वश्रेष्ठ ध्वनि का पुरस्कार मिला।






### ऑस्कर के मंच पर नजर आईं प्रियंका चोपड़ा

लॉस एंजिलिस। फिल्म जगत के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में एक ऑस्कर के मंच पर भारत को एक संक्षिप्त, शानदार क्षण का अनुभव तब हुआ जब प्रियंका चोपड़ा जोनस ने सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया। प्रियंका के साथ जेवियर बार्डेम भी थे। भारतीय-अमेरिकी फिल्म निर्माता गीता गांधबीर दो श्रेणियों में नामांकित होने के बावजूद पुरस्कार हासिल करने में विफल रहीं।



मुझे लगता है कि हार्दिक पंड्या को अपना असली वाला रूप दिखाना होगा। उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। जब वह अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना शुरू करेंगे – ना केवल एक बल्लेबाज के तौर पर बल्कि एक गेंदबाज के तौर पर भी तो इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा।

-हरभजन सिंह

## हाईलाइट

### भारत के उभरते खेल स्टार्टअप परिदृश्य पर रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली।** ऐसे समय में जबकि भारत 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों सहित कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने जा रहा है तब इसी को ध्यान में रखते हुए खेल सचिव हरि रंजन राव ने सोमवार को यहां भारत का खेल स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र : वर्तमान स्थिति और उभरते रास्ते शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट 'एसोसिएशन फॉर स्पोर्ट्स इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स' (एएसआईपी) ने 'इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी,' गाजियाबाद के सहयोग से तैयार की है। इस रिपोर्ट में भारत के खेल स्टार्टअप की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। रंजन राव ने कहा भारत के खेल उद्योग को अनुसंधान और सहयोग के माध्यम से मजबूत करने के लिए एएसआईपी के प्रयासों को देखकर मुझे प्रोत्साहन मिला है।

### एफआईएच हॉकी नेशंन कप में भाग लेगी महिला हॉकी टीम

**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप की शुरूआत 2021 में हुई थी जो हॉकी प्रो लीग से बाहर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजयी टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में जगह मिलती है। भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में आखिरी स्थान पर रहने के बाद प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। पुरुषों का टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जायेगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक होगा।

### मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के लिए शुरू किया अभ्यास

**मुंबई।** पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने सोमवार को 28 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए अभ्यास शुरू कर दिया। अभ्यास के लिए पहुंचने वाले पहले समूह में शार्दुल ठाकुर, मयंक मार्कंडेय, अल्लाह गजांफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्वनी कुमार शामिल थे। रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और कप्तान हार्दिक पंड्या आने वाले दिनों में शिविर में जुड़ेंगे। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा सत्र के पूर्व शिविर में पहला दिन हमेशा खास होता है। मुंबई को पहला मैच 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम पर कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलना है।

### एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने कहा - ईरान विश्व कप खेलेगा

**कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ के महासचिव विंडसन जॉन ने कहा है कि ईरान जून में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में भाग लेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के जवाब में ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा था कि उसे विश्व कप से कोई बाहर नहीं रख सकता। सोमवार को जॉन ने कहा कि महासंघ ने ऐसा कुछ नहीं सुना है जिससे यह आशय निकाला जाये कि ईरान विश्व कप नहीं खेलेगा। उन्होंने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा वे हमारे सदस्य हैं और हम चाहते हैं कि वे खेलें। जहां तक मुझे पता है, ईरान खेल रहा है।

### यदि मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ देता है तो मुझे खुशी होगी : दिलीप टिर्की

**कोलकाता।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने सोमवार को कहा कि अगर मनप्रीत सिंह उनके 412 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के रिकॉर्ड को तोड़ देते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी। टिर्की ने रेवस्पोर्ट्ज़ ट्रेलब्लेज़र्स 4.0 के एक सत्र के दौरान कहा अगर मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ता है तो मुझे बहुत खुशी होगी। रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं। मनप्रीत ने अभी तक 411 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और उन्हें सबसे पहले 400 से अधिक मैच खेलने वाले टिर्की से आगे निकलने के लिए केवल दो मैच की जरूरत है।



# टेस्ट खेलना चाहूंगा, लेकिन हाथ सेट है टी-20 में : सूर्यकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी-20 उनकी ताकत है क्योंकि उसमें उनका हाथ सेट हो गया है।

सूर्यकुमार पीटीआई के साथ एक विशेष पॉडकास्ट साक्षात्कार में कभी-कभी मुंबई की आकर्षक हिंदी का उपयोग करते हुए नजर आए जैसे कि हाथ सेट हो गया है जिसका अंग्रेजी में कोई सटीक अनुवाद नहीं है। सरल शब्दों में कहें तो उनका मतलब था कि वह अब क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के उस्ताद बन चुके हैं और इसे खेलने में सहज महसूस करते हैं। एक घंटे की बातचीत के दौरान सूर्यकुमार काफी सहज नजर आए और वह भारत को विश्व कप में शानदार सफलता दिलाने के बाद स्पष्ट रूप से बेहद खुश थे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट न खेलने की अपनी निराशा के बारे में खुलकर बात की। सूर्यकुमार ने इस साक्षात्कार के दौरान अपनी चिर परिचित मुस्कान के साथ याद दिलाया कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेला था जिसमें वह केवल एक पारी खेल पाए थे।

सूर्यकुमार ने कहा आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल

**● टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान ने एक घंटे की बातचीत में खोले दिल के राज**

गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द-गिर्द ही घूमता है।

उन्होंने कहा धीरे-धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस प्रारूप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया। भारतीय कप्तान ने कहा टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं। सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि अगर उन्हें मौका मिले तो क्या वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहेंगे? उन्होंने बिना किसी लाग लपेट के जवाब दिया मुझे बहुत खुशी होगी, क्योंकि जैसा कि मैंने बताया कि मैंने 2010-11 से 2020 तक लाल गेंद से काफी क्रिकेट खेली है। दस साल तक लाल गेंद से खेलना बहुत लंबा समय होता है। मुझे इस प्रारूप से बेहद लगाव था। स्वाभाविक है कि अगर मौका मिले तो फिर कौन टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना चाहेगा। फिर भी 35 साल की उम्र में सूर्यकुमार के लिए टेस्ट टीम में जगह बनाना लगभग असंभव है। टेस्ट में उनका एकमात्र अनुभव 2023 में नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया मैच था, जब उन्होंने एक पारी में आठ रन बनाए थे। उसी साल उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के फाइनल में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने 18 रन बनाए। भारत फाइनल हार गया और सूर्यकुमार उसके बाद इस प्रारूप में कभी नहीं खेल पाए।

सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि ऐसे ही समय में जब टी20 कम समय में प्रशंसकों को अधिक रोमांचित करता है और टेस्ट क्रिकेट उन्हें पारंपरिक संतुष्टि देता है तो क्या वनडे का कोई भविष्य है, उन्होंने कूटनीतिक रुख अपनाते हुए इस प्रारूप को बहुत अधिक खारिज किए बिना उसको उचित सम्मान दिया।

# सिनर और सबालेंका ने पहली बार जीता इंडियन वेल्स खिताब

## फाइनल में यानिक सिनर ने दानिल मेदवेदेव और एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को हराया

इंडियन वेल्स, एजेंसी





इंडियन वेल्स सिंगल्स खिताब के साथ यानिक सिनर व एरिना सबालेंका।

यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाये बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी।

महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

**सिनर ने फेडरर और जोकोविच की बराबरी की :** इंडियन वेल्स फाइनल में दानिल मेदवेदेव पर जीत के साथ हार्ड-कोर्ट ट्रॉफियों का पूरा सेट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद यानिक सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने कैलिफोर्निया की तेज गर्मी में, दो घंटे से कुछ कम समय तक चले मैच में, शानदार वापसी करने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव को 7-6 (8-6), 7-6 (7-4) से हराया।

बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सिनर ने दोनों हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम जीते हैं। 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 में यूएस ओपन में जीत हासिल की है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर सभी छह मास्टर्स 1,000 खिताब भी जीते हैं। मियामी, टोरंटो, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस में मिली जीत के साथ इंडियन वेल्स का खिताब भी अपने नाम किया है। और साथ ही सीज़न के आखिर में होने वाले एटीपी फाइनल्स भी जीते हैं। यह उपलब्धि केवल नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर ने ही हासिल की है। सिनर ने कहा मुझे पता था कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे मैंने अभी तक नहीं जीता है, इसलिए मैं इसकी तैयारी सबसे अच्छे तरीके से करना चाहता था, जितना हो सके पेशेवर तरीके से। सिनर ने कहा, अब यह उपलब्धि हासिल करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अब मेरे पास आराम करने के लिए कुछ दिन हैं - यहाँ और मियामी के बीच ज्यादा समय नहीं है।

**पूरा सप्ताह बहुत लकी रहा :** सगाई करना, चैंपियनशिप पॉइंट बचाना और लंबे समय से इंतजार किए जा रहे इंडियन वेल्स का खिताब जीतना - यह एक ऐसा हफ्ता रहा जिसे दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका पूरी ज़िंदगी याद रखेंगी। सबालेंका ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल में एलेना रिबाकिना के हाथों मिली हार के बुरे अनुभवों को पीछे छोड़ते हुए, कजाख खिलाड़ी पर जीत हासिल की। कैलिफ़ोर्निया की चिलचिलाती धूप में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को अपनी पूरी ताक़त लगाने पर मजबूर कर दिया, जब तक कि सबालेंका ने टाई-ब्रेक में बाज़ी नहीं मार ली - जिसमें एक ज़ोरदार बैकहैंड विनर के साथ चैंपियनशिप पॉइंट बचाना भी शामिल था। सर्विस विनर के साथ जीत पक्की करने के बाद, सबालेंका ने अपना सिर बर्फ़ से भरे कूलर में डुबोकर जीत का जश्न मनाया। बेलारूस की सबालेंका ने कहा क्या सप्ताह रहा। एक पपी मिला, सगाई हुई और एक खिताब जीता - मैं इसे निश्चित रूप से अपनी पूरी ज़िंदगी याद रखूंगी। यह सचमुच टेनिस का स्वर्ग है।

## बरसों से मेरी ख्वाहिश थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा रहे और अब आ गया वह समय : मिताली

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारत के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरुष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। पिछले कुछ साल में भारतीय पुरुष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता। जूनियर स्तर पर अंडर 19 टीमों ने भी विश्व खिताब जीते हैं। मिताली ने बीसीसीआई नमन पुरस्कारों के दौरान कहा मैं बरसों से चाहती थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा हो और अब वह समय आ गया है। उन्होंने कहा पिछले दो तीन साल में भारतीय क्रिकेट महिला, पुरुष या अंडर 19 लड़के और लड़कियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। एक पूर्व क्रिकेटर होने के नाते भारतीय क्रिकेट की प्रगति होते देखकर गर्व महसूस होता है। मिताली, पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ और रोजर बिन्नी को बीसीसीआई पुरस्कार समारोह में रविवार को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। उन्होंने भारतीय क्रिकेट, खासकर महिला क्रिकेट के कायाकल्प का श्रेय बीसीसीआई के पूर्व सचिव और आईसीसी के मौजूदा अध्यक्ष जय शाह को दिया। मैने महिला क्रिकेट में बदलाव को देखा है और मैं बीसीसीआई और जय सर के सहयोग का जिक्र करना चाहूंगी। पिछले चार पांच साल में भारतीय महिला क्रिकेट में भारी बदलाव आया है और यह एक व्यक्ति के कारण हुआ है। मिताली ने कहा वैश्विक स्तर पर इसके लिये उनका विजन और प्रतिबद्धता। उन्होंने महिला क्रिकेट के विकास के लिये काफी प्रयास किए हैं। बीसीसीआई में शाह के कार्यकाल में महिला और पुरूष क्रिकेटरों की समान मैच फीस की शुरूआत हुई और पूरी तरह से पेशेवर महिला प्रीमियर लीग भी शुरू हुई। मिताली ने यह भी कहा कि अपने कैरियर में उन्होंने सचिन तेंदुलकर और द्रविड़ से काफी प्रेरणा ली। महिला क्रिकेट का अपना सफर रहा है लेकिन हमने पुरूष क्रिकेटरों से काफी प्रेरणा ली। मैने राहुल और सचिन से काफी कुछ सीखा। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे बिन्नी ने कहा मैं खुशकिस्मत हूं कि भारत के लिये खेलने का मौका मिला।



# एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए हरी झंडी

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक सरकार ने सोमवार को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों की मेजबानी करने की औपचारिक मंजूरी दे दी।

इसके साथ ही इस स्टेडियम में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर पिछले लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता भी समाप्त हो गई।

**● पिछले साल भगदड़ के दौरान चली गई थी 11 लोगों की जान**

पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद यहां आयोजित किए गए समारोह के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर की अध्यक्षता में राज्य सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति तथा केएससीए, आरसीबी और उनकी प्रबंधन कंपनी डीएनए के प्रतिनिधियों के बीच बैठक के बाद कर्नाटक सरकार ने औपचारिक मंजूरी दी। केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा बैठक में विशेषज्ञ समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में की गई तैयारियों और उपायों के संबंध में रिपोर्ट पेश की। समिति की सिफारिश के आधार पर गृहमंत्री ने स्टेडियम में आईपीएल के आयोजन के लिए मंजूरी दे दी है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते सैमसन।

# अब धोनी से गुर सीखने को उत्सुक संजू

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

भारत की टी-20 विश्व कप विजेता टीम के नायक संजू सैमसन ने सोमवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से खेलते हुए पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से कुछ गुर सीखने के लिए उत्साहित हैं।

सैमसन ने आईपीएल में अपने अधिकतर मैच राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेले हैं लेकिन अब वह सीएसके से जुड़ गए हैं। यह दोनों टीम जब 30 मार्च को गुवाहाटी में आमने-सामने होंगी तो सैमसन चेन्नई की जर्सी में नजर आएंगे।

**● आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने से मिलेगा माही से बात करने का मौका**

सैमसन ने पत्रकारों से कहा, मैंने माही भाई (धोनी) से फोन पर बात की है लेकिन उनके साथ एक टीम का हिस्सा बनना और उनके साथ खेलना शानदार होगा। मैं इसे उनसे सीखने के अवसर के रूप में देखता हूं। राजस्थान रॉयल्स का यह घरेलू मैच होगा और 31 वर्षीय सैमसन ने कहा कि वह इस मैच में खुद पर भावनाओं को हावी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा मैं सीएसके की तरफ से खेलने को लेकर उत्साहित हूं। यह पहला अवसर होगा जब मैं राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलूंगा, लेकिन मैं मैदान पर भावनाओं को हावी नहीं होने देता। मैंने राजस्थान रॉयल्स इसलिए छोड़ी क्योंकि मुझे लगा कि टीम में मेरा समय खत्म हो गया है। मैं उनके खिलाफ भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। सैमसन ने कहा कि विश्व कप से पहले अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण उन्हें आत्ममंथन करने का मौका मिला। विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए सैमसन ने कहा मैं अच्छा खेला।

**मंथन** | भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के स्वर्ण जयंती समारोह में आईओए की अध्यक्ष ने खेलों के सुधार पर दिया जोर

# खिलाड़ियों पर केंद्रित नीतियां जरूरी : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि भारत में खेल प्रशासन के लिए नीतियां ऐसी होनी चाहिए कि निर्णय लेने में खिलाड़ियों को केंद्र में रखा जाए।

भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) के स्वर्ण जयंती समारोह के तीसरे दिन उषा ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रशासकों और खेल ईकाइयों की सर्वोपरि प्राथमिकता खिलाड़ियों की तैयारी, कल्याण और विकास रहे।

उन्होंने रविवार को खेल पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय खेलों के भविष्य की दिशा खिलाड़ियों को केंद्र में रखने वाले खेल प्रशासन से तय होनी चाहिए। उनकी तैयारी, कल्याण और विकास हमारी सर्वोपरि प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत इस समय खेलों के अपने सफर के अहम पड़ाव पर है और बेहतर बुनियादी ढांचे, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, मजबूत संस्थागत सहयोग के साथ खिलाड़ी विश्व स्तर पर आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं।

उषा ने कहा पिछले एक दशक में हमने बदलाव देखा है जिस तरह से खेल को सहयोग और उत्साहवर्धन मिल रहा है। खिलाड़ियों के पास आज बेहतर बुनियादी ढांचा, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और मजबूत संस्थागत सहयोग है। उन्होंने कहा भारतीय खेलों की असल शक्ति जमीनी स्तर पर है। गांवों में, कस्बों में और स्कूलों में जहां युवा प्रतिभायें तलाशे जाने का इंतजार कर रही है। हम अगर कोचिंग, ढांचे और प्रतिभा तलाशने में यूं ही निवेश करते रहेंगे तो भारत से विश्व स्तरीय खिलाड़ी लगातार निकलते रहेंगे।

वहीं सम्मेलन में परिचर्चा के दौरान आईओए सीईओ रघुराम अय्यर ने कहा कि भारत खेलों के सफर के अहम पड़ाव पर है और बढती आकांक्षाओं, निवेश और भागीदारी से एक मजबूत खेल राष्ट्र के रूप में उसका भविष्य गढा जा रहा है।

### लंबे समय की प्लानिंग की जरूरत : जय शाह

**नई दिल्ली।** भारत के खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की अपील करते हुए, आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने रविवार को स्टेकहोल्डर्स से 2030-2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की, और फ़ेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर ज़ोर दिया। शाह इंडिया हैबिटेट सेंटर में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एसजेएफआई) नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। कॉन्क्लेव को दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने होस्ट किया था।

